# Commercial Engineers & Body Builders Co. Limited

CEBBCO
...bodies in motion ...

AN ISO/TS 16949:2009 Company
CIN-L24231UP1979PLC004837

Regd. Office : 84/105-A, G.T. Road, Kanpur Mahanagar, Kanpur - 208003 (U.P.) INDIA Email Id – cs@cebbco.com
Head Office : 48, Vandana Vihaar, Narmada Road, Gorakhpur, Jabalpur (M.P.) Website – www.cebbco.com

01.08.2019

To,

The Secretary,
Bombay Stock Exchange Limited,
25th Floor, P J Towers,
Dalal Street,
**MUMBAI – 400 001**
**Fax No.022 2272 2061/022 2272 2041**

The Secretary
National Stock Exchange of India Ltd
Exchange Plaza, 5th Floor, Plot No C/1 G Block, Bandra Kurla Complex, Bandra (East)
**Mumbai 400051**
**Fax No. 022-2659 8237/38, 66418124/25/26**

**Sub:- Publication of Notice / Intimation of Closure of Trading Window**

Ref :- Scrip Code 533272 NSE :- CEBBCO

Dear Sir / Madam,

We have published the intimation regarding notice of Board Meeting and Closure of Trading window in Rashtriya Sahara and Financial Express Newspaper (Kanpur, U.P.) on 01.08.2019

Please find enclosed herewith a copy of the paper cutting of the same.

This for your intimation and record

**For COMMERCIAL ENGINEERS AND BODY BUILDERS CO. LIMITED**

Amit K Jain
Company Secretary

सरकारी आवासों से अवैध कब्जे हटाना अब आसान पेज-10



सभी को है हैप्पीनेस की जरूरत : गोगोई पेज-13

*कैफ कॉफी डे के संस्थापक वीजी सिद्धार्थ ने पुल से नदी में कूदकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। इतने बड़े सफल और अमीर आदमी ने आत्महत्या कर ली जबकि हम सामान्य लोग जीवन में संघर्ष करते हुए भी ऐसा करने की नहीं सोचते।*
*-तस्लीमा नसरीन* @taslimanasreen

ग्राहक की धार्मिक कट्टरता के आगे नहीं झुका जोमैटो पेज-15

नगर संस्करण

www.facebook.com\rashtriyasahara | https://twitter.com/SaharaRashtriya | www..rashtriyasahara.com



अनुष्का ने फिल्मों से ब्रेक लेने की बताई वजह

पेज-16

राष्ट्रीय सहारा

राष्ट्रीयता ■ कर्तव्य ■ समर्पण

■ कानपुर ■ नई दिल्ली ■ लखनऊ ■ गोरखपुर ■ पटना ■ देहरादून ■ वाराणसी से प्रकाशित

कानपुर

बृहस्पतिवार ● 1 अगस्त ● 2019

पृष्ठ 16 , मूल्य ₹ 2.00

सराफा | दिल्ली सोना (प्रति 10 ग्राम) ₹ 35,780 | चांदी (प्रति किलो) ₹ 42,120 | शेयर | सेंसेक्स 37,481.12 + 83.88 | निफ्टी 11,118.00 + 32.60 | विनिमय दर ₹/$ 68.79 + 0.06 | मौसम (कानपुर) तापमान अधिकतम 32.8° | न्यूनतम 26°

# CBI ने सेंगर पर दर्ज किया केस

## उन्नाव रेप पीड़िता दुर्घटना

■ नई दिल्ली (एसएनबी)।

सीबीआई ने उन्नाव बलात्कार पीड़िता के सड़क दुर्घटना मामले में भाजपा विधायक कुलदीप सिंह सेंगर और नौ अन्य के खिलाफ हत्या के आरोपों के तहत मामला दर्ज किया है। सुरक्षा में तैनात पुलिस अधिकारियों से भी सीबीआई पूछताछ करेगी और इस रहस्य से पर्दा उठाने की कोशिश करेगी कि घटना वाले दिन पीड़िता के साथ तैनात पुलिस क्यों नहीं थी।



**सेंगर के अलावा नौ और लोगों पर हत्या का मामला दर्ज**

**प्राथमिकी दर्ज करने के बाद गुरुबख्शगंज इलाके में पहुंची सीबीआई टीम**

**सुरक्षा में तैनात पुलिस अधिकारियों से भी होगी सीबीआई पूछताछ**

सीबीआई के अनुसार मामले की जांच करने के लिए एजेंसी की तरफ से गठित विशेष टीम रायबरेली जिले के गुरबख्शगंज इलाके में घटना स्थल पर पहुंची। सीबीआई प्रवक्ता आर गौड़ ने यहां बताया कि मामले के त्वरित जांच के लिए सीबीआई ने एक टीम का गठन किया है। टीम ने अपराध स्थल, मारुति स्विफ्ट कार को टक्कर मारने वाले ट्रक का निरीक्षण किया।

दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर सबसे पहले पहुंचे पुलिस अधिकारियों से भी सीबीआई की टीम ने बातचीत की। सूत्रों ने बताया कि टीम महिला की सुरक्षा में तैनात पुलिस अधिकारियों से भी बातचीत करेगी और उनसे पूछेगी कि रविवार को वे पीड़िता के साथ क्यों नहीं थे, जब दुर्घटना हुई। सीबीआई ने सामान्य प्रक्रिया के अनुसार फिर से प्राथमिकी दर्ज करते हुए उत्तर प्रदेश पुलिस से दुर्घटना मामले की जांच अपने हाथ में ले ली है।

सीबीआई अधिकारी के अनुसार सीबीआई दल ने रायबरेली में स्थानीय पुलिस थाने के अधिकारियों से भी मुलाकात की। सीबीआई के प्रवक्ता आरके गौड़ ने कहा कि यह आरोप लगाया गया कि आरोपी व्यक्ति शिकायतकर्ता के परिवार के खिलाफ षड्यंत्र कर रहे हैं, उन्हें धमकी दे रहे हैं और उनका उत्पीड़न कर रहे हैं। इसमें आरोप लगाया गया कि इस मामले में 28 जुलाई 2019 को हुई दुर्घटना में दो लोगों की जान चली गई।

## सुप्रीम कोर्ट सख्त, सुनवाई आज

■ नई दिल्ली (एसएनबी)।



**सीजेआई को लिखे पत्र को दबाए रखने पर सुप्रीम कोर्ट के महासचिव से जवाब तलब**

उन्नाव रेप मामले में सुप्रीम कोर्ट बृहस्पतिवार को सुनवाई करेगा। रेप पीड़िता के पत्र को लगभग दो हफ्ते तक फाइल में दबाए रखने पर चीफ जस्टिस ने सुप्रीम कोर्ट के महासचिव से जवाब तलब किया है। भाजपा विधायक कुलदीप सिंह सेंगर से जान को खतरा बताकर पीड़िता ने सीजेआई को पत्र लिखा था। 28 जुलाई को बिना नंबर के ट्रक और कार की टक्कर में बलात्कार की शिकार लड़की बुरी तरह जख्मी हो गई जबकि उसकी मौसी और चाची की मौत हो गई।

उन्नाव बलात्कार पीड़ित द्वारा सीजेआई रंजन गोगोई को लिखे पत्र का सुप्रीम कोर्ट ने संज्ञान लिया है। सुप्रीम कोर्ट ने महासचिव से पूछा है कि 12 जुलाई को लिखा गया पत्र चीफ जस्टिस के संज्ञान में क्यों नहीं लाया गया। सुप्रीम कोर्ट के महासचिव प्रशासनिक स्तर पर सीजेआई को पत्र की जानकारी दे सकते थे। वह जुडीशियल तरीके से भी पत्र को सुप्रीम कोर्ट की बेंच के समक्ष सूचीबद्ध कर सकते थे। मंगलवार शाम चार बजे तक सीजेआई को इस पत्र की जानकारी नहीं दी गई थी। जब उन्हें पत्र के बारे में पता चला तो उन्होंने समूचा ब्यौरा तलब किया।

बलात्कार पीड़ित 19 वर्षीय लड़की ने इस पत्र में अपनी जान को खतरे की आशंका व्यक्त की थी और कुछ घटनाओं का भी इसमें जिक्र किया था। चीफ जस्टिस रंजन गोगोई ने बुधवार को कहा कि दुर्भाग्यवश, यह पत्र अभी तक सामने नहीं आया है लेकिन समाचार पत्रों में ऐसे खबर प्रकाशित हुई है कि मानो मैंने इस पत्र को पढ़ लिया है। चीफ जस्टिस रंजन गोगोई, जस्टिस दीपक गुप्ता और अनिरुद्ध बोस की बेंच ने कहा कि समाचार पत्रों ने ऐसे पेश किया है कि जैसे चीफ जस्टिस ने इस पर कोई कार्रवाई नहीं की है। अदालत ने कहा कि हम इस अत्यधिक विस्फोटक स्थिति के बारे में कुछ करेंगे।

अदालत ने यह टिप्पणियां उस वक्त कीं जब बच्चों से बलात्कार की बढ़ती घटनाओं के मामले में न्याय मित्र की भूमिका निभा रहे वरिष्ठ अधिवक्ता वी गिरि ने उन्नाव बलात्कार कांड सुनवाई के लिए जल्द सूचीबद्ध करने का अनुरोध किया। अदालत ने इस मामले को बृहस्पतिवार के लिए सूचीबद्ध करते हुए उत्तर प्रदेश सरकार को पीड़ित से संबंधित दुर्घटना के बारे में प्रगित रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया। (संबंधित खबर पेज-13)

## आईजी, डीएम, एसपी की उपस्थिति में हुई अंत्येष्टि



शुक्लागंज : अंत्येष्टि स्थल पर मौजूद रहे डीएम व एसपी।

**शुक्लागंज/उन्नाव (एसएनबी)।** बहुचर्चित उन्नाव दुष्कर्म कांड पीड़िता की चाची का बुधवार को शुक्लागंज के मिश्रा कालोनी घाट पर आईजी जोन लखनऊ जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक की मौजूदगी में प्रशासन ने अंतिम संस्कार कराया। हादसे का शिकार बनी चाची का शव पुलिस के साये में एंबुलेंस के द्वारा माखी गांव से गंगाघाट तक पहुंचाया गया। शव पहुंचने के करीब 45 मिनट बाद पीड़िता के चाचा महेश सिंह को पुलिस वाहन से गंगाघाट पर लाया गया। शेष पेज 13

**जेल से आकर पीड़िता के चाचा ने पत्नी को दी मुखाग्नि, फिर भेजे गये जेल**

## रेप पीड़िता में दिखी सुधार की किरण वेंटिलेटर पर अब भी

**लखनऊ (एसएनबी)।** उन्नाव की रेप पीड़िता की जिंदगी के लिए दुआ कर रहे लोगों के लिए थोड़ी सी राहत भरी खबर है। केजीएमयू में वेंटीलेटर पर जिंदगी के लिए संघर्ष कर रही रेप पीड़िता में डाक्टरों को कुछ सुधार की किरण दिखी है परन्तु वकील की हालत में कोई सुधार अभी नहीं हुआ है। वेंटिलेटर पर उसकी हालत अभी भी क्रिटकल बनी हुई है।

**वकील की हालत अब भी क्रिटिकल**

**विशेषज्ञों की निगरानी में हो रहा दोनों घायलों का इलाज**

उन्नाव रेप पीड़िता की मंगलवार को केजीएमयू ट्रामा सेंटर के विशेषज्ञ डाक्टरों ने सीटी स्कैन कराने के लिए कुछ देर के लिए वेंटीलेटर को हटाया था। एम्बुबैग के सहारे आक्सीजन पर रहने के बाद उसे फिर वेंटीलेटर पर भेज दिया गया था। डाक्टरों ने हेड इंजरी बताने के अलावा रिब्स तथा पैर में भी फ्रेक्चर बताया था। इसके अलावा इंटरनल इंजरी भी बतायी गयी थी। केजीएमयू प्रवक्ता डा. संदीप तिवारी ने बताया कि रेप पीड़िता वेंटीलेटर पर है, लेकिन आज विशेषज्ञों को कुछ सुधार की किरण दिखायी दी है, लेकिन अभी कुछ कहा नही जा सकता है। उन्होंने बताया कि विशेषज्ञों की टीम लगातार निगरानी रख रही है। इसके अलावा उसके साथ घायल हुए वकील की हालत अभी शेष पेज 13

## डॉक्टर आज से बेमियादी हड़ताल पर

**नई दिल्ली (एसएनबी)।** राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग (एनएमसी) विधेयक का विरोध कर रहे डॉक्टरों ने बेमियादी हड़ताल की घोषणा की है जिससे एम्स व आरएमएल समेत सरकारी अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाओं के प्रभावित होने का अंदेशा है। डॉक्टरों ने आपातकालीन विभागों में भी सेवाओं को बंद करने की धमकी दी है।

एनएमसी भ्रष्टाचार के आरोप झेल रहे राष्ट्रीय चिकित्सा परिषद (एमसीआई) का स्थान लेगा। इस विधेयक को सोमवार को लोकसभा ने पारित कर दिया और इसे बृहस्पतिवार को राज्यसभा में पेश किया जाएगा।

फेडरेशन ऑफ रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन (एफओआरडीए) ने कहा कि रेजिडेंट डॉक्टर बृहस्पतिवार को विरोधस्वरूप ओपीडी, आपातकालीन विभागों और आईसीयू में काम नहीं करेंगे और अगर राज्यसभा में विधेयक पेश किया जाता है तथा पारित किया जाता है तो हड़ताल को अनिश्चितकाल के लिए जारी रखा जाएगा।

## आजम का खास आसिम राजा भी गिरफ्तार

■ लखनऊ (एसएनबी)।

समाजवादी पार्टी के सांसद मोहम्मद आजम खां के बेहद करीबी नगर अध्यक्ष आसिम राजा को रामपुर में गिरफ्तार कर लिया गया है। बीती देर रात भारी संख्या में पुलिस बल ने राजा के घर पर दबिश दी, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। बताया जा रहा है कि आसिम राजा आजम खां का राजदार है। अब पुलिस उससे आजम खां से जुड़े कई जुड़े मामलों की पूछताछ करेगी।

**आजम के कई गहरे राज दफन हैं आसिम के सीने में**

आसिम राजा को सपा सांसद आज़म खां का इतना करीबी माना जाता है कि वह बिना उससे सलाह किये कोई काम नहीं करते हैं। जौहर विश्वविद्यालय, तमाम स्कूल व रिसार्ट सहित सभी के निर्माण व धन जुटाने का कार्य आसिम राजा ही करता था। पुलिस सूत्रों का कहना है कि आसिम राजा मोहम्मद आजम खां के बारे में कई गहरे राज जानता है।

## खेतों की रखवाली कर रहे दो किसानों की गला रेतकर हत्या

■ चौबेपुर (एसएनबी)।

थाना क्षेत्र के खुजकीपुर मोड़ के पास दुस्साहसिक वारदात में फसल की रखवाली कर रहे दो किसानों की गला रेतकर हत्या कर दी गयी। हमलावरों ने उनके शरीर पर धारदार हथियार से और भी कई वार किये, जिससे दोनों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना से क्रुद्ध ग्रामीणों ने सात घंटे तक जमकर हंगामा किया और क्षेत्रीय पुलिस व विधायक के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। बाद में आईजी, एसएसपी और डीएम ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों को शांत कराया और हत्यारों की जल्द गिरफ्तारी का भरोसा दिलाया।

चौबेपुर के गबड़हा गॉव निवासी विनीत कुमार कमल उम्र 35 वर्ष व राजू कुरील उम्र 30 वर्ष गॉव के ही रामकुमार गुप्ता का खेत बटाई पर किये है। खेतों में इन दिनों मक्का की फसल बोयी थी। रात्रि में जानवरों से फसल की रखवाली करने के लिये विनीत व राजू साइकिल से खेत पर गये थे। देर सुबह तक दोनों घर नहीं लौटे तो परिजन उनकी तलाश में निकले। वह उन्हें ढूंढते हुए खुजकीपुर मोड़ के पास पहुँचे तो मन्नी के धान के खेत में दोनों के शव खून से लथपथ पड़े देखकर सन्न रह गये। उनका गला रेता गया था और शरीर पर धारदार हथियार के और भी कई जख्म नजर आ रहे थे।



मृतक राजू व विनीत (फाइल फोटो)

**चौबेपुर क्षेत्र के खुजकीपुर मोड़ के पास दुस्साहसिक वारदात**

**आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने सात घंटे तक किया हंगामा**

हैरत की बात यह कि घटनास्थल के पास ही पुलिस का पिकेट प्वाइंट भी था। घटनास्थल पर दोनों किसानों के पैरों के निशान बने थे। कई और भी तथ्य यह संकेत दे रहे थे कि किसानों ने बचने के लिये हमलावरों से काफी संघर्ष किया, मगर उनकी संख्या ज्यादा होने के कारण अपनी जान नहीं बचा पाये। विनीत के शव से सड़क तक खून पड़ा था। वहीं एक टूटी टार्च भी मिली। इसी तरह राजू का शव विनीत के शव से लगभग 50 मीटर दूर पड़ा था। उसके सिर व गर्दन पर धारदार हथियार की कई चोटें थीं। हमलावरों ने विनीत के चेहरे को गीली मिट्टी से ढंक दिया था। खेत से मिट्टी खोदने की जगह भी स्पष्ट दिखायी पड़ रही थी। शेष पेज 13

(संबंधित खबरें पेज-4)

## संजय सिंह पत्नी समेत भाजपा में शामिल

**नई दिल्ली (भाषा)।** कांग्रेस और राज्यसभा की सदस्यता छोड़ने के एक दिन बाद संजय सिंह बुधवार को भाजपा में शामिल हो गए। भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष जेपी नड्डा समेत वरिष्ठ पार्टी नेताओं की मौजूदगी में संजय सिंह अपनी पत्नी अमिता सिंह के साथ भाजपा में शामिल हो गए। उन्होंने कहा कि पूरे देश ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भरोसा जताया है और उन्होंने भी मोदी का समर्थन करने का फैसला किया है।



नड्डा ने कहा कि संजय सिंह के भाजपा में शामिल होने से पार्टी को मजबूती मिलेगी। अमेठी राजघराने से जुड़े सिंह का अमेठी और आसपास के क्षेत्र में अच्छा खासा प्रभाव माना जाता है। इस क्षेत्र में रायबरेली भी आता है, जो कांग्रेस नेता सोनिया गांधी का संसदीय क्षेत्र है। सिंह पहले भी भाजपा में रह चुके हैं।

## सुप्रीम कोर्ट में बढ़ेगी जजों की संख्या

■ नई दिल्ली (एसएनबी)।

**कैबिनेट का फैसला**

सर्वोच्च न्यायालय में मुकदमों के बढ़ते बोझ को कम करने के लिए कैबिनेट न्यायालय में न्यायाधीशों की संख्या को 30 से बढ़ाकर 33 करने को मंजूरी दे दी।

**सुप्रीम कोर्ट में न्यायाधीशों की संख्या 30 से बढ़ाकर 33 करने की मंजूरी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आज हुई कैबिनेट की बैठक में अनेक महत्वपूर्ण फैसले लिये गये। बैठक के बाद सूचना एवं प्रसारण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने संवाददाताओं को बताया कि अब सर्वोच्च न्यायालय में प्रधान न्यायाधीश के अलावा 33 न्यायाधीश होंगे। न्यायाधीशों की संख्या बढ़ाने के लिए एक विधेयक संसद के वर्तमान सत्र में ही पेश किया जाएगा। न्यायालय में न्यायाधीशों की कुल संख्या सीजेआई समेत 34 हो जाएगी। अभी शीर्ष न्यायालय में सीजेआई समेत 31 न्यायाधीश है।

उच्चतम न्यायालय (न्यायाधीशों की संख्या) कानून, 1956 आखिरी बार 2009 में संशोधित किया गया था शेष पेज 13

## अमरनाथ यात्रा चार तक निलंबित

**श्रीनगर (भाषा)।** श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड (एसएएसबी) ने बुधवार को बताया कि जम्मू-कश्मीर में अगले कुछ दिनों में भारी बारिश के अनुमान के कारण अमरनाथ यात्रा चार अगस्त तक निलंबित रहेगी। एसएएसबी के एक प्रवक्ता ने बताया, खराब मौसम, पत्थरों के गिरने और भूस्खलन के मद्देनजर खासतौर से जम्मू क्षेत्र में यात्रा चार अगस्त 2019 तक निलंबित रहेगी।

## सीसीडी के संस्थापक सिद्धार्थ का शव मिला

**मेंगलुरू (भाषा)।** कर्नाटक के दक्षिण कन्नड़ जिले में स्थानीय मछुआरों और गश्त कर रही पुलिस ने 'कैफे कॉफी डे' (सीसीडी) के संस्थापक वीजी सिद्धार्थ का शव नेत्रावती नदी से बुधवार को बरामद किया।



देश की सबसे बड़ी कॉफी चेन के संस्थापक सिद्धार्थ सोमवार को संदेहास्पद परिस्थितियों में अचानक गायब हो गए थे। अपने कैफे की चेन से शहरी इलाकों को लाते, कैपेचिनो, अमेरिकैनो और एस्प्रेसो समेत कॉफी के विभिन्न स्वाद से परिचित कराने वाले सिद्धार्थ 59 वर्ष के थे। उनके परिवार में उनकी पत्नी मालविका और दो पुत्र हैं। पुलिस के अनुसार सिद्धार्थ को दक्षिण कन्नड़ जिले के कोटेपुरा शेष पेज 13

## आजम खां के बेटे अब्दुल्ला धरने पर बैठे

**जांच में बाधा डालने पर पुलिस ने लिया था हिरासत में**

■ लखनऊ/रामपुर (एसएनबी)।

समाजवादी पार्टी के सांसद आजम खान के बेटे विधायक अब्दुल्ला आजम को पुलिस ने बुधवार को हिरासत में ले लिया, लेकिन शाम होते-होते उनको निजी मुचलके पर छोड़ दिया गया। इससे नाराज अब्दुल्ला आजम धरने पर बैठ गये।

**जौहर विवि में चोरी की प्राचीन मूर्तियां भी मिलीं**

**"अब तक बरामद हो चुकी हैं चोरी की ढाई हजार पुस्तकें**

पुलिस अधीक्षक (एसपी) डा. अजय पाल ने बताया कि काम में बाधा डालने की वजह से उन्हें हिरासत में लिया गया। उन्हें कहां ले जाया गया है, इसकी जानकारी नहीं मिल सकी है। जौहर विवि में मंगलवार को छापे में बेशकीमती पुस्तकों के साथ ही चोरी की प्राचीन मूर्तियां बरामद हुई थीं। उन्होंने बताया कि जौहर विश्वविद्यालय की लाइब्रेरी में रखे गए रजिस्टर और रिकॉर्ड में कहीं भी इन पुस्तकों का उल्लेख नहीं मिल रहा है। एसपी ने बताया कि बुधवार को पुलिस ने दोबारा सर्च ऑपरेशन चलाया तो अब्दुल्ला ने बाधा पहुंचाने का प्रयास किया, जिसके कारण उन्हें हिरासत में ले लिया गया। उल्लेखनीय है कि पुलिस मौलाना जौहर विवि में मंगलवार से सर्च अभियान शेष पेज 13

**संपादकीय**

08 कुछ चेहरे हुए बेनकाब



**मार्केट**

15 खारे पानी को पीने योग्य बनाने की कवायद



## हाईकोर्ट के मौजूदा जज पर केस दर्ज करेगी CBI

■ नई दिल्ली (एसएनबी)।

**पहली बार**

**सीजेआई ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज जस्टिस एसएन शुक्ला के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की दी अनुमति**

**इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच की वरिष्ठता में दूसरे नंबर पर हैं जस्टिस शुक्ला**

**जुलाई 2020 में होना है सेवानिवृत्त**

मेडिकल कालेज घोटाले में इलाहाबाद हाईकोर्ट के वरिष्ठ जज जस्टिस श्री नारायण शुक्ला के खिलाफ आपराधिक मुकदमा दर्ज करने की चीफ जस्टिस रंजन गोगोई ने सीबीआई को अनुमति दे दी है। यह पहला मौका है जब हाईकोर्ट के किसी कार्यरत न्यायाधीश के खिलाफ क्रिमिनल केस दर्ज करने की इजाजत दी गई है।

सीजेआई रंजन गोगोई ने एक निजी मेडिकल कालेज में एमबीबीएस पाठ्यक्रम में प्रवेश की अनुमति देने में कथित भ्रष्टाचार के मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज जस्टिस एसएन शुक्ला के खिलाफ सीबीआई को नियमित मामला दर्ज करने की इजाजत दे दी है।

सीबीआई के निदेशक ने चीफ जस्टिस रंजन गोगोई को एक पत्र लिखकर जस्टिस शुक्ला के खिलाफ नियमित मामला दर्ज करने की अनुमति मांगी थी। सीबीआई ने अपने पत्र में लिखा था कि जस्टिस शुक्ला के कथित कदाचार का तथ्य पूर्ववर्ती चीफ जस्टिस दीपक मिश्रा के संज्ञान में लाया गया था और उनकी सलाह पर न्यायाधीश और कुछ अन्य के खिलाफ प्रारंभिक मामला दर्ज किया गया था।

सीबीआई ने नियमित केस दर्ज करने की अनुमति के लिए लिखे पत्र में चीफ जस्टिस को अपनी प्रारंभिक जांच के बारे में संक्षिप्त नोट के साथ पूरे घटनाक्रम का विवरण दिया है। चीफ जस्टिस रंजन गोगोई ने सीबीआई द्वारा पेश पत्र और दस्तावेजों का संज्ञान लेते हुए सीबीआई को इसकी अनुमति प्रदान की। सीजेआई ने लिखा कि मैंने इस विषय में आपके पत्र के साथ लगे अनुलग्नकों पर विचार किया। इस मामले के तथ्यों और परिस्थितियों को देखते हुए मैं जांच के लिए नियमित मामला दर्ज करने की अनुमति प्रदान करता हूं।

सुप्रीम कोर्ट के एक अधिकारी ने बताया कि यह पहला अवसर है जब किसी हाईकोर्ट के पीठासीन न्यायाधीश के खिलाफ फौजदारी का मुकदमा दर्ज करने की अनुमति दी गई है। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने अपने प्रशासनिक पक्ष की ओर से कार्रवाई करते हुए कई महीने पहले ही जस्टिस शुक्ला से न्यायिक कार्य वापस ले लिया था। इलाहाबाद विश्वविद्यालय से विधि स्नातक जस्टिस शुक्ला अक्टूबर 2005 में हाईकोर्ट के जज नियुक्त किए गए थे। अगस्त 2008 में वह स्थाई जज बन गए। उनका एक साल का कार्यकाल अभी बाकी है। वह जुलाई 2020 में अवकाश ग्रहण करेंगे।

## मुंबई में रात को महिलाएं घूम सकती हैं तो दिल्ली में क्यों नहीं

**नई दिल्ली (एसएनबी)।** राजधानी की महिलाओं की सुरक्षा के प्रति चिंता जाहिर करते हुए हाईकोर्ट ने दिल्ली पुलिस से पूछा कि जब मुंबई में रात को महिलाएं घूम सकती है तो दिल्ली में क्यों नहीं। जबकि दिल्ली में सर्वश्रेष्ठ संसाधन व अनुभवी अधिकारी हैं।

**हाईकोर्ट ने दिल्ली पुलिस से पूछा**

कोर्ट ने कहा कि क्या मुबंई की तरह दिल्ली भी महिलाओं के लिए सुरक्षित नहीं हो सकती। आखिर गड़बड़ी कहां है। न्यायमूर्ति जीएस सिस्तानी व न्यायमूर्ति ज्योति सिंह की पीठ ने दिल्ली पुलिस और दिल्ली सरकार के अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र को महिलाओं के लिए अपराध मुक्त बनाने के लिए कार्य योजना तैयार करे।

## फारूक अब्दुल्ला से ईडी ने की पूछताछ



**नई दिल्ली (भाषा)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जम्मू-कश्मीर क्रिकेट संघ में कथित वित्तीय अनियमितताओं से जुड़े मनी लांड्रिंग के एक मामले के सिलसिले में बुधवार को राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला से पूछताछ की। यह जानकारी अधिकारियों ने दी।

**जेएंडके क्रिकेट संघ से जुड़ा मनी लांड्रिंग का है मामला**

अधिकारियों ने बताया कि अब्दुल्ला केन्द्रीय एजेंसी के समक्ष उसके चंडीगढ़ स्थित कार्यालय में पेश हुए और उनका बयान धनशोधन रोकथाम कानून के तहत दर्ज किया गया। प्रवर्तन निदेशालय ने धनशोधन का मामला सीबीआई की एक प्राथमिकी और आरोपपत्र को ध्यान में रखते हुए दर्ज किया था। अब्दुल्ला और तीन अन्य के खिलाफ आरोपपत्र गत वर्ष जुलाई में दायर किया गया था। आरोपपत्र उस अनुदान से 43 करोड़ रुपये के कथित गबन के लिए दायर किया गया था जो भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा 2002-2011 के बीच जम्मू-कश्मीर क्रिकेट संघ (जेकेसीए) को राज्य में खेल को बढ़ावा देने के लिए दिया गया था।

## वीआईपी रोड पर पुलिस ने

# लुटेरे की टांग में मारी गोली

**कानपुर (एसएनबी)।** वीआईपी रोड पर कोतवाली पुलिस और लुटेरे के बीच मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ के दौरान पुलिस की एक गोली लुटेरे की बायीं टांग में जा धंसी। पुलिस ने लुटेरे को उर्सला में भर्ती कराया और बुधवार सुबह उसे कोर्ट के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया।

**वीआईपी रोड स्थित व्यायामशाला तिराहे पर हुई मुठभेड़**

**तमंचा, कारतूस और लूटी गई एक बाइक भी हुई बरामद**

शातिर लुटेरे पर लूट, हत्या का प्रयास, लूट और शस्त्र अधिनियम सहित करीब एक दर्जन आपराधिक मामले दर्ज हैं।

एसपी सिटी राजकुमार अग्रवाल ने बताया कि मंगलवार रात करीब तीन बजे कोतवाली पुलिस वीआईपी रोड स्थित व्यायामशाला तिराहे पर संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग कर रही थी। वीआईपी रोड पर सरसैया घाट की तरफ मोटर साइकिल सवार एक युवक आते दिखा। पुलिस ने जब संदिग्ध बाइक सवार को रोकने का प्रयास किया तो वह बाइक लेकर वहां से भागने लगा। पुलिस ने जब बाइक सवार का पीछा किया तो वह फिसलकर गिर पड़ा और पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में एक गोली संदिग्ध व्यक्ति के बायें पैर में जा धंसी। पूछताछ के दौरान संदिग्ध व्यक्ति ने अपना नाम हसीन पुत्र मोहम्मद शेखू निवासी रेलबाजार बताया। वर्तमान में वह बाबूपुरवा के अजीतगंज कॉलोनी में रह रहा था। पुलिस ने शातिर लुटेरे के कब्जे से एक तमंचा व भारी संख्या में कारतूस की बरामदगी की है। पुलिस ने शातिर लुटेरे के कब्जे से एक बगैर नंबर की बाइक भी बरामद की है। पुलिस ने घायल लुटेरे को उर्सला में भर्ती कराया, जहां से बुधवार सुबह उसे कोर्ट के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया है। कोतवाली इंस्पेक्टर आशीष कुमार ने बताया कि शातिर अपराधी के खिलाफ कोतवाली, गोविंदनगर, रेलबाजार, बजरिया, चकेरी और बाबूपुरवा में लूट, शस्त्र अधिनियम, एनडीपीएस एक्ट, हत्या का प्रयास, चोरी और लूट सहित करीब एक दर्जन से ज्यादा आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस उसके अन्य साथियों की तलाश कर रही है।


पुलिस की गोली से घायल अपराधी हसीन।

# निजी डाक्टरों ने दिखायी ताकत, बंद रखीं ओपीडी सेवाएं

**कानपुर (एसएनबी)।** केंद्र सरकार से पारित नेशनल मेडिकल कमीशन बिल (एनएमसी) के खिलाफ शहर के निजी डाक्टरों ने हड़ताल कर ताकत दिखायी। हेड क्वार्टर के निर्देश पर आईएमए नगर शाखा के आवाहन पर निजी अस्पतालों व क्लीनिकों में डाक्टरों ने ओपीडी सेवाएं ठप रखीं। इनडोर में भर्ती मरीजों को भी नहीं देखा। निजी अस्पतालों में केवल इमरजेंसी सेवाएं जारी रहीं। उनकी हड़ताल गुरुवार सुबह 6 बजे तक जारी रहेगी।

## एनएमसी बिल का विरोध

**दूसरी उपचार पद्धति (पैथी) के डाक्टरों को ऐलोपैथी की प्रैक्टिस करने की मिली छूट का विरोध**

दोपहर 1 बजे आईएमए भवन परेड में प्रेसवार्ता में नगर अध्यक्ष डा. अर्चना भदौरिया, डा. अवध दुबे, डा. आरएन चौरसिया ने बताया, सरकारी डाक्टरों की बात सुनने को तैयार नही है। डाक्टरों का विरोध बिल के सेक्शन 32 से है। जो साढ़े तीन लाख नौसिखियों को प्रैक्टिस करने की इजाजत देता है। इस बिल से नीम हकीम भी डॉक्टर बन जाएंगे। प्राइवेट कालेज अब अपनी मनमर्जी से फीस तय कर सकेंगे। गरीब बच्चों का पढ़ना मुश्किल हो जाएगा। उन्होंने कहा, आईएमए बिल के इस प्रारुप व मेडिकल काउंसिल आफ इंडिया की स्वायतता को भंग करने का विरोध करती है। नये बिल के अनुसार एलोपैथी चिकित्सा की डिग्री न होने के बावजूद सिर्फ रजिस्ट्रेशन कराकर होम्योपैथिक, आयुर्वेदिक व अन्य पैथी के लोग ऐलोपैथ की प्रैक्टिस करेंगे। इससे झोलाछाप संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा। बिल के अनुसार एमबीबीएस कोर्स पूरा करने के बाद मेडिकल छात्रों को एग्जिट एक्जॉम देना होगा। प्राइवेट मेडिकल कालेजों की आंतरिक सीटों के वार्षिक शुल्क पर सरकार का नियंत्रण नही रहेगा। आईएमए का मांगें पूरी न होने तक विरोध जारी रहेगा। प्रेसवार्ता में पूर्व उपाध्यक्ष डा. गुलाब अग्रवाल, सचिव डा. बृजेंद्र शुक्ला, डा. वीसी रस्तोगी, डा. संतोष कुमार, डा. एसी अग्रवाल, डा. एसके मिश्रा, डा. अलका शर्मा, डा. प्रवीन कटियार, उपाध्यक्ष डा. रीता मित्तल मौजूद थीं।

**मेडिकल कालेज में प्रदर्शन :** बुधवार शाम मेडिकल कालेज के मेडिकल छात्रों व जूनियर डाक्टरों ने एनएमसी बिल के विरोध में कालेज परिसर में रैली निकाली। उन्होंने बिल वापस लेने के लिए नारे भी लगाये। उनका कहना था कि बिल गरीब छात्र विरोधी है। जुलूस में वह बिल विरोधी बैनर पोस्टर लिये थे।


परेड आईएमए भवन में वार्ता करते डॉ. अवध दुबे, डॉ. सन्तोष कुमार, डॉ. आर एन चौरसिया, डॉ. अर्चना भदौरिया।

## गैंगरेप का आरोपी कोर्ट में हुआ हाजिर

**कानपुर (एसएनबी)।** नर्वल पुलिस गैंगरेप के आरोपी को तलाशती रहीं और वह चकमा देकर कोर्ट में हाजिर हो गया जबकि पुलिस अन्य चार आरोपियों को थाने में बैठाये है। किशोरी ने एसपी क्राइम को ज्ञापन देकर आरोपियों की ओर से धमकाने के साथ ही पुलिस पर सांठगांठ का आरोप लगाया है।

नर्वल के बेहटा गांव में 15 जुलाई को घर के बाहर सो रही किशोरी को तमंचे के बल पर अगवा कर गांव के अनिल यादव, विपिन, सूरज, रघुनाथ उर्फ सुमित और राजू साहू आदि ने दुष्कर्म किया था। पुलिस के काफी तलाशने के बावजूद अनिल यादव कोर्ट में हाजिर हो गया। दुष्कर्म पीड़िता ने एसएसपी कार्यालय आकर एसपी क्राइम राजेश यादव से कहा कि पुलिस जर्नादन उर्फ विपिन, रघुनाथ उर्फ सुमित और राजू साहू को दस दिन से थाने में बैठाये हुए है। आरोपी होने के बावजूद उनका चालान नहीं कर रही है। उधर अभियुक्तों के परिजन लगातार जान से मारने और समझौता करने का दबाव बना रहे है।

# एडीजी ने टॉपटेन अपराधियों के घरों में मारी दबिश

**कानपुर (एसएनबी)।** एडीजी जोन और एसपी पश्चिम ने नगर के टॉपटेन अपराधियों के घरों में भारी पुलिस बल के साथ दबिश मारी। इस दौरान इजराइल नामक अपराधी के घर पर ताला बंद मिला। एडीजी ने इलाकाई महिलाओं से पूछा कि 'अम्मा कऊनो दादा परेशान तो नहीं करत है, इस पर बुजुर्ग महिला ने कहा कि साहब सब घर से भागे हैं, कऊनो बात होई तो फोन कर देव।' इस पर एडीजी व एसपी मुस्कुराये और फोर्स के साथ लुधौरा, कर्नलगंज, खटिकाना, फूलमती तिराहा, बजरिया चौराहे से होते हुए पैदल चुन्नीगंज की तरफ निकल आए। एडीजी ने बताया कि जिले के फरार टॉपटेन अपराधियों के घरों की कुर्की की तैयारी की जा रही है।

**क्षेत्र के दादाओं के बारे में एडीजी ने बुजुर्ग महिलाओं से ली जानकारी**

एडीजी जोन प्रेम प्रकाश ने बताया कि बजरिया के टॉपटेन अपराधी इजराइल आटे वाले, समसुद्दीन उर्फ चच्चा, फरहद, राजू और बंटी के घर पर एसपी पश्चिम संजीव सुमन व करीब एक दर्जन थाने की फोर्स के साथ दबिश दी गई, लेकिन फोर्स देख इलाके में हड़कंप मच गया। वांछित अपराधी इजराइल आटे वाला परिवार सहित घर से फरार था, जबकि जेल में बंद फरहद के घर पर भी ताला पड़ा था। इसके अलावा जमानत पर बाहर आये एक अपराधी से फोन पर बात हुई और देर रात उसने थाने आकर अपनी मौजूदगी दिखायी। क्षेत्र में फूट पेट्रोलिंग के दौरान एडीजी ने स्थानीय लोगों से इलाके के दादाओं के बारे में जानकारी ली। करीब दो घंटे तक फूट पेट्रोलिंग के दौरान एडीजी और एसपी पश्चिम लुधौरा, कनर्लगंज, बजरिया, खटिकाना, फूलमती, बजरिया चौराहा सहित कई क्षेत्रों में पैदल गश्त कर वहां से चुन्नीगंज पहुंचे। एडीजी ने बताया कि जिले से टॉपटेन सूचियों में जो भी अपराधी घरों से परिवार सहित फरार हैं, उनके खिलाफ कोर्ट के जरिये कुर्की की तैयारी की जा रही है। दबिश के दौरान सीओ कर्नलगंज, सीओ बेकनगंज, चमनगंज, बजरिया, अनवरगंज, रायपुरवा, कोतवाली, बजरिया, बेकनगंज सहित कई थानों का पुलिस फोर्स, पीएसी और क्यूआरटी मौजूद थी।


**फरार वांछित कुख्यात अपराधियों के घरों की कुर्की की तैयारी**


एडीजी व एसपी वेस्ट टॉप टेन अपराधियों के घरों में दबिश के दौरान जानकारी लेते हुए।









कश्मीर के हमारे भाई-बहन सुशासन चाहते हैं : प्रधानमंत्री मोदी ने 'बैक टू विलेज' कार्यक्रम की सराहना की।

—— डॉ. महेंद्र नाथ पाण्डेय, केंद्रीय मंत्री

## आज के आयोजन

■ प्रातः 7 बजे- फूलबाग ओईएफ गेट पर संयुक्त मोर्चा की मीटिंग ■ प्रातः 8.30 बजे- मोतीझील तुलसी उपवन में खत्री महासभा द्वारा पुरूषोत्तम दास टण्डन जी जयंती पर गोष्ठी ■ प्रातः 11 बजे- सिविल अपर पुलिस महानिदोक से प्रांतीय व्यापार मण्डल की भेंट एवं स्वागत ■ प्रातः 11 बजे- रामादेवी चौराहे पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह का भारत स्वाभिमान युवा भारत द्वारा स्वागत ■ प्रातः 11 बजे- नगर आयुक्त को कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग द्वारा ज्ञापन ■ प्रातः 11.30 बजे- कमला नगर सीएचएसआईएमआर में कार्यक्रम ■ प्रातः 11.30 बजे- नानाराव पार्क में बाल गंगाधर तिलक की पुण्य तिथि पर खादी ग्रामोद्योग महासंघ की संगोष्ठी ■ दिन 12 बजे- कैण्ट छावनी बोर्ड में बैठक ■ दिन 12.30 बजे- मेडिकल कालेज में भारतीय बाल रोग अकादमी द्वारा माताओं के प्रशिक्षण कार्यक्रम ■ दिन 2 बजे- फूलबाग बाल भवन में मेंहदी प्रशिक्षण प्रतियोगिता ■ दिन 2 बजे- संगीत टाकीज चौराहा पर समाजवादी युवा सिख मोर्चा का सांकेतिक सामूहिक आत्महत्या कार्यक्रम ■ दिन 2.30 बजे- तिलक हाल में कांग्रेस कमेटी द्वारा बालगंगाधर तिलक के निर्वाण दिवस पर पुष्पांजलि संगोष्ठी ■ दिन 2.30 बजे- होटल लैण्ड मार्क में फीमेल क्लब द्वारा मानसून गला पार्टी का आयोजन

# अब चेन लुटेरों ने छीना पुलिस का चैन

## क्राइम ब्रांच इंचार्ज की बेटी से चेन लूटी

**कानपुर (एसएनबी)।** बर्रा थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह बाइक सवार लुटेरों ने बहन के बेटे को स्कूल छोड़ कर लौट रही क्राइम ब्रांच प्रभारी की बेटी के गले से झपट्टा मार कर चेन तोड़ ली। वारदात के बाद लुटेरे भाग निकले। पीड़िता के शोर मचाने पर कुछ लोगों ने लुटेरों का पीछा भी किया लेकिन लुटेरे भागने में सफल रहे। सारी घटना एक कोचिंग के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पीड़िता से तहरीर लेकर छानबीन शुरू कर दी है।

**बाइक सवार लुटेरों ने दिया वारदात को अंजाम**

बर्रा दो निवासी भानूप्रताप सिंह पुलिस विभाग में कार्यरत हैं और वर्तमान में फिरोजाबाद में क्राइम ब्रांच प्रभारी हैं। बुधवार सुबह उनकी बेटी दीप्ती अपनी छोटी बहन प्रीति के साथ बड़ी बहन के बेटे सौर्य को स्कूटी से बर्रा दो स्कूल छोड़ने गयी थी। सौर्य को स्कूल से छोड़कर वह घर आ रही थीं। अभी वह घर के पास पहुंची ही थीं कि पीछे से आये बाइक सवार दो लुटेरों ने झपट्टा मार कर दीप्ती के गले से चेन तोड़ ली और भाग निकले। लुटेरों को भागता देख दीप्ती व उसकी बहन ने शोर मचाया, जिस पर कुछ लोगों ने लुटेरों का पीछा किया लेकिन लुटेरे भागने में सफल रहे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पीड़िता से तहरीर लेकर अज्ञात लुटेरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

## पिंक चौकी के पास चेन लूटने का प्रयास विफल

**कानपुर (एसएनबी)।** किदवईनगर चौराहा स्थित पिंक चौकी के पास सरेशाम बाजार आयी एक महिला से बाइक सवार लुटेरों ने लूट का प्रयास किया। वीडियो वायरल होने पर पुलिस को इसकी भनक लगी। मंगलवार शाम करीब पांच बजे एक महिला त्रिवेणी मार्केट से खरीदारी करके निकली थी। अभी वह पिंकी चौकी के पास पहुंची ही थी। उसकी कार सड़क के उस पार खड़ी थी। वह सड़क पार कर रही थी, तभी पीछे से आये बाइक सवार लुटेरों ने झपट्टा मारकर उसके गले से चेन तोड़ने का प्रयास किया लेकिन चेन की जगह लुटेरे के हाथ में उसकी टॉप का कालर आ गया और लुटेरे महिला को करीब पचास मीटर तक घसीटते हुए ले गये। महिला के गिरने पर वह लोग उसे छोड़कर भाग निकले। गिरने के कारण महिला गंभीर रूप से घायल हो गयी। यह सारी घटना एक दुकान के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गयी थी। बुधवार को लूट के प्रयास का वीडियो वायरल होने पर बाबूपुरवा पुलिस को इसकी जानकारी हुई।

## झपट्टा मार रिटायर्ड मेजर की पत्नी की चेन छीनी

**कानपुर (एसएनबी)।** किदवईनगर थाना क्षेत्र में बाइक सवार लुटेरों ने पड़ोसी महिला के साथ मॉर्निंग वॉक पर जा रही एक रिटायर्ड मेजर की पत्नी के गले से झपट्टा मार कर चेन तोड़ ली। छीनाझपटी में पीड़ित गिरकर घायल हो गयी और लुटेरे भाग निकले। यह देख पीड़िता ने मदद के लिए शोर मचाया लेकिन जब तक लोग आते, लुटेरे भाग निकले। पीड़िता ने राहगीरों की मददे से सौ नंबर पर पुलिस को सूचना दी।

किदवईनगर एम ब्लॉक निवासी राम बाबू गुप्ता रिटायर्ड मेजर हैं। बुधवार सुबह उनकी पत्नी साधना पड़ोसी महिला के साथ गीता पार्क गयी थीं। वह मॉर्निंग वॉक कर घर लौट रही थीं। साइट नंबर वन स्थित नीलम होटल के पास पीछे से आये बाइक सवार दो लुटेरों ने झपट्टा मारकर उनके गले से चेन तोड़ ली। वारदात अंजाम देने के बाद लुटेरे भाग निकले। पीड़िता ने मदद के लिए शोर मचाया लेकिन जब तक लोग समझ पाते, लुटेरे भाग चुके थे। सूचना पर पहुंची पुलिस को पीड़िता ने बताया कि बाइक चला रहे लुटेरे का मुंह खुला था और जो लुटेरा पीछे बैठा था, उसने मुंह में रूमाल बांध रखा था। पुलिस ने पीड़िता से तहरीर लेकर मुकदमा दर्ज कर लुटेरों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस को चौराहे पर स्थित एक होटल के बाहर लगे सीसीटीवी में लुटेरों की फुटेज मिल गयी है।

## धक्का देकर बदमाशों ने क्राइस्ट चर्च के छात्र नेता की पत्नी से लूटी जंजीर लूटी

**कानपुर (एसएनबी)।** नजीराबाद क्षेत्र में नकाबपोश बदमाशों ने स्कूटी सवार महिला को टक्कर मार दी। महिला कुछ समझ पाती, तब तक बदमाशों ने उसकी जंजीर लूटी और धक्का देकर भाग निकले। महिला के गले और हाथप्पैर में गंभीर चोटें आईं हैं। वारदात को अंजाम देने के बाद लुटेरे आसानी से भाग निकले और पुलिस को भनक तक नहीं लगी। महिला एक निजी बैंक में असिस्टेंट मैनेजर है और उनके पति क्राइस्ट चर्च कॉलेज छात्रसंघ के पदाधिकारी रह चुके हैं। जानकारी पर पहुंची पुलिस सीसीटीवी कैमरे की मदद से लुटेरों की तलाश कर रही है। पुलिस ने पीड़ित महिला की तहरीर पर लूट की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

**महिला पीरोड स्थित एक निजी बैंक में सहायक प्रबंधक के पद पर हैं कार्यरत**

**बिना नंबर की बाइक से बदमाशों ने वारदात को दिया अंजाम, कैमरे में कैद**

ग्वालटोली निवासी युवराज द्विवेदी क्राइस्ट चर्च कॉलेज के पूर्व अध्यक्ष हैं। उनकी पत्नी भव्या द्विवेदी पीरोड स्थित एक निजी बैंक में असिस्टेंट मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं। भव्या ने बताया कि वह बैंक में नौकरी करने वाली साथी ज्योति के साथ स्कूटी से पूणदिवी खन्ना इंटर कॉलेज के पास चाऊमीन खाने गई थी। दोनों महिलाएं स्कूटी पर बैठकर चाऊमीन खा रही थीं, इस बीच विपरीत दिशा से आये काली पल्सर सवार बदमाशों ने उनकी स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर से दोनों महिलाएं स्कूटी से नीचे गिर पड़ीं। भव्या कुछ समझ पाती, तब तक बाइक से उतरे एक नकाबपोश बदमाश ने उनके गले में पड़ी सोने की जंजीर व मंगलसूत्र लूट लिया। महिला के विरोध करने पर बदमाशों ने उसे रोड की तरफ धक्का दे दिया, जिससे वह कार के नीचे आने से बच गई। वारदात को अंजाम देने के बाद बदमाश गुरुद्वारे की तरफ भाग निकले। दहशतजदा महिला ने डायल 100 पर घटना की जानकारी दी। मौके पर सीओ नजीराबाद सहित आसपास के थानों का फोर्स पहुंच गया। पुलिस को सीसीटीवी कैमरे की मदद से बदमाशों के फुटेज मिले हैं। फुटेज में एक बदमाश हेलमेट लगाये है और दूसरा मुंह पर नकाब बांधे है। बाइक के आगे और पीछे दोनों तरफ नंबर प्लेट नहीं है।

पुलिस ने भव्या की तहरीर पर लूट की रिपोर्ट दर्ज कर लुटेरों की तलाश शुरू कर दी है। महिला ने लूटी गई जंजीर की कीमत करीब 50 हजार रुपये बतायी है।

## छात्र ने फांसी लगायी, मौत

**कानपुर (एसएनबी)।** नौबस्ता के योगेन्द्र विहार इलाके में बुधवार दोपहर एक 10वीं के छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। हालांकि अभी आत्महत्या के पीछे कारणों का पता नहीं चल सका है। योगेन्द्र विहार निवासी सुरेश कुमार प्लम्बर का काम करते हैं। घर में बड़ा बेटा अमन सरदार पटेल स्कूल में 10वीं का छात्र था। मंझली बेटी सुलेखा कक्षा आठ की छात्रा है और सबसे छोटा बेटा अभय कक्षा सात में पढ़ता है। परिजनों के मुताबिक अमन पिछले कई दिनों से स्कूल नहीं जा रहा था। पूछने पर उसने कहा कि मन नहीं है। बुधवार को सुरेश सुलेखा व अभय को स्कूल छोड़ कर काम पर चले गये, जबकि अमन घर पर अकेले था। दोपहर में अभय स्कूल से लौटा तो दरवाजा भीतर से बंद था। उसने पड़ोसियों को बताया। पड़ोसियों ने दरवाजा तोड़ा तो भीतर अमन का शव फांसी के फंदे पर लटका था।

## छात्रा ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**कानपुर।** चकेरी के दहेलीसुजानपुर इलाके में मंगलवार देर शाम 12वीं की छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। दहेलीसुजानपुर निवासी राजकरन अग्रहरि रिटायर्ड सैन्यकर्मी हैं। घर में पत्नी कंचन, छोटी बेटी गुनगुन व बड़ी बेटी कनिष्का है। कनिष्का कैंट स्थित आर्मी स्कूल में 12वीं की छात्रा थी। कंचन मंगलवार शाम रामादेवी स्थित सब्जी मंडी गयी थीं। घर पर कनिष्का अकेले थी, उसी दौरान उसने कमरे में लगे पंखे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घर पहुंची कंचन ने बेटी का शव फांसी के फंदे पर लटका देख पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम को भेजा है।

**Commercial Engineers & Body Builders Co Ltd.**
Regd Office: 84/105-A, G T Road, Kanpur Mahanagar, Kanpur (U.P.) PIN 208003
CIN: L24231UP1979PLC004837

**NOTICE**

Notice is hereby given that 2nd Meeting of the Board of Directors for the **Financial Year 2019-2020(02/2019-20)** of the Company will be held on **Saturday, 10th Day of August 2019, at Hotel Kohinoor Executive,1246/B, Apte Rd, Deccan Gymkhana, Pune, Maharashtra Pune (M.H), at 2.00 p.m.**, inter-alia, to consider, approve and take on record **Statement of Unaudited/Audited Results for the Quarter ended 30th June, 2019 and other business matters.**
Pursuant to SEBI (Prohibition of Insider Trading) Regulations, 2015, NSE Circular No. NSE /CML/2019/11 and BSE Circular No. LIST/COMP/01/2019-20 dated 2nd April, 2019, the trading window in respect of the Company's securities remain closed with effect from 1st July, 2019, for designated persons, their immediate relatives and the persons with whom they have material financial relationship. The trading window will open after 48 hours of declaration of financial results of the Company for the Quarter ended 30th June, 2019 that is 13th August, 2019.

For **Commercial Engineers & Body Builders Co Ltd**
**Amit Kumar Jain**
Company Secretary
**Date: 30.07.2019**

**K.M. SUGAR MILLS LIMITED**
Regd. Office: 11-Moti Bhavan, Collector Ganj, Kanpur-208001(U.P)
Corp. Office: 76-Eldeco Green, Gomti Nagar, Lucknow-2260101(U.P)
CIN No. : L15421UP1971PLC003492, Mail id:- kmsugar@gmail.com , cs@kmsugar.com
Phone -Regd. Office:0512-2310762, Corp. Office: 0522-4079561

**NOTICE OF BOARD MEETING**

Notice is hereby given that pursuant to Regulation 29, 33 and Regulation 47 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements), Regulations 2015, a meeting of the Board of Directors of the Company will be held **on Tuesday, the 06th day of August, 2019 at 12.00 hrs (noon) at Hyatt Regency, Vibhuti Khand, Gomti Nagar, Lucknow, Uttar Pradesh 226010 to consider and approve the Un-Audited Standalone and Consolidated Financial Results of the Company for the quarter 30th June ,2019 interalia any other matter.**
Further, pursuant to clause 4 of schedule B of code of conduct SEBI (Prohibition of Insider Trading) Regulations, 2015 Trading Window has been closed for the Directors, Promoters, Officers and designated employees of the Company from 01st July ,2019 till 48 hours after the declaration of the financial Results of the company for the quarter ended 30th June, 2019 i.e 8th August, 2019 for dealing in the securities of the Company.
The said notice may be assessed on the Company's website at www.kmsugar.com and also on Stock Exchanges Website at www.bse.india.com and www.nseindia.com including Audited quarterly financial results after approval by the Board.

By order of the Board
For K.M. Sugar Mills Limited
Sd/-
Pooja Dua
(Company Secretary)
Place:- Lucknow
Date:- 30th July, 2019

**कानपुर विकास प्राधिकरण** आवश्यक सूचना

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भवन संख्या 32 'एम.आई.जी.' योजना-द्वितीय, बर्रा-3 की लीजडीड कानपुर विकास प्राधिकरण द्वारा दिनांक 20.05.1993 को श्री पी.एन. द्विवेदी पुत्र गंगानारायण द्विवेदी के पक्ष में रू. 5.00 पट्टा भाड़ा 99 वर्ष की लीजडीड निष्पादित की गयी है, जिसका क्षेत्रफल 167.08 वर्गमी. है। श्री पी.एन. द्विवेदी की मृत्यु दिनांक 19.08.2012 को हो चुकी है। स्व. प्रेम नारायण द्विवेदी ने अपने जीवन काल में दो विवाह किये गये थे। पहली पत्नी श्रीमती सीता देवी की मृत्यु 70 वर्ष पूर्व हो चुकी है तथा दूसरी पत्नी श्रीमती पुष्पालता की मृत्यु दिनांक 17.11.2016 को हो चुकी है। स्व. पी.एन. दुबे के एक मात्र पुत्र स्व. संतोष कुमार द्विवेदी की मृत्यु दिनांक 27.10.2008 को हो चुकी है। उक्त के उपरान्त स्व. सन्तोष कुमार द्विवेदी एवं स्व. पी.एन. द्विवेदी की दूसरी पत्नी स्व. पुष्पलता द्विवेदी के वारिसान श्रीमती अलका द्विवेदी एवं श्री सुनील कुमार द्विवेदी द्वारा प्रस्तुत अभिलेख प्रस्तुत कर अपने पक्ष में नामान्तरण किये जाने का अनुरोध किया गया है। श्रीमती अलका द्विवेदी आदि द्वारा प्रस्तुत पारिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र सं. 2932/अह.फौज./2019 दिनांक 29.05.2019 की छायाप्रति के अनुसार मृतक प्रेम नारायण द्विवेदी की दूसरी पत्नी स्व. पुष्पलता द्विवेदी पत्नी स्व. प्रेम नारायण द्विवेदी की मृत्यु के पश्चात् परिवार में निम्नलिखित पारिवारिक सदस्य हैः- (1) श्री सुनील कुमार द्विवेदी, दूसरी पत्नी का पुत्र, उम्र 51 वर्ष। (2) श्रीमती सरोज मिश्रा, दूसरी पत्नी की विवाहित पुत्री, उम्र 46 वर्ष। प्रस्तुत पारिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र सं. 2171 / अह. फौज./ 2018 दिनांक 06.04.2018 की छायाप्रति के अनुसार मृतक स्व. सन्तोष कुमार द्विवेदी पुत्र स्व. प्रेम नारायण द्विवेदी की मृत्यु के पश्चात् परिवार में निम्नलिखित पारिवारिक सदस्य हैः- (1) श्रीमती अलका द्विवेदी, मृतक की पत्नी, उम्र 56 वर्ष। (2) श्रीमती पूर्वा द्विवेदी, मृतक की (विवाहित पुत्री), उम्र 34 वर्ष। (3) श्रीमती रेशम द्विवेदी, मृतक की (विवाहित पुत्री), उम्र 32 वर्ष। उपरोक्त के अतिरिक्त मृतक के परिवार में अन्य कोई सदस्य शेष नहीं है। उपरोक्त में से स्व.प्रेम नारायण द्विवेदी की दूसरी पत्नी स्व. पुष्पलता द्विवेदी के पारिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र के क्रमांक संख्या 02 पर अंकित सदस्य द्वारा सहमति शपथ पत्र प्रस्तुत कर भवन का नामान्तरण क्रमांक संख्या 01 पर अपने भाई श्री सुनील कुमार द्विवेदी स्व. प्रेम नारायण द्विवेदी के पक्ष में किये जाने की सहमति दी है। स्व. सन्तोष कुमार द्विवेदी पुत्र स्व. प्रेम नारायण द्विवेदी के पारिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र के क्रमांक संख्या 02 व 03 पर अंकित सदस्यों द्वारा सहमति शपथ पत्र प्रस्तुत कर भवन का नामान्तरण अपनी माता जी के पक्ष में किये जाने की सहमति दी है। श्रीमती अलका द्विवेदी पत्नी स्व. सन्तोष कुमार द्विवेदी एवं श्री सुनील कुमार द्विवेदी पुत्र स्व. प्रेम नारायण द्विवेदी द्वारा ही भवन का नामान्तरण अपने पक्ष में किये जाने हेतु प्रार्थना पत्र / शपथ पत्र आदि के माध्यम से अनुरोध किया गया है। अतः उक्त के परिप्रेक्ष्य में, उपर्युक्त भवन का नामान्तरण उक्त वर्णित श्रीमती अलका द्विवेदी पत्नी स्व. सन्तोष कुमार द्विवेदी एवं श्री सुनील कुमार द्विवेदी पुत्र स्व. प्रेम नारायण द्विवेदी के पक्ष में किये जाने में यदि किसी को कोई आपत्ति हो अथवा उक्त भवन पर अपना किसी प्रकार का हक रखते हो तो साक्ष्य सहित प्रकाशन के एक माह के भीतर अपनी लिखित आपत्ति अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय विक्रय जोन-3 में दाखिल कर सकता है। उक्त अवधि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर विचार किया जाना सम्भव न होगा तथा प्रश्नगत भूखण्ड का नामान्तरण श्रीमती अलका द्विवेदी पत्नी स्व. सन्तोष कुमार द्विवेदी एवं श्री सुनील कुमार द्विवेदी पुत्र स्व. प्रेम नारायण द्विवेदी के पक्ष में किये जाने की कार्यवाही प्रारम्भ कर दी जायेगी। तथा भविष्य में किसी क्लेम/दावा पर विचार किया जाना सम्भव न होगा।

के.के. सिंह, संयुक्त सचिव

## चेकिंग के दौरान छात्र को पीटने से भड़के साथियों ने लगाया जाम

**कानपुर (एसएनबी)।** बर्रा थाना क्षेत्र में वाहन चेकिंग के दौरान गरुण प्रभारी ने एक छात्र की पिटाई कर दी। छात्र की पिटाई से गुस्साये साथी छात्रों ने कर्रही रोड पर जाम लगाकर हंगामा किया और दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग। जाम में फंसकर स्कूली बच्चे रोने-बिलखने लगे। बवाल की सूचना पर पहुंचे बर्रा थाना प्रभारी ने कार्रवाई का आश्वासन देकर उग्र छात्रों को शांत कराया और जाम खुलवाया।

**नारेबाजी कर छात्रों ने उठायी पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई करने की मांग**



घायल छात्र दानिश।

कल्याणपुर निवासी दानिश आईटीआई का छात्र है। दानिश के मुताबिक बुधवार को उसकी खाड़ेपुर स्थित राजमाता स्कूल में परीक्षा थी। सुबह वह अपने साथी अभय व एक अन्य के साथ बाइक से परीक्षा देने गया था। दोपहर में वह परीक्षा देकर लौट रहा था, तभी कर्रही रोड स्थित विवेकानंद स्कूल के पास गरुण प्रभारी आशुतोष विक्रम सिंह पुलिस बल के साथ वाहन चेकिंग कर रहे थे। बाइक पर तीन सवारियां होने के चलते दानिश बाइक लेकर भागा। संदेह होने पर पुलिस ने पीछा किया और मीडिया महल के पास तीनों को पकड़ लिया। गुस्साये गरुण प्रभारी ने दानिश की पिटाई कर दी, तभी पीछे आये दानिश के साथियों को जब पता चला कि पुलिस कर्मियों ने दानिश को पीटा है तो छात्रों ने कर्रही रोड पर जाम लगा दिया और कार्रवाई की मांग करते हुए पुलिस विरोधी नारेबाजी की। कुछ देर में वहां भीषण जाम लग गया। जाम में स्कूली बच्चे भी फंस गये और रोने-बिलखने लगे।

इसी बीच मौके पर पहुंचे बर्रा थाना प्रभारी सतीश कुमार सिंह ने उग्र छात्रों को कार्रवाई का आश्वासन देकर जाम खुलवाया। बर्रा थाना प्रभारी ने बताया कि अब तक पीड़ित परिजनों ने कोई तहरीर नहीं दी है।

## परिजनों की चीत्कार सुन दहल गये क्षेत्रवासी



**चौबेपुर।** विनीत का सड़क किनारे पड़ा शव देख उसकी पत्नी पूनम दहाड़ मार-मार कर रोने लगी। वहीं, पुत्री अंशिका, आयुशी व पुत्र आदिल व अंश का भी रो-रोकर बुरा हाल था, जबकि भाई पवन, रमन व बउवन मृतक के बच्चों को अपने सीने से लगाकर रूंधे गले से रो रहे थे।

इधर, मृतक राजू की पत्नी कोमल राजू के गले में घाव देखकर चीख-चीखकर कह रही थी कि इन्होंने तो कभी किसी को गाली तक नहीं दी, फिर यह किस दुश्मनी का बदला लिया है। वहीं, पुत्री वर्षा, पुत्र बादल व नैतिक पिता के शव से लपटकर रो रहे थे। मृतकों के परिजनों व बच्चों का करुण क्रंदन देखकर हर किसी की आंख नम नजर आ रही थी।

### डॉग स्क्वॉयड को नहीं मिला सुराग

**चौबेपुर।** घटनास्थल पर पहुंचा डॉग स्क्वॉयड मृतक की तीन खेत दूर पड़ी साइकिल से बरूवा गांव तक गया तथा गांव की दो गलियों में घुसने के बाद लौट आया। इससे यह कयास लगाये जा रहे हैं कि हमलावर शातिर दिमाग हैं और घटना को अंजाम देने के बाद कहीं हाथप्पैर धो डाले, जिसकी सुगंध न होने के कारण डाग स्क्वॉयड हत्यारों तक नहीं पहुंच पाया।

### विधायक ने 5-5 लाख की मदद दिलाने का दिया भरोसा

**चौबेपुर।** घटनास्थल पर पहुंचे क्षेत्रीय विधायक भगवती प्रसाद सागर से ग्रामीणों ने मृतक के परिजनों को 50-50 लाख रुपये मुआवजा की मांग की। विधायक ने किसान बीमा योजना से 5-5 लाख रुपये दिलाने का आश्वासन दिया। इस पर ग्रामीण आक्रोशित हो गये और क्षेत्र में हो रहे जबरदस्त खनन से खस्ता हाल सड़कों की दुर्दशा की बात



कह सरकार व विधायक के खिलाफ नारेबाजी की। ग्रामीणों का आक्रोश बढ़ता देख पुलिस अधिकारियों ने विधायक को पुलिस घेरे में ले लिया और आईजी व एसएसपी विधायक को भीड़ से निकाल कर लाये।

### विधायक ने की थानाध्यक्ष के निलंबन की मांग

**चौबेपुर।** क्षेत्रीय भाजपा विधायक भगवती प्रसाद सागर ने एसएसपी से चौबेपुर थानाध्यक्ष पर गंभीर आरोप लगाते हुए शिकायत की है। उन्होंने कहा कि पूरे क्षेत्र की जनता परेशान है, पार्टी कार्यकर्ता प्रतिदिन शिकायत करते हैं कि जनता की समस्याएं थानाध्यक्ष नहीं सुनते हैं। पुलिस केवल क्षेत्र में धन वसूली कर रही है। उन्होंने थानाध्यक्ष सुखराम रावत के निलंबन की मांग की।

### घटनास्थल से आधा किमी दूर मौजूद थे एसएसपी

**चौबेपुर।** जिस जगह पर दो किसानों की हत्या हुई है, वहां से आधा किलोमीटर दूरी पर मूर्धानन्द आश्रम में रात 12 से 3 बजे तक एसएसपी रुके रहे। इस दौरान पुलिस की गाड़ियां कई बार वहां से निकलीं किन्तु किसी की भी नजर घटनास्थल पर नहीं पड़ी।

### तीन लोगों को हिरासत में लिया

**चौबेपुर।** पुलिस घटनास्थल से कुछ दूरी पर ही फसलों की रखवाली कर रहे ईश्वरीपुरवा गांव निवासी राहुल सहित तीन अन्य को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। राहुल ने बताया कि रात में किसी के चीखने-चिल्लाने की आवाज उसे सुनाई पड़ी थी। बचाओ-बचाओ की आवाज सुन वह घबरा गया था। उसने कहा कि अकेला होने के कारण वह घटनास्थल की ओर नहीं गया।

### आपस में थे जिगरी दोस्त

**चौबेपुर।** मृतक विनीत व राजू आपस में जिगरी दोस्त थे। ग्रामीणों ने बताया कि रामकुमार का खेत लगभग दस वर्ष से दोनों बटाई पर किये थे। विनीत व राजू की एक साथ मौत पर ग्रामीणों ने बताया कि दोनों आपस में जिगरी दोस्त थे और एक-दूसरे के बिना रहते नहीं थे। बाजार-हाट दोनों साथ ही जाते थे और मृत्यु ने भी दोनों को साथ ही चुना। दोनों की दोस्ती की दास्तां बयां करते-करते गांव वाले अपनी आंखों से आंसू न रोक सके।

पनकी ताप विद्युत केन्द्र, पनकी, कानपुर
उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड
सं. 09/पीटीपीएस/मु.अ./सी.पी.डी./विज्ञापन दिनांक 31.07.2019

**निविदा सूचना**

एतद्द्वारा डि. सीएओ, सीएफए एवं बीओ, पीटीपीएस, पनकी, कानपुर के नाम में सीबीआई खाता सं. 1439501795 (आईएफएससी– सीबीआईएन 0280983, एमआईसीआर – 208016020) में एनईएफटी / आरटीजीएस के माध्यम से आवश्यक निविदा मूल्य, धरोहर राशि (प्रतिदेय) युक्त सीलबंद और पृथक निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं तथा निविदकों को यूटीआर नम्बर की हस्ताक्षरित प्रति, खाते का नाम तथा पे–इन–स्लिप की फोटोप्रति पूर्व अर्हता शर्त और अन्य वाणिज्यिक नियम एवं शर्तों के अनुसार अपेक्षित संबद्ध निविदा प्रलेख उपलब्ध करवाने होंगे। निविदा सूचना तथा निविदा विनिर्देशों का विस्तृत विवरण, शुद्धिपत्र हमारी वेबसाइट : www.uprvunl.org / ई–निविदा पोर्टल : www.etender.up.nic.in पर देखा जा सकता है।

1. **ई–निविदा – 07 / पीटीपीएस / एसई (सिविल) / ईसीएमडी / 2019–20** ऑफिसर्स कालोनी, पीटीपीएस, पनकी, कानपुर की आवासीय और गैर–आवासीय बिल्डिंग्स में सिविल कार्यों की वार्षिक एम एवं आर, जिसमें व्हाइट वाशिंग तथा पेंटिंग शामिल है। अनुमानित लागत: 17,54,765.00, निविदा शुल्क : 1,180.00, धरोहर राशि : 35,100.00, **ई–निविदा खोलने की तिथि : 09–08–2019**
2. **ई–निविदा – 08 / पीटीपीएस / एसई (सिविल) / ईसीएमडी / 2019–20** ऑफिसर्स कालोनी, पीटीपीएस, पनकी, कानपुर की आवासीय और गैर–आवासीय बिल्डिंग्स में काष्ठ कार्यों कीएम एवं आर। अनुमानित लागत : 5,01,755.00, निविदा शुल्क: 590.00, धरोहर राशिः 10,035.00, **ई–निविदा खोलने की तिथि : 09–08–2019**
3. **ई–निविदा – 09 / पीटीपीएस / एसई (सिविल) / ईसीएमडी / 2019–20,** न्यू स्टाफ कालोनी, पीटीपीएस, पनकी, कानपुर में सामान्य सफाई कार्य। अनुमानित लागत : 7,22,000.00, निविदा शुल्क : 590.00, धरोहर राशिः 14,500.00, **ई–निविदा खोलने की तिथि : 16–08–2019**

हस्ता./–
कार्यपालक अभियंता

''राष्ट्र के लिये बिजली बचायें''
वेबसाइट : www.uprvunl.org

कप्तानों से खफा डीजीपी का फरमान

## गश्त और घटनास्थल का कप्तान गूगल पर अपलोड करेंगे वीडियो

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

**कानपुर।**

पुलिस अफसर कब पैदल गश्त करते हैं, कब घटनास्थल पर जाते हैं, इस बारे में आला अफसरों को जानकारी नहीं देते। इसे लेकर सूबे के पुलिस मुखिया (डीजीपी) ने अफसरों को पैदल गश्त से लेकर घटनास्थल पर जाने तक का वीडियो ऑनलाइन गूगल पर अपलोड करने का निर्देश दिया है। इसके अतिरिक्त पुलिस के विगत में जारी उच्च स्तरीय निर्देशों का पालन न करने वाले पुलिस कप्तानों की सूची तैयारी की जा चुकी है। गुरुवार को डीजीपी वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये ऐसे अफसरों की क्लॉस लेंगे। माना जा रहा है कि कानपुर जोन समेत कई जिलों के पुलिस कप्तानों पर गाज भी गिर सकती है। ऑनलाइन गूगल पर अपडेट न देने वाले अफसरों की जवाबदेही जोन के एडीजी की होगी। इसके अलावा करीब एक घंटे वीडियो कांफ्रेंसिंग के दौरान डीजीपी सावन की तैयारियों व 15 अगस्त की सुरक्षा व्यवस्था के बारे में जानकारी लेंगे।

**गूगल पर वीडियो अपलोड न होने पर जोन के एडीजी को किया जायेगा तलब**

**निचले स्तर पर आदेश न मानने वाले अफसरों की बनी सूची, गिर सकती गाज**

एक अगस्त शाम करीब साढ़े 6 से साढ़े 7 बजे तक सूबे के पुलिस मुखिया (डीजीपी) वीडियो कांफ्रेंसिंग के दौरान कप्तानों व जिलों के एसपी से अपराध समीक्षा करेंगे। डीजीपी ने कप्तानों और एसपी को फरमान जारी किया है कि वह क्या करते हैं, इसकी जानकारी आलाधिकारियों को नहीं देते हैं। इसके अलावा निचले स्तर पर कई एसपी निर्देशों का पालन नहीं कर रहे हैं। इसलिए अब कप्तान गश्त, फूट पेट्रोलिंग या फिर घटनास्थल पर जायेंगे तो वहां से गूगल पर वीडियो अपलोड करेंगे। जिस जिले से कप्तान या फिर एसपी द्वारा ऑनलाइन फोटो अपलोड नहीं किया गया, उस जोन के एडीजी से जवाब-तलब किया जायेगा। यह भी माना जा रहा है कि कई अफसरों की सूची तैयार की जा चुकी है, जिन पर कार्रवाई तय है। वीडियो कांफ्रेंसिंग के दौरान फूट पेट्रोलिंग, एंटी रोमियो, डबल मर्डर, 10 लाख रुपये से ऊपर की लूट और टॉपटेन अपराधियों और ट्रैफिक सिस्टम के बारे में जानकारी मांगी जायेगी।

अपराध समीक्षा के दौरान सावन की तैयारियों और 15 अगस्त को लेकर सुरक्षा व्यवस्था पर भी चर्चा होगी। डीजीपी द्वारा जिलों के कप्तानों के कार्यों के संबंध में वीडियो मांगने पर पुलिस विभाग में हड़कंप मचा हुआ है।

**जिला परियोजना कार्यालय सर्व शिक्षा अभियान, महोबा**
**कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, महोबा**

**पत्रांक :** ए.एल.सी. कैम्प/ ई-टेण्डर/1284-88/ 2019-20 **दिनांक :** 31.08.2019

**-: विज्ञप्ति (अति अल्पकालीन ई-निविदा) :-**

जनपद महोबा में सर्व शिक्षा अभियान समेकित शिक्षा के अन्तर्गत समेकित शिक्षा द्वारा प्रस्तावित 01 एक्सीलेरेटेड लर्निंग कैम्प के बच्चों, स्टाफ हेतु पका-पकाया भोजन तथा नास्ता एवं यूनीफार्म आदि की आपूर्ति हेतु सत्र 2019-20 के लिए जी.एस.टी. रजिस्टर्ड आपूर्तिकर्ताओं से अलग-अलग ई-टेण्डर निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा की शर्ते एवं प्रतिबन्ध वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर निविदा प्रपत्र में अंकित हैं। निविदा प्रपत्र शुल्क रु. 200/- (दो सौ रुपये) की धनराशि का भुगतान कर वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर निविदा दिनांक 01.08.2019 से दिनांक 13.08.2019 तक आन लाइन सांय 05.00 बजे तक वेबसाइड पर भरा जा सकता है। इच्छुक निविदादाताओं/ फर्मे उक्त निर्धारित तिथि तक वेबसाइट पर निविदा प्रपत्र शुल्क रु. 200/- भुगतान कर उक्त निविदा में भाग ले सकते है। ई-टेण्डर दिनांक 14.08.2019 को अपरान्ह 02.00 बजे निविदा समिति के समक्ष खोली जायेगी एवं उक्त दिनांक को निविदादाता समिति के समक्ष अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय में सामग्री का नमूना लेकर उपस्थित हो सकते है।

नोट :-
01- निविदा की शर्ते एवं प्रतिबन्ध निविदा प्रपत्र में उल्लखित है जिसका पालन अनिवार्य है।
02- निविदा भरने की अन्तिम तिथि 13.08.2019 को सायं 05.00 बजे तक है।
03- निविदा प्रपत्र शुल्क एवं अर्नेस्टमनी जमा करना अनिवार्य है, अन्यथा सम्बन्धित की निविदा अस्वीकार कर दी जायेगी।

(महेश प्रताप सिंह)
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
महोबा

तलाक़ दे तो रहे हो इताब-ओ-क़हर के
साथ, मिरा शबाब भी लौटा दो मेरी
महर के साथ-साजिद सजनी
—— डॉ. कुमार विश्वास, कवि

कानपुर। बृहस्पतिवार • 1 अगस्त • 2019
राष्ट्रीय सहारा | www.rashtriyasahara.com |

## संक्षिप्त खबरें

### मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस का नया सत्र आज से

**कानपुर।** जीएसवीएम मेडिकल कालेज में गुरुवार से एमबीबीएस का नया सत्र शुरु होगा। छात्र पढ़ायी करने से पहले फाउंडेशन कोर्स करेंगे। उन्हें कालेज के इतिहास, नियमावली, छात्रावास आदि के बारे में बताया जाएगा। कोर्स सुबह 8 बजे से चालू होगा। एंटी रैगिंग के तीन दस्ते तीन चरणों में चौबीस घंटे निगरानी करेंगे। मेडिकल कालेज के एमसीआई प्रभारी डा. प्रेम सिंह ने बताया, सारी तैयारी पूरी हो चुकी है। पहली काउंसलिंग से प्रवेश पा चुके छात्रों को कोर्स कराया जाएगा। तीन अगस्त को परिचय सत्र होगा। फाउंडेशन कोर्स में प्रॉक्टर डा. जीडी यादव व सीनियर फैकल्टी छात्रों को संबोधित करेगी।

### रिजवाना मातृ शिशु कल्याण महिला संघ की संयोजक मनोनीत



**कानपुर।** मातृ शिशु कल्याण महिला कर्मचारी संघ की कानपुर शाखा को तत्काल भंग कर अग्रिम चुनाव होने तक पदाधिकारी मनोनीत किये गये हैं, जिसमें कोरिया पीएचसी घाटमपुर की रिजवाना को कानपुर शाखा का संयोजक मनोनीत किया गया। संघ की प्रान्तीय महामंत्री किरन कुमारी दुबे ने बताया कि कानपुर शाखा का अग्रिम चुनाव होने तक मनोनीत किये गये संयोजक मण्डल को वे सभी संवैधानिक अधिकार प्राप्त होंगे जो निर्वाचित पदाधिकारियां को प्राप्त होंगे। उन्होंने बताया कि रेउना पीएचसी कानपुर की कमलेश सचान, कोटरा मकरन्दपुर पीएचसी की सुमन श्रीवास्तव, बरीपाल पीएचसी की पदमा सचान तथा बीबीपुर पीएचसी कानपुर की कमलेश दीक्षित सह संयोजक मनोनीत हुई हैं। *(एसएनबी)*



आईएनआईएफडी में छात्राओं को इंटीरियर एवं फैशन की जानकारी देती रिदिमा पाटनी जैन।

## डिजाइन सृजन का दायरा नियत नहीं

**कानपुर (एसएनबी)।**

स्वरूप नगर स्थित निफ्ड संस्थान में बुधवार को ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय से डिजाइनर का कोर्स कर डिजाइन के क्षेत्र में ख्याति प्राप्त रिदिमा पाटनी ने संस्थान के बच्चों को कार्यशाला आयोजित कर डिजाइनिंग के क्षेत्र में आगे बढ़ने के कई टिप्स दिये। कार्यशाला का शुभारंभ निफ्ड के निदेशक विनय बहल ने किया।

कॅरियर अपार्चुनिटीज एज डिजाइनर विषयक कार्यशाला में रिदिमा ने बताया कि डिजाइन के क्षेत्र में किन-किन विभागों में अपना योगदान दे सकते हैं, उन विभागों की जानकारी विस्तार से उपलब्ध करायी। उन्होंने बताया कि आज के समय में वही डिजाइनर सफल है, जो सृजन के क्षेत्र का दायरा नियत नहीं करता है। डिजाइनर को अपने डिजाइन में नवीनता के साथ यह भी ध्यान रखना चाहिए कि डिजाइनर ने जो डिजाइन किया है, वह आरामदेह, मानकों के आधार पर है या नहीं, क्योंकि यूज टू डिजाइन ही सफल डिजाइन है। इसमें रिदिमा ने डिजाइनरों संग एक्सरसाइज भी की। कार्यशाला समापन पर संस्थान निदेशक विनय बहल ने रिदिमा का आभार व्यक्त किया।

## दिमागी बुखार के पांच बच्चे हैलट में भर्ती

# निमोनिया से एक की मौत

**सहारा न्यूज ब्यूरो**
**कानपुर।**

हैलट के बालरोग अस्पताल में बुधवार को दिमागी बुखार के लक्षण वाले पांच बच्चों को गंभीर हालत में भर्ती किया गया। तेज बुखार के साथ उन्हें झटके आ रहे थे। इधर एक निजी अस्पताल में निमोनिया से एक बच्चे की मौत हो गयी। हैलट और उर्सला में डेंगू व मलेरिया के लक्षण वाले 13 मरीजों को भर्ती किया गया। उनके खून के नमूने जांच के लिए भेजे गये हैं। हैलट ओपीडी में बुखार के मरीजों का तांता लगा रहा। ओपीडी में डेंगू के लक्षण वाले 8 मरीज पहुंचे।

हैलट के बालरोग विभाग की ओपीडी में बुखार से ग्रस्त कई बच्चे पहुंचे। इनमें पांच बच्चों में दिमागी बुखार के लक्षण पाये गये। मेनिन्जाइटिस, वायरल संक्रमण व अन्य कारणों से उनके दिमाग की झिल्ली में सूजन की समस्या पायी गयी। उन्हें झटके भी आ रहे थे। उन्हें बालरोग अस्पताल में भर्ती कराया गया। दोपहर तीन बजे तक बालरोग अस्पताल में बुखार व डायरिया से ग्रस्त 12 बच्चे भर्ती हो चुके थे। वरिष्ठ बालरोग विशेषज्ञ डा. राज



डेंगू व मलेरिया के लक्षण वाले 13 रोगी हैलट व उर्सला में भर्ती

डेंगू की आशंका से 8 मरीज हैलट ओपीडी जांच कराने पहुंचे

तिलक ने बताया, विभिन्न प्रकार के संक्रमण के चलते बच्चों में झटके आने की समस्या पायी गयी। इधर जाजमऊ के एक अस्पताल में निमोनिया के कारण एक बच्ची की मौत हो गयी। राजकुमार की डेढ़ साल की बेटी को वायरल फीवर आने के बाद निमोनिया हो गया था। हैलट की मेडिसिन ओपीडी में डेंगू के लक्षण वाले 8 मरीज पहुंचे। उनके नमूने जांच के लिए मेडिकल कालेज भेजे गये। हैलट व उर्सला इमरजेंसी में डेंगू व मलेरिया बुखार के लक्षण वाले 13 मरीज भर्ती हुए हैं।

## मोटापा घटाने के लिए सर्जरी कैंप 18 को

### 40 मरीजों ने कराया पंजीकरण

**कानपुर (एसएनबी)।** गणेश शंकर विद्यार्थी मेडिकल कॉलेज से सम्बद्ध हैलट के सर्जरी विभाग ने बेरियाटिक सर्जरी कैंप की तिथि 18 अगस्त फाइनल कर दी है। अब तक शहर व अन्य जिलों से 40 लोगों ने सर्जरी के लिए पंजीकरण कराया है। 18 अगस्त को विभाग के चार ऑपरेशन थिएटरों में एक साथ रिकॉर्ड आठ से नौ लोगों की बेरियाटिक सर्जरी की जाएगी।

हैलट के चार ऑपरेशन थियेटरों में होगी निःशुल्क बेरियाटिक सर्जरी

सर्जरी विभागाध्यक्ष डॉ. संजय काला ने बताया कि बेरियाटिक सर्जरी के लिए मोटापे से ग्रस्त 40 लोगों के पंजीकरण में कानपुर, प्रयागराज, वाराणसी, कन्नौज, लखनऊ के लोग भी हैं। सर्जरी कैंप में बाहर से बॉडी मास एनालाइजर मशीन मंगायी गयी है। यह शरीर में वसा का जमाव पता करेगी। पंजीकरण कराने को मोबाइल नंबर-9839210012 पर संपर्क कर सकते हैं। शिविर में मोटापे से ग्रस्त लोगों की बैलूनिंग भी की जाएगी। डॉ. काला के मुताबिक नगरवासियों के पंजीकरण के लिए ओपीडी के लेक्चर हॉल में अलग से 10 अगस्त को भी कैंप का आयोजन किया जाएगा। सर्जरी के लिए चार बेरियाटिक सर्जन का पैनल बनाया गया है। इसके साथ चार ऑपरेशन थिएटर तैयार हो रहे हैं। कैंप में एक दिन में 8 से 9 लोगों की सर्जरी होगी। प्रदेश में पहली बार एक दिन में इतने मरीजों की सर्जरी की जाएगी। सर्जरी में किसी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाएगा लेकिन बेरियाटिक सर्जरी और बैलूनिंग में प्रयोग होने वाला कुछ सामान मरीजों को बाहर से लाना होगा। इसके अलावा गाल ब्लेडर, हार्निया व अन्य सर्जरी के मरीजों को भी पंजीकृत किया जा रहा है।

## उर्सला व कांशीराम में कायाकल्प टीम ने किया निरीक्षण

**कानपुर (एसएनबी)।** केंद्र सरकार की कायाकल्प स्कीम के तहत बुधवार को दो अलग-अलग टीमों ने जिला अस्पताल उर्सला व कांशीराम संयुक्त अस्पताल रामादेवी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने इमरजेंसी, ओपीडी व इनडोर सेवाओं में इलाज की गुणवत्ता, साफ-सफाई, बायोमेडिकल वेस्ट प्रबंधन व अन्य बिंदुओं पर जांच पड़ताल की।

उर्सला में डॉ. सीमा निगार अल्वी व डॉ. नाजिया की टीम ने निरीक्षण किया। उन्होंने इमरजेंसी, ओपीडी व इनडोर में चल रही चिकित्सा सेवाओं का जायजा लिया। मरीज व तीमारदारों से पूछताछ की। वार्डो व परिसर में साफ-सफाई की स्थिति देखी। शौचालय देखे। बायोमेडिकल वेस्ट प्रबंधन देखा। टीम अपने साथ प्रोफार्मा लेकर आयी थी। उसमें शामिल बिंदुओं के आधार पर टीम ने जांच पड़ताल की। इधर कांशीराम अस्पताल रामादेवी में डॉ. रविकांत व डॉ. भूलन की टीम ने इमरजेंसी, ओपीडी, इनडोर, पैथालाजी व अन्य सेवाओं का जायजा लिया। अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एसके पांडेय ने बताया, कायाकल्प स्कीम के तहत टीम तय बिंदुओं पर जांच पड़ताल करने आयी थी। निरीक्षण के बाद टीम अपनी रिपोर्ट राज्य मुख्यालय को देगी। रिपोर्ट में अस्पताल का प्रदर्शन बेहतर मिलने पर स्टेट की टीम दो माह बाद यहां का निरीक्षण करेगी। निरीक्षण के बाद तय बिंदुओं पर मार्किंग होगी। बेहतर अंक मिलने पर अस्पताल को केंद्र से विशेष अनुदान मिलेगा।

### हैलट में जांच करने पहुंची श्रम विभाग की टीम

**कानपुर (एसएनबी)।** ई हॉस्पिटल योजना के तहत आउटसोर्सिंग पर तैनात 16 कंप्यूटर आपरेटरों को छह माह से वेतन न मिलने के मामले में बुधवार को श्रम विभाग की टीम हैलट पहुंची। टीम ने कंप्यूटर आपरेटरों के बयान दर्ज किये। साथ ही जल्द समस्या के निस्तारण का आश्वासन दिया। हैलट में योजना में शामिल आउटसोर्सिंग कंपनी सिल्वर टच ने 16 कंप्यूटर आपरेटरों की तैनाती की है। यह लोग ओपीडी व इमरजेंसी में आनलाइन पंजीकरण व भर्ती का काम देख रहे हैं। छह माह से वेतन न मिलने के चलते बीते दिनों उन्होंने काम ठप कर प्रदर्शन किया था। शासन प्रशासन से फरियाद करने के बाद भी सुनवायी नहीं हुई। अब श्रम विभाग ने मामले में गंभीरता दिखायी है।

## एमएसएमई सपोर्ट एंड आउटरीच कैम्प



**कानपुर।** एमएसएमई सपोर्ट एंड आउटरीच के अंतर्गत कैम्प का आयोजन एमएसएमई विकास संस्थान इंडस्ट्रियल एस्टेट कालपी रोड फजलगंज में किया गया, जिसमें अग्रणी जिला प्रबंधक एके वर्मा ने पीएसवी लोन 59 मिनट्स पोर्टल, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना व भारत सरकार एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित अन्य योजनाओं जैसे एक जिला एक उत्पाद, प्रधानमंत्री जनधन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना की विस्तृत जानकारी उद्यमियों को दी। साथ ही पीएसवी लोन 59 मिनट्स योजना व प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के अंतर्गत 126 लाभार्थियों को 1126 लाख रुपये का ऋण स्वीकृति पत्र बांटे। कैम्प में बैंकों के जिल समन्वयकों के साथ-साथ लगभग 3 सौ उद्यमियों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर डीपी गुप्ता महाप्रबंधक (चेयरमैन, बड़ौदा उप्र ग्रामीण बैंक), एसके सिंह (क्षेत्रीय प्रमुख, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया), एसबी सक्सेना (क्षेत्रीय प्रमुख, बड़ौदा उप्र ग्रमीण बैंक), राकेश कुमार (उप क्षेत्रीय प्रमुख, बैंक ऑफ बड़ौदा), एलबीएस यादव (उप निदेशक, एमएसएमई कानपुर नगर), नीरज कुमार श्रीवास्तव (अधिकारी श्रम विभाग) मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## डायरिया में सिर्फ 27 फीसद मां बच्चों को देतीं ओआरएस घोल

**कानपुर।** विश्व ओआरएस सप्ताह के तहत भारतीय बालरोग अकादमी नगर शाखा (आईएपी) ने बुधवार को मतइया पुरवा में ओआरएस कैंप लगाया। यहां बालरोग विशेषज्ञों ने माताओं को डायरिया के इलाज में ओआरएस घोल के महत्व की जानकारी दी। नुक्कड़ नाटक का मंचन भी हुआ। इस मौके पर डॉ. अनुराग भारती ने बताया कि देश में केवल 62 प्रतिशत माताएं ओआरएस के बारे में जानती हैं, सिर्फ 27 प्रतिशत माएं डायरिया होने पर अपने बच्चों को ओआरएस घोल देती हैं। मां का दूध पीने वाले बच्चों में डायरिया का खतरा कम रहता है। डायरिया होने पर 14 दिनों तक लगातार जिंक देने से बीमारी जल्दी ठीक हो जाती है। पहले दस्त से ही ओआरएस शुरू कर देना चाहिए। डॉ. ओपी पाठक व डॉ. आशीष विश्वास ने माताओं को बताया कि बच्चों को बोतल से दूध न दें। सफाई का ध्यान रखें। आयोजन में पार्षद अरविंद यादव भी थे। माताओं व बच्चों को ओआरएस के पैकेट व साबुन का वितरण किया गया। कैंप में तीन सौ से अधिक महिला व बच्चों ने भाग लिया।

**यू0पी0 स्टेट एग्रो इण्डस्ट्रियल कारपोरेशन लिमिटेड**
कृषि वर्कशाप, तालकटोरा रोड, लखनऊ, फोन नं. 0522–2265490, website: www.upagro.in

पत्रांक 172ए/28–म0प्र0 (उ)/नि0/2019–20 दिनांक 30.07.2019

**अल्प कालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

यू0पी0 स्टेट एग्रो इण्डस्ट्रियल कारपोरेशन लि0 कृषि वर्कशाप तालकटोरा रोड, लखनऊ हेतु निविदायें आमंत्रित की जा रही है :-

1. लेबर कान्ट्रैक्ट दरें (ट्री-गार्ड, स्टील छलना, हत्थू ठेला, गनिबैग ट्राली आदि) निगम द्वारा निर्धारित डिजाईन के अनुसार ठेकेदारों द्वारा कराये जाने हेतु ई-निविदा के माध्यम से जी0एस0टी0/आयकर पंजीकृत फर्मो से दरें **दिनांक 02.08.2019 पूर्वान्ह 9:00 बजे से दिनांक 13.08.2019 को अपरान्ह 3:00 बजे** तक आमंत्रित की जाती हैं। निर्माणकर्ता/आपूर्तिकर्ता फर्म द्वारा निविदा प्रपत्र शुल्क लेबर हेतु **रू0 1120.00** जी0एस0टी0 सहित एवं निविदा प्रपत्रों में निर्धारित धरोहर धनराशि का भुगतान करके ई-निविदा में भाग ले सकते हैं। ई-निविदा की नियम शर्तें व प्रपत्र उ0प्र0 सरकार की **E-procurement website http://etender.up.nic.in** के पोर्टल पर देखा जा सकता है।

निविदादाता को उक्त पोर्टल पर पंजीकरण आवश्यक है।

फोन नं0 0522–2265490 महा–प्रबन्धक (उत्पादन)

**कानपुर विकास प्राधिकरण** आवश्यक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भूखण्ड सं.–07 ब्लाक सी, योजना व्यापार नगर / इस्पात नगर (क्षेत्रफल 97.50 वर्गमी.) का आवंटन श्रीमती राधारानी अग्रवाल के पक्ष में दिनांक 12.04.2010 को किया गया था तथा भूखण्ड का फ्रीहोल्ड निबन्धन श्रीमती राधा रानी अग्रवाल पत्नी श्री करन कुमार अग्रवाल के पक्ष में दिनांक 31.01.2012 को किया गया है। मूल आवंटी की मृत्यु उपरान्त उनके पारिवारिक सदस्यों द्वारा प्रस्तुत किये गये मृत्यु प्रमाण पत्र एव पारिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र के आधार पर श्री गौरव अग्रवाल पुत्र श्री करन कुमार अग्रवाल का नाम अभिलेखों में अंकित किये जाने हेतु अनुरोध किया है। कानपुर नगर निगम द्वारा निर्गत मृत्यु प्रमाण पत्र के अनुसार मूल आवंटी श्रीमती राधा रानी अग्रवाल की मृत्यु दिनांक 13.02.2015 को हो चुकी है। प्रस्तुत उप जिलाधिकारी (सदर), कानपुर नगर द्वारा जारी पारिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र सं.– 8029/अ.ह.म.फो./2018 दिनांक 15.12.2018 के अनुसार निम्नलिखित पारिवारिक सदस्य शेष है:- (1) श्री करन कुमार अग्रवाल, मृतक के पति, उम्र 74 वर्ष। (2) श्री गौरव अग्रवाल, मृतक का पुत्र, उम्र 34 वर्ष। (3) श्री धीरज अग्रवाल, मृतक का पुत्र, उम्र 36 वर्ष। (4) श्रीमती सुमीता अग्रवाल, मृतक की पुत्री (विवाहित), उम्र 38 वर्ष। उपरोक्त के अतिरिक्त मृतक के परिवार में अन्य कोई पारिवारिक सदस्य नहीं है। क्रम संख्या 1, 3 व 4 ने अपना हक छोड़ते हुए क्रम संख्या 2 पर अंकित श्री गौरव अग्रवाल के पक्ष में शपथ पत्र के माध्यम से सहमति प्रदान की है। उक्त भूखण्ड की मूल आवंटी श्रीमती राधा रानी की मृत्यु दिनांक 13.02.2015 को हो जाने के उपरान्त श्री गौरव अग्रवाल पुत्र श्री करन कुमार अग्रवाल द्वारा नामान्तरण हेतु अनुरोध किया गया है। अतः इस सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति सप्रमाण 30 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय विक्रय जोन–3 में प्रकाशन की तिथि से 30 दिवस के अन्दर प्रस्तुत कर सकता है। यह अवधि समाप्त होने के पश्चात् किसी भी आपत्ति पर विचार किया जाना सम्भव नहीं होगा तथा उपरोक्तानुसार क्रमांक 2 के पक्ष में नियमानुसार नामान्तरण की कार्यवाही प्रारम्भ कर दी जायेगी। बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं होगी।

के.के. सिंह (संयुक्त सचिव)

## छात्राओं को दिये सुरक्षा के टिप्स

**कानपुर (एसएनबी)।** अर्मापुर पीजी कॉलेज में बालिका सुरक्षा जागरण अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में कॉलेज की प्राचार्या, पुलिस अधिकारियों व प्रशिक्षित लोगों ने छात्राओं को आत्मरक्षा के टिप्स दिये। इस मौके पर कहा गया कि सुरक्षित रहकर ही हम आत्मविकास के द्वार पर पहुंच सकते हैं।

जागरूकता कार्यक्रम में प्राचार्या डॉ. गायत्री सिंह ने कहा कि शासन व समाज का निरंतर यह प्रयास रहता है कि बेटियां सुरक्षित रहें, क्योंकि किसी भी सभ्य समाज में कोई भी कार्य सुरक्षा के अभाव में आशंका और भय के वातावरण में पूरा नहीं हो सकता। चांद पर पहुंचने से बड़ी बात यह होगी कि बेटियां कॉलेज से सुरक्षित घर पहुंच जायें। आर्यन शाक्य ने छात्राओं को आत्मरक्षा के कई तरीकों का प्रशिक्षण दिया। साथ ही महिला हेल्पलाइन 1090, 181 और 100 की जानकारी देने के साथ ही अन्य उपयोगी जानकारियां भी दीं। इस मौके पर एंटी रोमियो स्क्वॉयड की सोनम, शशि और अशोक ने छात्राओं से कहा कि अपने ऊपर होने वाले अत्याचारों से निपटने के लिए उन्हें अपनी चुप्पी तोड़नी होगी।

इस मौके पर थानाध्यक्ष अर्मापुर अजीत कुमार वर्मा और एसआई ज्ञानेन्द्र कुमार ने कई छात्राओं की समस्याएं सुनने के बाद उनका निराकरण भी किया। यहां देवेन्द्र कुमार, वीरेन्द्र उपाध्याय, डॉ. दिनेश प्रसाद तिवारी, डॉ. केएन मिश्रा, हरिनाम सिंह, डॉ. निशी द्विवेदी, डॉ. कल्पना सिंह, डॉ. प्रियंका श्रीवास्तव आदि थीं।

## विधायक इरफान ने डीएम को कानून व्यवस्था पर दिया ज्ञापन

**कानपुर।** उप्र में बिगड़ी कानून व्यवस्था और तेजी से बढ़ते अपराध पर सपा विधायक हाजी इरफान सोलंकी ने बुधवार को जिलाधिकारी को राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन दिया। ज्ञापन में अवगत कराया गया कि भाजपा विधायक ने नाबालिग लड़की से दुराचार किया, फिर पुलिस की साठगांठ से उसके पिता को बुरी तरह मारा गया और जेल भेज दिया गया, जो पुलिस की अंडर कस्टडी में मर गया। फिर चाचा पर फर्जी मुकदमा लगाकर जेल भेजा गया। उसके बाद उससे मिलने जा रही नाबालिग पीड़िता को साजिशन कार में ट्रक से टक्कर मार पीड़िता की चाची व मौसी की हत्या करवा दी गयी, जो इस मुकदमे में महत्वपूर्ण गवाह थीं। अब जनता का ध्यान हटाने के लिए सपा विधायक अब्दुल्ला आजम खां को फर्जी मुकदमे में फंसाकर सरकार ने आज असंवैधानिक गिरफ्तारी की है। ज्ञापन देने वालों में सरताज अनवर, फजल महमूद, सुखविंदर सिंह लाडी, रियाज अहमद राजू, बंटी सेंगर, पार्षद लियाकत अली, सरताज आलम, मुन्ना, सिराज हुसैन, महफूज अख्तर रिजवान आदि थे।

## फाइल में डीएम के साइन नहीं फिर भी बन गया शस्त्र लाइसेंस !

### असलहा विभाग के बाबुओं की घपलेबाजी का खुलासा

**कानपुर (एसएनबी)।** कलेक्ट्रेट के असलहा विभाग में घपलेबाजी के कई सनसनीखेज प्रकरण प्रकाश में आये हैं। विरासत लाइसेंस के एक और नये लाइसेंसों के चार मामलों में जिलाधिकारी या एडीएम ने फाइल में दस्तखत नहीं किये फिर भी बाबुओं ने अपने स्तर से लाइसेंस बना दिये। जानकारी मिलने पर डीएम भी अवाक रह गये। उन्होंने संबंधित बाबुओं का कड़ी फटकार लगायी और सिटी मजिस्ट्रेट को प्रकरण की जांच के आदेश दिये।

जिलाधिकारी ने बाबुओं को फटकारा

सिटी मजिस्ट्रेट को दिये जांच के आदेश

सचेंडी थाना क्षेत्र निवासी संध्या सिंह का लगभग 22 वर्ष पूर्व रिवाल्वर का लाइसेंस बना था। इस लाइसेंस को संध्या सिंह अपने पुत्र मृत्युजंय सिंह के नाम बिरासत के तौर पर ट्रांसफर कराना चाहती थीं। उन्होंने नियमानुसार आवेदन किया और पूरी फाइल भी बनी। यूडीआई नम्बर के आधार पर लाइसेंस को दस्तावेजों में दर्ज कर लाइसेंस के लिए प्रस्तावित कर दिया गया। जिलाधिकारी ने दस्तखत नहीं किये फिर भी असलहा विभाग के बाबुओं ने अपने स्तर से मृत्युंजय सिंह के नाम पर लाइसेंस दर्ज कर दिया। उसके नाम की किताब भी बना दी गयी। बस किताब उसे देना बाकी थी कि मामला खुल गया। नियमानुसार उसी आवेदक का लाइसेंस बनाया जाता है जिसकी जिलाधिकारी स्तर से अनुमति मिल जाती है। मगर इस मामले में डीएम ने अनुमति नहीं दी, इसके बावजूद विभागीय संविदा बाबू बिनीत तिवारी व जितेंद्र ने दस्तावेजों में हेराफेरी करके लाइसेंस बनाने की प्रक्रिया पूरी कर ली गयी है। लाइसेंस की बुक भी बना दी गयी। इसी तरह कल्याणपुर क्षेत्र के भी चार लाइसेंसों का मामले प्रकाश में आये। इनमें भी जिलाधिकारी की अनुमति या दस्तखत के बिना बाबुओं ने फाइल कम्पलीट कर दी और लाइसेंस की किताब तक बना दी। इन मामलों को खुलासा होते ही जिलाधिकारी ने मामले की जांच सिटी मजिस्ट्रेट को सौंप दी है। इस सम्बंध में कोई भी प्रशासनिक अफसर बात करने को तैयार है। हालांकि असलहा विभाग की मॉनीटरिंग करने की जिम्मेदारी एडीएम सिटी की है। विभागीय सूत्रों का कहना है कि मामले को दबाने की कवायद शुरू हो गयी है।






श्रावण मास के शिवरात्रि पर्व की आप सभी को हार्दिक बधाई। देवाधिदेव महादेव की कृपा आप सब पर बनी रहे।

——— त्रिवेंद्र सिंह रावत, सीएम उत्तराखंड

# विकल्प देने के बाद ही खाली होगी कॉलोनी : ऊर्जा मंत्री

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

कानपुर।

भारतीय मजदूर संघ के राष्ट्रीय संगठन मंत्री वीरेन्द्र सिंह के नेतृत्व में केस्को मजदूर संघ के प्रतिनिधि मंडल ने प्रदेश के ऊर्जा मंत्री से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान ऊर्जा मंत्री ने आवास की वैकल्पिक व्यवस्था कराये जाने के बाद ही केसा कॉलोनी खाली कराने का आश्वासन दिया।

**ऊर्जा मंत्री ने केस्को भारतीय मजदूर संघ के प्रतिनिधियों को दिया आश्वासन**

ऊर्जा मंत्री से मुलाकात के दौरान मजदूर संघ के नेताओं ने केसा कॉलोनी की समस्या समेत केस्को कर्मियों की अन्य विभिन्न समस्याओं को लेकर बातचीत की। संघ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सर्वेश चन्द्र द्विवेदी ने बताया कि ऊर्जा मंत्री से संविदा मीटर रीडरों तथा ड्राइवरों को न्यूनतम वेतनमान प्रदान किये जाने की मांग की। उन्होंने बताया कि केस्को में बाह्य कार्यदायी संस्था के माध्यम से संविदा पर नियुक्त चालकों तथा मीटर रीडरों को सरकार द्वारा घोषित न्यूनतम वेतन का भुगतान नहीं किया जा रहा। संघ के विजय त्रिपाठी ने कहा कि बरसात के मौसम व शिक्षा सत्र की शुरुआत में केस्को प्रबंधतंत्र ने केसा कॉलोनी खाली कराने की नोटिस जारी कर दी है, जिससे केस्को कर्मचारियों की समस्याएं बढ़ गयी हैं। श्री त्रिपाठी ने बताया कि बातचीत के दौरान ऊर्जा मंत्री ने आवास की वैकल्पिक व्यवस्था कराये जाने के बाद ही केसा कॉलोनी खाली कराने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधि मंडल में अख्तर हुसैन, शिव कुमार गौतम, शशिकान्त श्रीवास्तव, नितिन मलिक, वीरेन्द्र सिंह, अजीत राजपूत आदि शामिल रहे।

## चेक बाउंस में आरोपी को सजा

**कानपुर (एसएनबी)।** चेक बाउंस के मामले में अदालत ने आरोपी दुकानदार को दोषी मानते हुए एक वर्ष की कैद व एक लाख तीस हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है।

लखनऊ के आलमबाग स्थित जय दुर्गा ट्रेडर्स के हरेंद्र प्रसाद ने फजलगंज स्थित राधिका कास्टिंग प्राइवेट लिमिटेड के जय नरायन तिवारी से 18 मार्च 2013 को वाल पुट्टी खरीदी थी। इसके एवज में आंशिक भुगतान के तौर पर हरेंद्र ने फर्म को 26750 रुपये की सहकारी बैंक की चेक दी। चेक लगाने पर वह स्टॉप पेमेंट के तहत बाउंस हो गयी। तब जय नरायन ने एक विधिक नोटिस जारी की। नोटिस का 15 दिन तक जवाब नहीं दिया। आखिरकार जय नरायन ने हरेंद्र प्रसाद के खिलाफ अतिरिक्त न्यायालय 2 में वाद दायर कर दिया। दायर वाद पर सुनवाई के दौरान मिले साक्ष्य को आधार मानते हुए अदालत ने हरेंद्र को सजा सुना दी। कहा कि अर्थदंड की धनराशि में से पांच हजार रुपये सरकारी खजाने में जमा की जाये। शेष रकम एक लाख 25 हजार रुपये परिवादी को अदा किये जायें।

## सावन संध्या में महिलाओं ने किया नृत्य



वूमेंस कांफ्रेंस की सावन संध्या पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान कैटवाक करतीं महिलाएं।

**कानपुर।** आल इंडिया वूमेंस कांफ्रेंस की सदस्य महिलाओं ने बुधवार को सिविल लाइंस स्थित महिला पार्क में सावन संध्या कार्यक्रम का आयोजन कर खूब मस्ती की। फिल्मी गानों पर थिरकीं महिलाओं के साथ तीज क्वीन का पुरस्कार मुख्य अतिथि रेखा पचौरी ने प्रदान किया। कांफ्रेंस की अध्यक्ष पूर्णिमा भार्गव, सचिव रेनू अग्रवाल ने बताया कि सावन पर आधारित मनमोहक गीत पेश किये गये, जिस पर सदस्य महिलाओं ने जमकर नृत्य किया। कांफ्रेंस की पूर्व अध्यक्ष उमा जैन ने जादूगर सैंया छोड़ो मेरी बहियां हो गयी आधी रात ... गीत पर नृत्य किया। वर्षा ने कोई शहरी बाबू दिल लहरी बाबू..., अंजू अग्रवाल ने चूड़ी जो खनके हाथों में याद पिया की आने लगी..., मनीषा ने भी पुराने फिल्मी गीतों की धुनों पर जमकर नृत्य किया। अन्य बहनों ने भी सावन के गीत, कजरी, मल्हार आदि गाये। सावन संध्या कार्यक्रम का आकर्षण राखी बाजार रही। यहां मेहंदी लगे हाथ चूड़ियों के साथ प्रतियोगिता हुई। इसी क्रम में तीज क्वीन का चयन भी किया गया। मुख्य अतिथि रेखा पचौरी को संस्था का प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया गया। यहां सुमन जैन, सुमन सक्सेना, तेज कौर, हरविन्दर कौर, उमा जैन, अनीता गर्ग, किरन दीक्षित, मीना अग्रवाल, मंजू अग्रवाल, नीता गुप्ता, मीरा गर्ग, दीपिका रस्तोगी, रीता गुप्ता, गीता अग्रवाल, कृष्णा अग्रवाल, प्रीती तोशनीवाल, ऊषा अग्रवाल, ईशा जैन आदि रहीं।

## प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी कल आयेंगे

**कानपुर।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी आर वेंकटेश्वर लू 2 अगस्त को शहर प्रवास पर होंगे। इस दौरान श्री लू निर्वाचन कार्य से जुड़े कर्मचारियों व स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करके उन्हें निष्पक्ष मतदान के लिए जागरूक करेंगे। यह जानकारी एडीएम वित्त ने देते हुए बताया कि निर्वाचन से संबंधित अधिकारियों व मतदाता जागरूकता से संबंधित संस्थाओं स्वीप नोडल अधिकारी, ईसीएल के प्रशिक्षण प्राप्त डीआईओएस, बीएसए, इलेक्टोरल लिट्रेसी क्लब के सदस्य, स्कूल-कॉलेज प्रधानाचार्य, एनएसए, एनसीसी, भारत स्काउट गाइड, नेहरू युवा केंद्र, व्यापार मंडल, बार एसोसिएशन, उद्योग बंधु, लायंस क्लब, रोटरी क्लब आदि के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा करेंगे।

## केडीए ने मल्टी लेवल पार्किंग का टेंडर रेट घटाया

**कानपुर।** फूलबाग मल्टी लेवल पार्किंग का टेंडर रेट केडीए ने तीस लाख रुपये घटा दिया है। पहले केडीए ने इस पार्किंग का टेंडर रेट एक करोड़ प्रति वर्ष रुपये घोषित किया था। फूलबाग मैदान के नीचे बनी मल्टी लेवल पार्किंग में करीब 600 कारों के खड़े होने का इंतजाम है। केडीए ने पार्किंग का टेंडर रेट एक करोड़ रुपये रखा था। करीब दो महीने तक केडीए ने कई बार टेंडर निकाला लेकिन एक करोड़ रुपये में कोई टेंडर लेने नहीं आया। अब केडीए ने हारकर 70 लाख रुपये प्रतिवर्ष के हिसाब से टेंडर रेट रखा है। टेंडर खुलने के बाद केडीए ठेकेदारों की तलाश करेगी। यदि इस पर ठेकेदार नहीं मिला तो टेंडर रेट कम भी हो सकता है। इस पार्किंग के लिए सबसे बड़ी समस्या फूलबाग के फुटपाथ पर नगर निगम की पार्किंग है। फूलबाग के फुटपाथ पर करीब सौ कारें खड़ी होती हैं। इसी वजह से केडीए की कैनाल रोड पार्किंग भी पूरी नहीं भर पा रही है। फूलबाग मल्टी लेवल पार्किंग भी तभी सफल होगी, जब नगर निगम की फुटपाथ पार्किंग बंद होगी।

## शहीद ऊधम सिंह के बलिदान दिवस पर पुष्पांजलि सभा

**कानपुर।** शहीद क्रांतिकारी ऊधम सिंह के बलिदान दिवस पर बुधवार को जवाहर नगर स्थित कमला नेहरू पार्क में चंद्रशेखर आजाद जन कल्याण समिति के सदस्यों ने पुष्पांजलि सभा की। कृष्णकांत अवस्थी ने शहीद के चित्र पर माल्यार्पण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सर्वेश कुमार पाण्डेय ने शहीद को जंग ए आजादी का महान वीर योद्धा बताया। यहां राकेन्द्र मोहन तिवारी, मोहन तिवारी, संदीप साहू, ओमकार सिंह, अशोक अवस्थी, बीडी पांडेय, राम कुमार तिवारी, उमेश आदि थे।

## प्रदेश उपाध्यक्ष बनने पर स्वागत

**कानपुर।** शिवपाल सिंह यादव फैंस एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर शैलेन्द्र मिश्रा को मनोनीत किए जाने पर कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। इस मौके पर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष आशीष चौबे ने कहा कि शैलेन्द्र के मनोनयन से अब संगठन में मजबूती आएगी। 8 अगस्त को लखनऊ में होने वाले धरना की रणनीति भी बनायी जाएगी। प्रदेश उपाध्यक्ष ने कहा कि शिवपाल सिंह ने जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसका निर्वहन करूंगा। इस अवसर पर पूर्व मंत्री शिव कुमार बेरिया, अरुणा कोरी, हरी कुशवाहा, आनन्द शुक्ला, किसलय दीक्षित, वरुन गुप्ता, राकेश रावत, दीपू त्रिपाठी, ऋषि दुबे, अभिषेक यादव, हिमांशु तिवारी, दीपू पाण्डेय, गौरव, डीके विश्वकर्मा, मो. आरिफ, चांद खान, आशीष, संदीप श्रीवास्तव, बब्लू यादव, पुष्पेन्द्र यादव, संध्या त्रिवेदी, संगीता, सुमित्रा आदि थीं।

## 'छात्र ही राष्ट्र के कर्णधार'

**कानपुर।** छात्र ही राष्ट्र के कर्णधार हैं। ये अपना सर्वांगीण विकास कर राष्ट्रोत्थान में अग्रणी होंगे। यह बात जयनारायण विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में आयोजित प्रतिभा अलंकरण समारोह के दौरान मुख्य अतिथि भारतीय शिक्षा समिति के प्रदेश निरीक्षक आरभानंद सिंह ने कही। इस अवसर पर विद्यालयी परीक्षा में कक्षा 9 की शशि वर्मा, वैष्णवी लोधी, आयुष दीक्षित व कक्षा 11 के आदर्श गुप्ता, हिमांशु गुप्ता, लकी पाठक को सम्मानित किया। मुख्य अतिथि का परिचय प्रधानाचार्य संतराम द्विवेदी ने कराया। मुख्य अतिथि को प्रतीक चिह्न प्रधानाचार्य व उप प्रधानाचार्य ने दिया। आभार ज्ञापन उप प्रधानाचार्य अनिल त्रिपाठी ने किया। मंच का संचालन विवेकानंद श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर उषा शुक्ला, अमित आदि थे।

## पीएम आवासों की लॉटरी 14 अगस्त को

**कानपुर।** प्रधानमंत्री आवासों की पहली चरण में पड़ी लॉटरी में सकरापुर गांव में प्रस्तावित प्रधानमंत्री आवासों को नहीं शामिल किया गया था, क्योंकि सकरापुर के प्रस्तावित आवासों की जमीन पर कानूनी विवाद था। पहले चरण में सकरापुर के प्रधानमंत्री आवासों के लिए 2204 आवेदन पत्र मांगे गये थे। पहले चरण की अंतिम तिथि तक करीब 1700 आवेदन पत्र केडीए को मिले थे। मांग से कम आवेदन आने पर केडीए ने बाद में आये 300 आवेदन पत्रों को भी स्वीकार कर लिया था। पहले आये 1700 आवेदन पत्रों का सूडा से सत्यापन हो गया है। बचे 300 आवासों के आवेदन पत्रों को सत्यापन के लिए सूडा भेजा गया है। 2204 आवासों के लिए 1700 आवेदकों की लॉटरी 14 अगस्त को केडीए परिसर में निकाली जायेगी। मांग से कम होने के कारण सभी को फ्लैट मिलेगा।

## सीवर का पानी आने पर हैंडपंप का हत्था रस्सी से बांधा

**कानपुर।** आवास-विकास हंसपुरम इलाके में सरकारी हैंडपंप से काला व बदबूदार पानी आ रहा है। पानी इतना गंदा है कि इसे किसी भी इस्तेमाल में नहीं लाया जा सकता है। जितेंद्र यादव, नीतेश भरद्वाज, सुधीर मिश्रा, हिमांशु सविता, लालू चौहान, सुनील वर्मा आदि ने बताया कि जब यह हैंडपंप लगाया जा रहा था, तब इससे साफ पानी नहीं आया। तब से लेकर आज तक इस हैंडपंप से गंदा पानी आ रहा है। वर्तमान में तो स्थिति यह है कि हैंडपंप का पानी पीना जान जोखिम में डालने के बराबर है। उन्होंने बताया कि दूषित जलापूर्ति के चलते हमने हैंडपम्प को बंद कर दिया है। इसके हत्थे को रस्सी से बांध दिया है, ताकि कोई भी धोखे से इसका पानी न पी ले। वहीं, क्षेत्रीय लोगों ने यह भी बताया कि इलाके में 80 प्रतिशत हैंडपंप खराब पड़े हैं। घरों में होने वाली जलापूर्ति भी दूषित है। ऐसे में लोगों को पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। जलकल अधिकारियों को सूचना देने पर भी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही खराब पड़े हैंडपम्पों को ठीक न कराया गया तो वे प्रदर्शन करेंगे।

## जल शक्ति अभियान समितियों से गांवों में होगा जल संचयन

**कानपुर।** शहर में वाटर हार्वेस्टिंग की तर्ज पर अब गांवों में जल शक्ति अभियान चलेगा। इसके लिए ग्राम पंचायत स्तर पर समितियां बनाने की तैयारियां शुरू हो गयी हैं। पहले चरण में तीन ब्लॉकों को लिया गया है। इसके चलते सीडीओ अक्षय त्रिपाठी ने पहले चरण में चौबेपुर, घाटमपुर तथा सरसौल को लिया है। सीडीओ के मुताबिक अभियान के तहत प्रत्येक गांव में वाटर लेवल नापने के लिए विकास खंड के कर्मचारियों द्वारा ग्राम के कुएं में इंचीटेप के जरिये वाटर लेवल की जांच की जायेगी। इस बाबत बुधवार को सीडीओ ने चौबेपुर विकास खंड के बहलोलपुर, बनी एवं सहज्यौरा गांव का निरीक्षण कर वाटर लेवल का मापंकन किया।

## 'तीन तलाक बिल लायेगा समाज में परिवर्तन'

**कानपुर।** तीन तलाक बिल पास होने के बाद देश और समाज में बड़े परिवर्तन आयेंगे। इससे मुस्लिम महिलाओं को भी बड़ी आजादी मिली है। यह बात बुधवार को माल रोड स्थित गीतांजलि गेस्ट हाउस में श्री शिव महापुराण कथा कह रहे 'राष्ट्रीय संत' राधेश्याम महाराज ने प्रेसवार्ता में कही। शिवकथा मर्मज्ञ ने कहा कि एक साथ तीन तलाक व हलाला प्रथा अनेक मुस्लिम देशों में भी नहीं है। यह बिल देश और समाज में बड़ा परिवर्तन लायेगा। मोदी सरकार के पांच वर्ष के कार्यकाल में भी राम मंदिर न बनने पर महंत ने कहा कि कई बार कुछ ऐसे प्रयोजन होते हैं, जिसके संदर्भ में राजा नहीं बताता है।

## व्यापारियों ने अधिकारियों को गिनाईं जीएसटी पोर्टल की खामियां

**कानपुर (एसएनबी)।** वाणिज्य कर विभाग में हुई बैठक में व्यापारियों ने अधिकारियों को जीएसटी पोर्टल की खामियां गिनाते हुए इससे हो रही दिक्कतों से अवगत कराया। स्पष्ट कहा कि सही जानकारी देने के बाद भी पोर्टल में टैक्स का मिलान नहीं हो पा रहा है।

वाणिज्य कर कार्यालय (जीएसटी भवन) में बुधवार को बैठक में वाणिज्य कर अफसरों ने व्यापारियों को स्पष्ट कर दिया कि अगर कोई भी व्यापारी जीएसटी में पंजीकृत है तो उसे फाइनल जीएसटीआर 9 भरकर अवश्य दाखिल करना होगा। खरीद व बिक्री भी अगर शून्य है, तब भी रिटर्न दाखिल करना अनिवार्य है। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश महामंत्री ज्ञानेश मिश्रा ने अधिकारियों को जीएसटी पोर्टल से जुड़ी बारीक समस्याएं बताईं। उन्होंने बताया कि जीएसटीआर 9 में आईटीसी के मिलान में दिक्कत आ रही है। माल बेचने वाला व्यापारी अगर टैक्स रिटर्न नहीं दाखिल करेगा तो खरीदार व्यापारी के बिल का मिलान नहीं होगा। साथ ही सुधार का कोई भी कॉलम पोर्टल में नहीं है। उन्होंने पोर्टल में सुधार का कालम करने सहित इसे सरल बनाने की बात कही। अगर ऐसी ही दिक्कतें आती रहीं तो तय तिथि पर फाइनल रिटर्न दाखिल हो पाना मुश्किल होगा। जानकारी दी कि एचएसएन कोड सही न भरने के कारण भी टैक्स का मिलान नहीं हो पा रहा है। नौबस्ता मंडी समिति का मामला उठाते हुए कहा कि दुकानों के किराये का पूरे वर्ष का 18 प्रतिशत जीएसटी व इस पर दो प्रतिशत टीडीएस भी एक साथ ले लिया गया है लेकिन जीएसटी का इन्वॉयस नहीं दिया गया है, जबकि जीएसटीआर वार्षिक की बजाय मासिक लिया जाता है। जीएसटीआर 9 दाखिल करने की अंतिम तिथि 31 अगस्त से बढ़ाकर दिसंबर तक करने की मांग की। मंडल के महानगर अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता ने कहा कि ई वे बिल डाउनलोड करने पर व्यापारी की फर्म का नाम भी पोर्टल पर दिखना चाहिए लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है। लोहा व्यापार मंडल के अध्यक्ष अतुल द्विवेदी ने दिक्कतों के निस्तारण की मांग की। बैठक में अपर आयुक्त ग्रेड वन अशफाक अहमद खान, ग्रेड टू केपी वर्मा, संयुक्त आयुक्त केपी मिश्रा आदि ने प्रोजेक्टर के माध्यम से व्यापारियों को जीएसटीआर 9 भरने का तरीका बताया। बैठक में अफीमकोठी लोहा व्यापार मंडल के अध्यक्ष जीतेन्द्र सिंह, 80 फीट रोड व्यापार मंडल के अध्यक्ष आलोक श्रीवास्तव, महेश मेघानी, दिनेश शुक्ला व प्रकाश गुप्ता आदि मौजूद थे।

**बिक्री व खरीद शून्य होने पर भी दाखिल करना होगा रिटर्न**

## मंदिर में सीवर का पानी घुसने पर हंगामा

**कानपुर।** कर्नलगंज लुधौरा स्थित शिव हनुमान मंदिर में सीवार का पानी आने से नाराज इलाकाई लोगों ने मंदिर के बाहर जमकर हंगामा किया और महापौर व नगर आयुक्त के खिलाफ नारेबाजी की। लोगों का कहना था कि कई लिखित शिकायत की पर आज तक कुछ नहीं हुआ। अगर जल्द ही सीवर भराव को मंदिर में न रोका गया तो क्षेत्रीय लोग नगर निगम पहुंचकर महापौर व नगर आयुक्त का घेराव करेंगे। कल्लू प्रसाद लोधी व इंदल वर्मा ने बताया कि यह मंदिर करीब सौ साल पुराना है। मंदिर के पीछे हाता है। हाते में अभी निर्माण कार्य शुरू हुआ था। इसके कुछ दिन बाद ही मंदिर में सीवर का पानी भरना शुरू हो गया। बुधवार को क्षेत्रीय लोगों ने पूर्व पार्षद मुशलीन खान भोलू को लेकर मंदिर में सीवर भराव दिखाया और जमकर नारेबाजी की। इस मौके पर मूल चंद्र, हेमराज, जगन्नाथ, रामू, मुनशवर, शुशमी, शकुन्तला, विद्या देवी, बिटोला आदि लोग मौजूद रहे।

## सीवर के पानी में खड़े होकर किया प्रदर्शन

**कानपुर।** जूही जालपानगर में सीवर भराव से गुस्साये लोगों ने बुधवार को सीवर के पानी में खड़े होकर नगर निगम व जलकल अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी की। जूही जालपानगर इलाके में सीवर भराव है। नालियां चोक होने से सीवर का पानी सड़कों पर भरा है। क्षेत्रीय लोगों ने कई बार नगर निगम व जलकल अधिकारियों को समस्या से अवगत कराया लेकिन सुनवाई नहीं हुई। इससे गुस्साये इलाके के राहुल सिंह, बब्लू चौहान, दिलीप यादव, मिंटू सचान, रोहित वर्मा, सुशील यादव, पंकज शर्मा आदि ने सीवर के पानी में खड़े होकर नगर निगम व जलकल अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी की। लोगों का कहना था कि क्षेत्र में सीवर भराव के चलते संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा है। उन्होंने कहा कि यदि जल्द ही सीवर भराव को दूर न किया गया तो अधिकारियों का घेराव किया जायेगा।


# कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी महोबा

पत्रांक- 1289-93/2019-20 | **विज्ञप्ति** | दिनांक : 31.07.2018

सर्व शिक्षा अभियान समेकित शिक्षा के अन्तर्गत विशिष्ट आवश्यकता वाले (श्रवण अक्षम एवं दृष्टि अक्षम) बच्चों के 08 माह (31 मार्च 2020) तक के आवासीय एक्सीलेरेटेड लर्निंग कैम्प में वार्डेन एवं केयर टेकर के पद पर निम्नवत् विवरण के अनुसार अभ्यर्थियों का चयन संविदा के आधार पर किया जाना है:-

| क्र. सं. | पद का नाम | कुल पद | मानदेय | न्यूनतम शैक्षिक अर्हता |
|---|---|---|---|---|
| 1. | वार्डेन (एच.आई. अथवा बी.आई) | 01 | 17500.00 | दृष्टि दिव्यांग बच्चों के शिक्षण प्रशिक्षण में कम से कम 1 वर्षीय डिप्लोमा 6-14 वय वर्ग के लिए डी.एस.ई.(वी.आई.) अथवा स्पेशल बी.एड. (बी.आई.) अथवा 02 वर्षीय डी.एड. (बी.आई.) भारतीय पुनर्वास परिषद से मान्यता प्राप्त संस्था से। दृष्टि दिव्यांगता के क्षेत्र के वार्डन हेतु ब्रेल पढ़ने एवं लिखने का ज्ञान होना एवं आर.सी.आई. में पंजीकृत होना अनिवार्य है। अथवा वाक श्रवण दिव्यांग बच्चों के शिक्षण प्रशिक्षण में 01 वर्षीय डिप्लोमा 6-14 वय वर्ग के लिए डी.एस.ई.(एच.आई.) अथवा स्पेशल बी.एड. (एच.आई.) अथवा 02 वर्षीय डी.एच.(एच.आई.) भारतीय पुनर्वास परिषद द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था से। वाक एवं श्रवण दिव्यांगता के क्षेत्र के वार्डन हेतु संकेत भाषा (साईन लैंग्वेज) का ज्ञान होना एवं आर.सी.आई. में पंजीकृत होना अनिवार्य है। वार्डन के लिए आवासीय प्री इन्टीग्रेसन कैम्प/ब्रिज कोर्स/आवासीय स्पेशल स्कूल / दिव्यांगता से सम्बन्धित किसी संस्था में कार्य करने का अनुभव को वरीयता दी जायेगी। |
| 2. | केयर टेकर (01 पद महिला केयर टेकर हेतु आरक्षित) | 03 | 6250.00 | 03 केयर टेकर (एक महिला केयर टेकर का होना अनिवार्य है) का चयन किया जायेगा जिनके लिये कैम्प में सम्पूर्ण अवधि में बच्चों के साथ रहना अनिवार्य होगा। केयर टेकर साक्षर होना चाहिए और केयर टेकर के लिए ऐसे अभ्यर्थियों को वरीयता दी जाएगी जिन्होंने ब्रिज कोर्स/प्री-इन्टीग्रेशन कैम्प / दिव्यांगता से सम्बन्धित किसी संस्था में पूर्व में कार्य किया हो। महिला केयर टेकर बालिकाओं के साथ पृथक कक्ष में रहेंगी। |

अन्य निर्देश -

- वार्डेन एवं केयर टेकर के लिये कैम्प में सम्पूर्ण अवधि में बच्चों के साथ रहना अनिवार्य होगा।
- महिला अभ्यर्थियों को चयन में वरीयता दी जायेगी।
- कैम्प में नामांकित बच्चों की शिक्षा के साथ-साथ सुरक्षा की जिम्मेदारी वार्डेन एवं केयर टेकर की होगी।
- उपरोक्त निर्धारित अर्हता रखने वाले अभ्यर्थियों को अपना बायोडाटा, शैक्षिक योग्यता, प्रशिक्षण योग्यता एवं अंकपत्रों एवं आरक्षण सम्बंधी प्रमाण-पत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करते हुये एक फोटो तथा 25 रूपये का डाक टिकट लगा एक लिफाफे के साथ दिनांक 13.08.2019 को सायं 5.00 बजे तक कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, महोबा के पते पर रजिस्टर्ड डाक द्वारा उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।
- उक्त तिथि एवं समय के बाद विलम्ब से पहुंचे आवेदन पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
- समस्त आवेदकों को साक्षात्कार हेतु दिनांक 17.08.2019 को पूर्वान्ह 11.00 बजे कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी महोबा में उपस्थित होना होगा। साक्षात्कार हेतु कोई पत्र नहीं भेजा जायेगा।
- साक्षात्कार के समय समस्त मूल प्रमाण-पत्रों, अंक पत्रों एवं अनुभव आरक्षण प्रमाण-पत्रों को प्रस्तुत करना होगा।
- साक्षात्कार में उपस्थित होने हेतु किसी प्रकार का मार्ग व्यय, भत्ता एवं अन्य व्यय देय नहीं होगा।
- आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप पर ही स्वीकार किया जायेगा।

**महेश प्रताप सिंह**
**जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी**
**महोबा**

आवेदन पत्र का प्रारूप वर्ष 2019-20
(वार्डेन एवं केयर टेकर हेतु)

आवेदक का नाम ......................................
पिता/पति का नाम ......................................
जन्मतिथि .................... (शब्दों में) ....................
स्थाई पता ......................................
वर्तमान पता ......................................
आर.सी.आई. पंजीयन संख्या .................... वैधता दिनांक ....................

स्वप्रमाणित फोटो

शैक्षिक योग्यता :-

| क्र.सं. | शैक्षिक योग्यता | बोर्ड/संस्था | वर्ष | पूर्णांक | प्राप्तांक | प्रतिशत | अन्य |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हाईस्कूल | | | | | | |
| 2 | इण्टरमीडिएड | | | | | | |
| 3 | स्नातक | | | | | | |
| 4 | डी.एड./डी.एस.ई./ बी.एड. (विशेष प्रशिक्षण) | | | | | | |
| 5 | अनुभव | | | | | | |

घोषणा पत्र

मैं .................................... पुत्र / पुत्री / पत्नी श्री .................................... एतद्द्वारा घोषणा करता/करती हूँ कि उपरोक्त विवरण मेरे द्वारा पूर्व किये गये हैं, कोई तथ्य छिपाया नहीं गया है तथा न ही मिथ्या भरा गया है। यदि उक्त विवरण में जाँचोपरान्त कोई त्रुटि पाई जाती है तो उसके लिए मैं स्वयं उत्तरदायी होऊँगा/होऊँगी। मेरे विरूद्ध उक्त के प्रति जो भी कार्यवाही की जायेगी वह मुझे स्वीकार होगी।

दिनांक ....................

आवेदक/आवेदिका के हस्ताक्षर
नाम-

# कार्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी फतेहपुर चौरासी जनपद-उन्नाव

पत्रांक : बीआरसी/374-75/2019-20 | दिनांक: 31/07/2019

**निविदा आमंत्रण सूचना**

ब्लाक संसाधन केन्द्र फतेहपुर चौरासी स्थित हफीजाबाद में वित्तीय वर्ष 2019-20 में आयोजित होने वाले प्रशिक्षणों एवं कार्यशालाओं में निम्नांकित मदों की सामग्री की आपूर्ति हेतु दिनांक 07.08.2019 को अपरान्ह 01:00 बजे तक अनुभवी निविदादाताओं से सीलबन्द लिफाफे में अलग-अलग निविदायें आमंत्रित की जाती हैं:-

1. **भोजन एवं जलपान**
2. **स्टेशनरी**

निविदायें कार्यालय में रखे निविदा बॉक्स में डाली जायेगी। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त निविदाओं पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। निविदायें उसी दिन अपरान्ह 03.00 बजे समिति के समक्ष खोली जायेगी। निविदा से सम्बन्धित शर्तें कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा है जिन्हें निविदादाताओं द्वारा अवलोकित किया जा सकता है। प्रत्येक मद हेतु निविदा प्रपत्र रू.- 200.00 नकद धनराशि का भुगतान कर ब्लाक संसाधन केन्द्र फतेहपुर चौरासी स्थित हफीजाबाद से किसी भी कार्यालय दिवस में दिनांक 07.08.2019 को मध्यान्ह 12:00 बजे तक प्राप्त किया जा सकता है।

**शैलेन्द्र कुमार वर्मा**
**खण्ड शिक्षा अधिकारी**
**फतेहपुर चौरासी**
**जनपद-उन्नाव।**

# कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, कन्नौज

पत्रांक/निविदा/एस०एस०ए०/5940-43/2019-20 | दिनांक 29.07.2019

**अल्पकालिक निविदा सूचना**

अधोहस्ताक्षरी द्वारा जिला परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा अभियान कन्नौज की ओर से निम्नांकित विवरण के अनुसार अलग-अलग निविदाएं दिनांक 08.08.2019 को अपरान्ह 12.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो उपस्थित निविदादाताओं अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में दिनांक 08.08.2019 को अपरान्ह 02.00 बजे गठित समिति द्वारा कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कन्नौज के कक्ष में निम्न विवरण के अनुसार खोली जायेगी।

| क्र० सं० | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (लाख में) | अर्नेस्टमनी (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य कर सहित (रूपये में) | जमानत धनराशि (लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 08 माह के एक आवासीय एक्सीलेरेटेड लर्निंग कैम्प के बच्चों एवं स्टॉक को निर्धारित मीनू के अनुसार खान-पान व्यवस्था। | 9.792 | 0.20 | 200/- | 0.50 |
| 2 | 60 बच्चों को यूनीफार्म एवं अन्य सामग्री आदि | 1.26 | .10 | 200/- | 0.20 |

निविदा की नियम एवं शर्तें कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कन्नौज में किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

**जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी**
**कन्नौज**

हरियाणा सरकार द्वारा कांवड़ यात्रा के दौरान हादसे में मृत कांवड़ियों के परिजनों को 2 लाख रुपए, गंभीर रूप से घायल को एक लाख रुपए तथा घायल कांवड़ियों को 50 हजार रुपए प्रदान किये जाएंगे।
— मनोहरलाल, सीएम, हरियाणा



# मेट्रो के रूट के लिए हैलट और मेडिकल कॉलेज की जमीन देखी

■ कानपुर (एसएनबी)।



**कास्टिंग यार्ड सीटीएम बस्ती इन्द्रानगर में बनेगा**

कानपुर मेट्रो के प्रस्तावित रूट के लिए लखनऊ मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (एलएमआरसी) की टीम ने हैलट और मेडिकल कॉलेज का सर्वे किया। गुरुवार को टीम नगर निगम और केडीए की आवासीय कॉलोनी का सर्वे करेगी।

आईआईटी से मोतीझील के रूट में मेडिकल कॉलेज/हैलट अस्पताल के नाम से मेट्रो स्टेशन बनेगा। एलीवेटेड मेट्रो स्टेशन के खम्भे जमीन से उठेंगे। इन खम्भों के लिए कितनी जमीन की आवश्यकता होगी, यह देखने एलएमआरसी की टीम बुधवार को शहर आयी थी। सर्वे के बाद जमीन का डिमार्केशन टीम करेगी। डिमार्केशन के बाद मेडिकल कॉलेज और हैलट अस्पताल को मुआवजा दिया जायेगा। एलएमआरसी के प्रोजेक्ट मैनेजर अरविन्द सिंह का कहना है कि दोनों स्थानों पर जमीन देख ली गयी है। हमारा प्रयास होगा कि कम से कम जमीन मेट्रो में ली जाये। यह डिमार्केशन के बाद तय होगा। कास्टिंग यार्ड के लिए टीम ने सीटीएम बस्ती इन्द्रानगर की जमीन फाइनल कर ली है। पहले इस जमीन का दावा केडीए कर रहा था। बाद में कागजों का मुआयना करने पर मालूम पड़ा कि उक्त जमीन समाज कल्याण विभाग भी नजूल जमीन है। यहां पर कास्टिंग यार्ड बनाने के लिए कुछ साल के अनुबंध मेट्रो करेगी। मेट्रो का प्रोजेक्ट पूरा होने के बाद उक्त जमीन को समाज कल्याण विभाग को वापस कर देगी। गुरुवार को टीम बाल उद्यान, केडीए व नगर निगम के आवासीय परिसर का निरीक्षण करेगी। यहां भी मेट्रो के रूट में जमीन की जरूरत पड़ेगी। यहां आवासीय कॉलोनी का कुछ हिस्सा नगर निगम और केडीए को शिफ्ट करना पड़ेगा।

# वंदे मातरम भाजपा का मूल मंत्र : महाना



खत्री धर्मशाला में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते कैबिनेट मंत्री सतीश महाना।

■ कानपुर (एसएनबी)।

**भाजपा कार्यकर्ताओं की कार्यशाला**

वंदे मातरम और भारत माता की जय, यह भाजपा के मूल मंत्र हैं। प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री सतीश महाना ने पार्टी कार्यकर्ताओं की कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं को भारत मां के लिए सर्वस्व न्योछावर करने को तैयार रहना चाहिए।

खत्री धर्मशाला, लालबंगला में आयोजित कार्यशाला में श्री महाना ने कहा कि भारत एक जमीन का टुकड़ा भर नहीं, भारत हमारी माता है। मां पर सर्वस्व न्योछावर करने के लिए कार्यकर्ताओं को तत्पर और तैयार रहना चाहिए। भाजपा का मूल मंत्र वंदेमातरम और भारत माता की जय है। भाजपा की कार्यपद्धति एकजन, एक राष्ट्र और एक संस्कृति है। पार्टी के प्रदेश मंत्री प्रकाश पाल ने कहा कि संगठन को चलाने के लिए कार्यकर्ता, कार्यालय व कार्यक्रम की आवश्यकता होती है। कार्यकर्ताओं में आपसी सामंजस्य व सामूहिकता का भाव होना चाहिए। दक्षिण जिलाध्यक्ष अनीता गुप्ता ने कहा कि संघ के रूप में 1925 में डॉ. केशवराम बलिराम हेडगेवार द्वारा लगाया गया पौधा आज वट वृक्ष का रूप ले चुका है। उन्होंने भाजपा के इतिहास और विकास की चर्चा करते हुए कहा कि आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में गांव, गरीब, मजदूर और किसान के विकास की पूरी चिंता करते हुए पं. दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद के सिद्धांतों पर चल रही है। कार्यशाला का संचालन विजय कुमार अवस्थी ज्ञानू ने किया। यहां राकेश तिवारी, विनोद शुक्ला, पीएन राय, वीडी राय, आदित्य शुक्ला, संतोष जायसवाल, धीरेन्द्र शुक्ला, सुशील कुशवाहा, कमलेश द्विवेदी, अतुल शुक्ल, सुरेन्द्र चौहान, अनिल दीक्षित, रमेश कुशवाहा, प्रकाश मिश्रा, छविलाल पुन, राजीव मिश्रा, धर्मेन्द्र चतुर्वेदी आदि थे।

# सखी हाट में लगा महिलाओं का जमघट



रावतपुर रेव मोती में सखी केन्द्र की सखी हाट में खरीदारी करतीं महिलाएं। फोटो : एसएनबी

■ कानपुर (एसएनबी)।

सखी केंद्र ने रेव मोती, रावतपुर में सखी हाट का आयोजन किया। यहां ज्यादातर उन महिलाओं ने भागीदारी की, जिन्होंने अन्याय, हिंसा और अनाचार के विरुद्ध आवाज बुलंद कर एक मिसाल कायम की। इनके अलावा पूरी तरह घरेलू महिलाओं ने भी अपने हस्तनिर्मित उत्पाद सखी हाट में प्रदर्शित किये थे। सखी हाट में हस्तनिर्मित आभूषण, परिधान, राखी, जूट के बैग, खिलौने, अचार, वॉल हैंगिंग, चटाई, बास्केट और स्वादिष्ट स्नैक्स के 65 स्टाल लगाये थे। मुख्य अतिथि महापौर प्रमिला पाण्डेय, एडीजी प्रेम प्रकाश, डॉ. बीआर अग्रवाल, डॉ. आशा त्रिपाठी, डॉ. सरोज राठौर आदि ने प्रदर्शनी में लगे उत्पादों को देख सराहा। यहां माइक्रो कैम्पेन 'सेल्फी फॉर ए कॉज' को भी लोगों ने सराहा। यहां मनोरंजक खेलों और सिंगिंग व डांसिंग कम्प्टीशन का आयोजन भी किया गया। यहां नीलम चतुर्वेदी, प्रभावती, अर्चना पाण्डेय, पुष्पा तिवारी, शीला सिंह, माया कुरील, ममता गुप्ता, माया सिंह, अनुपम तिवारी, बेबी यादव, प्राची त्रिपाठी आदि थीं।

# मुंशी प्रेमचंद की रचनाओं में आम आदमी का प्रतिनिधित्व

**कानपुर (एसएनबी)।** मुंशी प्रेमचंद की कलम आम आदमी का प्रतिनिधित्व करती थी। उन्होंने अपनी कहानियों के माध्यम से आम आदमी की पीड़ा को उजागर किया है। यह बात बुधवार को जन विकास परिषद के प्रांतीय अध्यक्ष डीएन मालवीय ने बर्रा-5 में आयोजित संगोष्ठी में कही। कथाकार मुंशी प्रेमचंद की जयंती पर हुई संगोष्ठी में श्री मालवीय ने कहा कि मुंशी जी ने अपनी कलम से संयुक्त परिवारों में हंसी-खुशी रहे, इसका भी पाठ पढ़ाते हुए संयुक्त परिवार के लाभ भी बताये हैं। यहां पर डॉ. दीप्ति सचान, शिव कुमार शर्मा, चंद्रभान गुप्ता, प्रियंका त्रिपाठी, दीनदयाल शर्मा, अनीता सिंह, आनंद विश्वकर्मा, प्रशांत शर्मा आदि थे। वहीं, सद्भावना मिशन ने अशोकनगर स्थित हिंदी भवन में व्याख्यान माला का आयोजन किया। यहां वक्ताओं ने कहा कि मुंशी प्रेमचंद की कहानियां आज भी प्रासांगिक हैं। इस मौके पर मुंशी प्रेमचंद की कहानियों पर टेली फिल्म बनाने वाले निर्माता व अभिनेता संतोष गुप्ता की फिल्मों का लोकार्पण करते हुए उनके प्रयासों की सराहना की गयी। कार्यक्रम में सुरेश गुप्ता, राजेश मिश्रा, अशोक अंशवानी, मो.सलीस, जिया चौधरी, राजे गुप्ता, संजय सचान, कीर्ति अग्निहोत्री, राकेश साहू, अम्बरीश गौर आदि थे।



मुंशी प्रेमचंद जी की जयंती पर बर्रा-5 में आयोजित संगोष्ठी में उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करते जनविकास परिषद के पदाधिकारी। फोटो : एसएनबी

## हमारे इर्दगिर्द ही होते हैं मुंशी प्रेमचंद के पात्र

**कानपुर।** एसएन सेन बालिका पीजी कॉलेज में कथा सम्राट मुंशी प्रेमचंद की जयंती पर आयोजित गोष्ठी में वक्ताओं ने उनकी कहानियों में समाज का सहज चित्रण होने की बात कहते हुए कहा कि मुंशी प्रेमचंद के पात्र हमारे इर्दगिर्द ही नजर आते हैं। जयंती पर आयोजित गोष्ठी में उनके चित्र पर माला और पुष्प अर्पित कर नमन किया गया। यहां वक्ताओं ने मुंशी प्रेमचंद की कहानी ईदगाह व अन्य कहानियों की भाषा, शैली और कथावस्तु की चर्चा कर कहा कि वह कहानियों में समाज का वास्तविक चित्रण करते थे। बीए प्रथम वर्ष की वैदेही द्विवेदी, वैष्णवी शर्मा, शिवानी, वारिशा, श्रेया मुखर्जी और आरती तिवारी ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि मुंशी प्रेमचंद के पात्र सजीव हैं, जो हमारे आसपास ही दिखायी देते हैं। ईदगाह कहानी का हामिद जब अपने चिमटे को बंदूक की तरह कंधे पर रख कर पाठकों के सामने आता है तो पाठक उसके आत्मविश्वास में स्वयं को ही पाते हैं। यहां डॉ. प्रीति सिंह, प्राचार्या पूर्णिमा त्रिपाठी, रचना शर्मा, शोभा बाजपेयी, विजयलक्ष्मी पाण्डेय, अंकिता शर्मा और दिशा सिंह आदि थीं।

# यूजीसी की तरह हो स्कूल ग्रांट कमीशन का गठन

**कानपुर।** माध्यमिक शिक्षक संघ (पाण्डेय) के धरने को संबोधित करते हुए वरिष्ठ शिक्षक नेता श्रीकांत द्विवेदी ने यूजीसी (यूनिवर्सिटी ग्रांट कमीशन) की तरह स्कूल ग्रांट कमीशन के गठन की मांग की। धरने में वित्तविहीन शिक्षकों की सेवा नियमावली लागू करने की मांग भी की गयी।

जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय, चुन्नीगंज में दिये गये धरने में श्री द्विवेदी ने ऐसे शिक्षक नेताओं की कड़ी निंदा की, जो शिक्षक विरोधी कार्यों के माध्यम से डरा धमका कर अपने संगठन का विस्तार करना चाहते हैं। प्रदेश संयोजक शैलेन्द्र द्विवेदी ने कहा कि तदर्थ शिक्षकों का विनियमितीकरण और वित्तविहीन शिक्षकों के लिए सेवा नियमावली का मुद्दा संगठन के संघर्ष के एजेंडे में शीर्ष पर है। पुरानी पेंशन बहाली के लिए राज्य कर्मचारियों के साथ बने मंच के माध्यम से लड़ाई जारी रहेगी। प्रदेश मंत्री बृजभूषण मिश्र व सुरेन्द्र पाल सिंह भल्ला ने कहा कि 1 अप्रैल 2014 के बाद नियुक्त शिक्षकों के लिए सामूहिक बीमा योजना समाप्त कर दी गयी है। इसे फिर से बहाल किया जाना चाहिए। वरिष्ठ शिक्षक नेता रमाशंकर तिवारी ने नगर निगम के शिक्षकों की समस्याओं का जिक्र करते हुए उनकी पदोन्नति और फंड कटौती की पास बुक दिलाने की मांग की। धरने का संचालन करते हुए जिला मंत्री राहुल कुमार मिश्र ने जिला विद्यालय निरीक्षक सतीश कुमार तिवारी को 11 सूत्री मांगपत्र सौंपा। यहां रमेश चंद्र पाण्डेय, सुनीत वर्मा, एसपी पाण्डेय, जयकरन सिंह, जय सिंह, शेखर चौधरी, जयकरण निषाद, अनुराग कटियार, रोहित कनौजिया, अम्बरीश तिवारी आदि थे।

# संगीत प्रतियोगिता के विजेता पुरस्कृत



जीएनके इंटर कॉलेज में स्वर सर्जना सांस्कृतिक संगीत समिति द्वारा पुरस्कृत हुए प्रतिभागी।

**कानपुर।** सिविल लाइंस स्थित जीएनके इंटर कॉलेज में बुधवार को स्वर सर्जना सांस्कृतिक संगीत समिति की गत दिनों हुई दो दिवसीय संगीत प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि सरिता निगम ने सभी विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। समिति की संस्थापक डॉ. राजेश्वरी ढ़ोढियाल ने मुख्य अतिथि के आगमन पर उनका माल्यार्पण कर स्वागत किया। बाद में प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों में शास्त्रीय गायन के बाल वर्ग में शिवेंद्र प्रकाश, ओम शुक्ला, कुलच भारद्वाज को और किशोर वर्ग में अभिषेक कुमार, कौशिकी, कौशलेश शर्मा और युवा वर्ग में राहुल चौधरी, अर्चना, आकांक्षा यादव को क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार से नवाजा गया। स्वर वाद्य किशोर वर्ग में मुक्ता, आद्या, मानवी को, ताल वाद्य के युवा वर्ग में जसप्रीत सिंह, मिनी गुप्ता, स्वप्निल अवस्थी को और शास्त्रीय समूह गायन में ललित कला ग्रुप और लोक गीत में श्री नानू भैया संगीत महाविद्यालय ग्रुप प्रथम रहा। इस अवसर पर शिवेंद्र प्रकाश, तनिका भटनागर, प्रज्वल गुप्ता, जसप्रीत सिंह आदि ने अपनी प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम का संचालन सोमालिका मिश्रा ने किया।

# आयुध निर्माणियों के निगमीकरण के विरोध में प्रदर्शन जारी

**कानपुर (एसएनबी)।** फूलबाग स्थित ओईएफ गेट के बाहर बुधवार को भी मजदूर यूनियन, इम्प्लाइज यूनियन एवं ओईएफ मजूदर संघ के संयुक्त बैनर तले कर्मचारियों का निगमीकरण के विरोध में प्रदर्शन जारी रहा। संयुक्त मोर्चे के नेता समीर बाजपेयी, पीके चटर्जी, योगेन्द्र चौहान ने कहा कि भारत में अभी तक जितने प्रधानमंत्री हुए, उन्होंने रक्षा जैसे संवेदनशील क्षेत्र के साथ आयुध निर्माणियों का निगमीकरण कर उन्हें बेचने के बारे में तनिक भी नहीं सोचा लेकिन यह देश का दुर्भाग्य है कि वर्तमान प्रधानमंत्री एक व्यापारी की तरह आयुध निर्माणियों को बेचकर उनसे मुनाफा कमाने की सोच रखते हैं। उनकी यह सोच देश को फिर गुलाम बनने की ओर ले जाएगी। आयुध निर्माणियां देश की सुरक्षा का चौथा स्तम्भ हैं। उनकी महत्ता को नकार प्रधानमंत्री एक तरह से अपनी बहुत छोटी सोच का परिचय दे रहे हैं। प्रदर्शन में शिवकुमार, अजय सिंह, संदीप खन्ना, महेन्द्र नाथ, विजय पाल, मो. अफजाल, रोहित तिवारी, प्रदीप शर्मा, डी सिंह, रमेश चन्द्र, संजय गुप्ता, हरीचन्द मुख्य रूप से थे।

फाइल सं.: 10(4)/2019-20/ESF/Pur
राष्ट्रीय शर्करा संस्थान
आई.एस.ओ. 9001:2015 प्रमाणित संस्थान
उपभोक्ता मामले खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय
(खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग)
(भारत सरकार)
कल्याणपुर, कानपुर
दिनांक 31.07.2019
आमंत्रित निविदा सूचना
भारत के राष्ट्रपति के द्वारा प्रदत्त अधिकारों के अन्तर्गत, निदेशक, राष्ट्रीय शर्करा संस्थान, कानपुर द्वारा प्रतिष्ठित भारतीय कम्पनियों से "I.D. Fan for bagasse fired boiler" क्रय करने हेतु समान कार्य में पूर्व अनुभव रखने वाली प्रतिष्ठित भारतीय फर्मों केन्द्र/राज्य सरकार संगठन / स्वायत निकायों / सार्वजनिक क्षेत्र की इकाईयों आदि से मुहरबन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती है।
निविदा का सम्पूर्ण विवरण तकनीकी तथा अन्य नियम व शर्तें संस्थान की वेबसाइट www.nsi.gov.in तथा भारत सरकार की ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल http://eprocure.gov.in/epublish/app उपलब्ध है। निविदाएँ दिनांक 22-08-2019 को अपराह्न 01:00 बजे या इससे पूर्व प्रस्तुत की जा सकती है। निविदा उसी दिन अपराह्न 03:00 बजे खोली जायेगी।
प्रशासनिक–सह–क्रय एवं विक्रय अधिकारी

# रोजगार मेले में मिला 38 अभ्यर्थियों को चयन पत्र

**कानपुर (एसएनबी)।** प्रादेशिक सेवायोजन कार्यालय में रोजगार मेले के दूसरे दिन विभिन्न कंपनियों द्वारा चयनित कुल 38 अभ्यर्थियों को चयन पत्र प्रदान किया गया, जबकि शॉर्टलिस्टेड किये गये कुल 36 अभ्यर्थियों की चयन जानकारी नियोजक कंपनियों द्वारा पांच दिनों के भीतर दी जायेगी।

प्रादेशिक सेवायोजन कार्यालय के रोजगार मेला सेल के प्रभारी वीरेन्द्र कुमार ने बताया कि रोजगार मेले के दूसरे दिन पांच कंपनियों ने हिस्सा लिया।

**रोजगार मेले का दूसरा दिन**

मेले में राधे इंटरप्राइजेज कानपुर, शिवांगनी लॉजिस्टक्स (फ्लिककार्ट), श्रीराम ग्रुप आफ इन्श्योरेन्स का. लि., यूरेका फोर्ब्स लि., ग्रैपी इंटरनेशनल प्रा. लि. कंपनियों में रिक्त पदों के लिए कुल 405 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया। चयन से पहले सभी अभ्यर्थियों की कार्यालय सभागार में काउंसलिंग की गयी।

इस दौरान कार्यालय के अधिकारियों ने अभ्यर्थियों के कागजात की जांच की। मेले में सबसे ज्यादा श्रीराम ग्रुप लाइफ इन्श्योरेन्स कंपनी लिमिटेड में रिक्त सेल्स मैनेजर व ब्रांच मैनेजर के 150 पदों के लिए कुल 209 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया, जिसमें 36 अभ्यर्थियों को शॉर्टलिस्टेड कर लिया गया। इस मौके पर सेवायोजन कार्यालय के मेला सेल प्रभारी वीरेन्द्र कुमार, शिवांगी शर्मा, अरशद हुसैन जाफरी, अनुराग श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

## धरना स्थल पर पहुंचीं महापौर

# दो दिन पुरानी हड़ताल खत्म करायी

**कानपुर।** जलकल के अभियंता एके राजपूत के साथ पार्षद शरद मिश्रा द्वारा की गयी अभद्रता के विरोध में जलकल मुख्यालय पर दो दिन से चल रही हड़ताल तीसरे दिन खत्म हो गयी। महापौर प्रमिला पाण्डेय ने धरनास्थल पर जाकर हड़ताली कर्मचारियों से पार्षद द्वारा की गयी घटना के लिए खेद प्रकट किया। महापौर के खेद प्रकट करने पर जलकल मुख्यालय पर चल रही हड़ताल खत्म हो गयी।

करीब पांच दिन पहले ओमपुरवा में जलभराव का निरीक्षण करने गये जलकल के अभियंता एके राजपूत के साथ क्षेत्रीय भाजपा पार्षद शरद मिश्रा ने अभद्रता की थी। इस पर जलकल के अधिकारी और कर्मचारी सोमवार से हड़ताल पर चले गये थे। हड़ताल शुरू होने के बाद पीड़ित अभियंता एके राजपूत की तरफ से पार्षद व उसके दो साथियों के खिलाफ चकेरी थाने में रिपोर्ट दर्ज करा दी गयी थी लेकिन पुलिस ने पार्षद को गिरफ्तार नहीं किया था। पार्षद की गिरफ्तारी की मांग को लेकर जलकल मुख्यालय पर कर्मचारियों और अधिकारियों ने धरना देकर हड़ताल शुरू कर दी थी। जलकल के अधिकारियों को बुलाकर नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा ने हड़ताल खत्म कराने का प्रयास किया था लेकिन हड़ताल खत्म नहीं हुई। मंगलवार रात हड़ताल खत्म कराने की दिशा में महापौर ने पीड़ित अभियंता व पार्षद शरद मिश्रा को बुलाकर बातचीत का सिलसिला शुरू करवाया। रात दस बजे तक चली समझौता वार्ता के पहले चक्र में नगर आयुक्त, जलकल के महाप्रबंधक, पीड़ित अभियंता और पार्षद के साथ-साथ महापौर भी उपस्थित रहीं। महापौर के समझाने पर भाजपा पार्षद ने अभियंता एके राजपूत से अपने व्यवहार के लिए खेद प्रकट किया। दूसरे चक्र में कर्मचारी नेता भी समझौता वार्ता में शामिल हुए। देर रात तय हुआ कि बुधवार सुबह ग्यारह बजे जलकल के महाप्रबंधक संजय सिन्हा धरनास्थल पर जाकर हड़ताल खत्म करने की घोषणा करेंगे। जलकल मुख्यालय पर सुबह ग्यारह बजे धरनास्थल पर कर्मचारियों और अधिकारियों की भीड़ देखकर जीएम की हिम्मत नहीं पड़ी। बाद में दोपहर एक बजे महापौर ने धरनास्थल पर पहुंचकर पार्षद के व्यवहार पर खेद प्रकट किया, तब नेताओं ने हड़ताल खत्म कराने की घोषणा की।



जलकल कार्यालय पर धरना देते कर्मचारी। फोटो : एसएनबी

**पार्षद ने अभियंता से खेद प्रकट किया**

# पार्षदों को प्रमिला पांडेय पढ़ायेंगी अनुशासन का पाठ

**कानपुर।** पार्षदों और अधिकारियों के बीच होने वाले विवादों के चलते महापौर प्रमिला पाण्डेय भी परेशान हो गयी हैं। महापौर के डेढ़ साल के कार्यकाल में करीब आधा दर्जन बार पार्षदों और अधिकारियों के विवाद को वह निपटा चुकी हैं। बहुत जल्द महापौर पार्षदों की सर्वदलीय बैठक बुलाकर अनुशासन का पाठ पढ़ायेंगी कि कैसे अधिकारियों के साथ व्यवहार किया जाये, जिससे वार्ड की समस्या भी हल हो जाये और कोई विवाद भी नहीं हो। महापौर का कहना है कि रोज-रोज पार्षदों और अधिकारियों के विवाद होंगे तो कौन अधिकारी पार्षदों की समस्याओं को देखने वार्ड में जायेगा, इसलिए जरूरी है कि पार्षद और अधिकारी, दोनों ही अपनी सीमा में रहकर काम करें, जिससे विवाद नहीं हों। महापौर का कहना है कि इस तरह के विवादों से शहर की सफाई व्यवस्था और विकास, दोनों ही प्रभावित होते हैं। वोट देने वाली जनता समस्या को लेकर रोज उनके दरवाजे पर खड़ी रहती है। जनता क्षेत्रीय विधायक और सांसद के पास जाती है तो सांसद और विधायक का भी फोन उनके पास आ जाता है कि तुम्हारे वार्ड की समस्या लेकर यहां आये हैं। अधिकारी उनकी सुनते नहीं, जिसके कारण विवाद होता है।

### भंडारा 21 अगस्त को

**कानपुर।** विश्व मानव रुहानी केंद्र के बसंत विहार नौबस्ता स्थित आश्रम में परम संत कृपाल सिंह महाराज की बरसी पर सत्संग प्रवचन, शबद गायन, ध्यान सिमरन के पश्चात गुरुदीक्षा व भंडारे का आयोजन 21 अगस्त को होगा। यह जानकारी गुरु संगत दास हेमन्त शर्मा ने दी।

कानपुर क्लब लिमिटेड
33, कैन्ट, कानपुर
अन्तिम नोटिस
पत्रांक: CCL/SC/2019-20/012 दिनांक: 31.07.2019
श्री संदीप तिवारी पुत्र श्री के0वी0 तिवारी हाउस सं0-28, गोपाल नगर, कानपुर (बर्खास्त कर्मचारी) द्वारा अपने कार्यकाल में रूपया- 1,53,205.00 का गबन आन्तरिक निरीक्षण में पाया गया था, जिसकी सूचना आपको इस कार्यालय के पंजीकृत पत्रांक CCL/SC/2019-20/003 दिनांक 05.07.2019 को उक्त पते पर भेजा गया था किन्तु उक्त पत्र को आपके द्वारा या आपके घर पर प्राप्त नहीं हो सका और मूल रूप से कार्यालय को वापिस प्राप्त हो गया।
अत: इस प्रकाशित नोटिस के द्वारा आपको अन्तिम अवसर इस आशय से दिया जा रहा है कि उक्त सूचना के प्रकाशन के सात दिवस के अन्दर गबन की गई धनराशि रूपया- 1,53,205.00 को कार्यालय में जमा करना सुनिश्चित करें, अन्यथा की स्थिति में आपके विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही हेतु बाध्य होना पड़ेगा, जिसके लिए आप स्वयं जिम्मेदार होंगे।
ऋषि कात्याल (सचिव)
कानपुर क्लब लिमिटेड

# सरजू प्रसाद एकादश ने जीता रामजानकी चैलेंजर कप

**कानपुर (एसएनबी)।** राम जानकी चैलेंजर कप क्रिकेट प्रतियोगिता के निर्णायक मैच में सरजू प्रसाद एकादश ने मॉडल टेनर्स इलेवन को 5 विकेट से हरा दिया।

कपिल क्रिकेट कोचिंग सेंटर द्वारा आयोजित प्रतियोगिता का फाइनल मैच रोवर्स मैदान पर खेला गया। टॉस जीतकर सरजू प्रसाद इलेवन ने गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी को उतरे मॉडल टेनर्स इलेवन ने पहला विकेट जल्द ही महज 6 रन पर खो दिया। दूसरा झटका 10 के योग पर लगा। तीसरा विकेट 25 रन के स्कोर पर गिरा। 28.4 ओवर में टीम 147 रन पर आउट हो गई। आदर्श सिंह ने सबसे अधिक 78 रन की अर्द्धशतकीय पारी खेली। युवराज यादव ने 22 रन बनाए। अन्य कोई भी बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू सका। 26 रन अतिरिक्त के खाते से आए। विपक्षी टीम के ऋतिक शर्मा सबसे सफल गेंदबाज रहे, उन्होंने महज 11 रन देकर 3 बल्लेबाजों को अपना शिकार बनाया। अनुभव नामदेव ने 3 व प्रशांत सिंह ने 2 विकेट लिये। जवाब में सरजू प्रसाद एकादश को भी पहली क्षति 6 रन के योग पर हुई। 43 रन पर दूसरा विकेट गिरा। 105 के योग पर तीसरी क्षति हुई। टीम ने 5 विकेट खोकर 35 ओवर में 148 रन बनाकर जीत हासिल कर ली। जीत में शुभांशु त्रिवेदी की नाबाद 56 रन का विशेष योगदान रहा। उत्कर्ष यादव ने 46 रन बनाए। विरोधी टीम के युवराज यादव ने 2 विकेट लिये।



विजेता सरजू प्रसाद एकादश की टीम। फोटो : एसएनबी

## एकता की पारी से केसीए महिला टीम जीती

**कानपुर।** कप्तान एकता सिंह की अर्द्धशतकीय पारी की बदौलत कानपुर क्रिकेट एसोसिएशन की महिला टीम ने अम्बिका प्रसाद मेमोरियल जूनियर टीम को 59 रन के अंतर से पराजित कर दिया। रामकली मैदान पर खेले गए मैच में टॉस जीतकर कानपुर क्रिकेट एसोसिएशन की महिला टीम ने बल्लेबाजी करने का फैसला किया। टीम ने तय पूरे 25 ओवरों का सामना किया। इस दौरान 4 विकेट खोकर 121 रन का शनादार स्कोर खड़ा किया। इस योग में पहले विकेट के लिए हुई 101 रन की साझेदारी का विशेष योगदान रहा। ओपनिंग करने आईं कप्तान एकता सिंह ने 51 रन की अर्द्धशतकीय पारी खेली। साथी ओपनर आरती ने 38 रन का योगदान दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी अम्बिका प्रसाद मेमोरियल जूनियर टीम विपक्षी गेंदबाजी आक्रमण के सामने महज 62 रन पर ढेर हो गई। सबसे ज्यादा 16 रन की पारी दीपू ने खेली। विजेता टीम के लिए छाया चौहान ने 8 रन खर्च करके 3 विकेट लिये। कशिश ने 3 रन देकर 2 विकेट, विदिशा ने 12 रन देकर 2 व अर्चना ने 14 रन देकर 2 विकेट लिये।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आयेंगे आज शहर को भगवा करने की तैयारी

**कानपुर (एसएनबी)।** भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह के नगर आगमन पर उनके स्वागत में शहर को भगवा करने की तैयारी की गयी है। बुधवार शाम से गुरुवार सुबह तक शहर के सभी प्रमुख चौराहों और मार्गों को भाजपा के झंडों के साथ भगवा झंडों से पाटने की तैयारी कर ली गयी है।

भाजपा कार्यालय, नवीन मार्केट में हुई बैठक में तय किया गया कि प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार शहर आ रहे स्वतंत्र देव सिंह का भाजपाई ऐतिहासिक स्वागत करेंगे। निर्णय लिया गया कि उत्तर जिला में आने वाले सभी विधानसभा क्षेत्रों में पार्टीजन श्री सिंह के स्वागत में पूरे क्षेत्र को भाजपामय करेंगे। कल्याणपुर, गोविंदनगर, सीसामऊ व आर्यनगर विस क्षेत्रों में तय स्थानों पर ही श्री सिंह का स्वागत किया जायेगा। सभी पदाधिकारी श्री सिंह के स्वागत के लिए सुबह 11 बजे जाजमऊ गंगापुल पहुंच जायेंगे। जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र मैथानी ने बताया कि स्वागत मार्ग पर लगी महापुरुषों की प्रतिमाओं को कार्यकर्ता गुरुवार सुबह साफ कर उन पर माल्यार्पण करेंगे। बैठक में अनिल दीक्षित, प्रमोद त्रिपाठी, दीपक सिंह, अनूप अवस्थी, आशा पाल, सतेन्द्र पांडेय, पूनम कपूर, मुकेश भाटिया, जन्मजेय सिंह, शोभा श्रीवास्तव, अभिनव, गिरिजेश बाजपेयी, अनुपम मिश्रा आदि थे।

**भीमनगर बस्ती जायेंगे स्वतंत्रदेव:** भाजपा दक्षिण के मीडिया प्रभारी नीरज गुप्ता ने बताया कि जाजमऊ गंगापुल पर श्री सिंह का स्वागत किया जायेगा। वह महाराजपुर व छावनी विस क्षेत्रों से होते हुए किदवईनगर विस क्षेत्र में आयेंगे। यहां वह गोवर्द्धनपुरवा मलिन बस्ती के स्थान पर सचान गेस्ट हाउस के पास भीमनगर बस्ती में जायेंगे, जहां लोगों को भाजपा का सदस्य भी बनायेंगे।

कार्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी सिकन्दरपुर सरोसी जनपद-उन्नाव
पत्रांक : 114-15/2019-20 दिनांक: 31/07/2019
निविदा आमंत्रण सूचना
ब्लाक संसाधन केन्द्र सिकन्दरपुर सरोसी में वित्तीय वर्ष 2019-20 में आयोजित होने वाले प्रशिक्षणों एवं कार्याशालाओं में निम्नांकित मदों की सामग्री की आपूर्ति हेतु दिनांक 07.08.2019 को अपरान्ह 01:00 बजे तक अनुभवी निविदादाताओं से सीलबन्द लिफाफे में अलग-अलग निविदायें आमंत्रित की जाती है:-
1. भोजन एवं जलपान
2. स्टेशनरी
निविदायें कार्यालय में रखे निविदा बॉक्स में डाली जायेगी। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त निविदाओं पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। निविदायें उसी दिन अपरान्ह 03.00 बजे समिति के समक्ष खोली जायेगी। निविदा से सम्बन्धित शर्तें कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा है जिन्हें निविदादाताओं द्वारा अवलोकित किया जा सकता है। प्रत्येक मद हेतु निविदा प्रपत्र रू.- 200.00 नकद धनराशि का भुगतान कर ब्लाक संसाधन केन्द्र सिकन्दरपुर सरोसी से किसी भी कार्यालय दिवस में दिनांक 07.08.2019 को मध्यान्ह 12:00 बजे तक प्राप्त किया जा सकता है।
आशीष चौहान
खण्ड शिक्षा अधिकारी
सिकन्दरपुर-सरोसी
जनपद-उन्नाव।

राष्ट्रीय सहारा

कानपुर • बृहस्पतिवार • 1 अगस्त • 2019

www.rashtriyasahara.com



अनमोल वचन

*शिक्षित व्यक्ति यदि चरित्रहीन हो, तब क्या उसे विद्वान कहेंगे? कभी नहीं* -सुभाषचंद्र बोस

## तीन तलाक को तलाक

संसद के दोनों सदन से तीन तलाक यानी मुस्लिम महिला विवाह संरक्षण विधेयक का पारित होना ऐतिहासिक घटना है। भारत जैसे देश में जहां राजनीतिक दलों की मुख्य चिंता वोट बैंक की होती थी, वहां एक समुदाय के बड़े वर्ग का विरोध झेलते हुए ऐसे प्रगतिशील न्यायपूर्ण कानून बनाने की कुछ वर्ष पूर्व में कल्पना तक नहीं की जा सकती थी। यही देश है जहां एक बूढ़ी महिला शाहबानो को सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिए गए गुजारा भत्ता के आदेश को संसद ने एक समुदाय के दबाव में आकर पलट दिया था। दो वर्ष पहले सर्वोच्च न्यायालय ने अपने फैसले में साफ कर दिया था कि एक साथ तीन तलाक गैर इस्लामी, गैर कानूनी एवं संविधान विरोधी है यानी एक साथ तीन तलाक कहने भर से तलाक नहीं होगा। बावजूद तीन तलाक होते रहे। पीड़ित



महिलाएं पुलिस के पास जाती थीं, लेकिन ऐसा कोई कानून नहीं था जिसके तहत पुलिस कार्रवाई कर सके। इसलिए सर्वोच्च न्यायालय के आदेश को मूर्त रूप देने एवं इस कुप्रथा का अंत करने के लिए कड़े कानून बनाना जायज कहा जा सकता है। अब पुरुष के अहं से ग्रस्त लोग अपनी मानसिक कुंठा से महिलाओं को अपने ठेंगे पर रखने का साहस नहीं करेंगे। करेंगे तो उनके खिलाफ कानून कार्रवाई करेगा। महिलाओं को न्याय पाने का बड़ा आधार मिल गया है। यह मुस्लिम समाज के अंदर समाज सुधार का कानूनी कदम है। किंतु कोई भी सुधार समाज के सहयोग के बगैर सफल नहीं हो सकता। साहसी महिलाएं तो खड़ी होंगी, लेकिन आम महिलाएं अभी भी परिवार और मजहब के तहत ही समस्या के समाधान की कोशिश करेंगी जिसमें उनको अनेक जलालत से गुजरना होगा। समाज के एक बड़े वर्ग के अंदर भाव बिठाया गया है कि हमारे पर्सनल लॉ में हस्तक्षेप किया जा रहा है। जाहिर है कि समाज के विवेकशील लोगों को आगे आना होगा। केवल कानून से महिलाओं को न्याय नहीं मिल सकता। ऐसे किसी भी समाज सुधार कानून के दुरुपयोग की भी संभावना रहती है। इसमें भी है। इसके लिए भी सचेत होने की जरूरत है। इसमें पुलिस-न्यायालय की भूमिका महत्त्वपूर्ण हो जाती है। हिंदुओं में दहेज कानून का ज्यादातर दुरुपयोग हुआ है, और इस कारण समाज सुधार का यह कानून सफल नहीं हुआ। जिस तरह तीन तलाक संबंधी बहस में मुस्लिम समाज से ही महिलाएं खुलकर सामने आई हैं, उससे समाज जागरण का पता चलता है। इस प्रक्रिया को और तेज करना होगा जिसका प्रतिगामी समूह पूरा विरोध करेगा।

## सिद्धार्थ की खुदकुशी

कड़ी मेहनत और मजबूत इच्छाशक्ति के वी.जी. सिद्धार्थ की खुदकुशी वाकई चौंकाती है। कैफे कॉफी डे (सीसीडी) के संस्थापक सिद्धार्थ का कर्ज न चुका पाने के चलते अपनी जिंदगी खत्म करने का फैसला इस लिहाज से भी परेशान करता है क्योंकि व्यापार में ऐसी बातें बेहद सामान्य हैं। कर्मचारियों को संबोधित करते हुए उन्होंने जो कथित चिट्ठी लिखी है, उसमें कई बातों का जिक्र किया गया है। मगर दो-तीन बातों पर गौर करने की जरूरत इसलिए है क्योंकि हालिया समय में नये उद्यम की शुरुआत करने की जो कोशिशें सरकार की तरफ से हुई हैं, उसमें यह प्रकरण एक सीख है। सिद्धार्थ ने आयकर विभाग और इक्विटी पार्टनर पर दबाव डालने का संगीन आरोप लगाया है। हालांकि सिद्धार्थ पर 2017 में 700 करोड़ की आयकर चोरी की जांच शुरू हुई थी और यह अभी भी जारी है। निःसंदेह सिद्धार्थ बेहद सफल उद्यमी थे और उन्होंने दक्षिण भारत की कॉफी को



देश के बाकी शहरों तक पहुंचाया। महज 5 लाख रुपये की शुरुआती पूंजी से अरबों का साम्राज्य खड़ा करने वाले सिद्धार्थ से आखिर चूक कहां हो गई, यह देखने-समझने की जरूरत है। चूंकि उन्होंने कॉफी चेन चलाने के अलावा, रियल इस्टेट, होटल उद्योग, खनन और धातु उत्पादन, निर्यात सेक्टर, आईटी कंपनी आदि में कारोबार फैला रखा था, सो तनाव और परेशानी की यह एक बड़ी वजह हो सकती है। दूसरी अहम बात देश में व्यापार करने के लिए जटिल नियम-कानून और लालफीताशाही की भी है। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि भारत में बिजनेस शुरू करना और इसे बढ़ाना कितना दुष्कर है। अफसोस वह भारी कर्ज में डूबते चले गए और कंपनी को इस संकट से उबारने के उनके तमाम प्रयास फलीभूत नहीं हो सके। उनका सपना सेना में शामिल हो देश की सेवा करना था, मगर असफल रहने पर उन्होंने दूसरे माध्यम से समाज की सेवा की। उन्होंने 43 हजार से ज्यादा लोगों को नौकरियां दीं। स्टार्टअप के हिमायती लोगों को सिद्धार्थ के पूरे कॅरियर से सीखने की जरूरत है। साथ ही, सरकार के विभिन्न महकमों को भी अपने तौर-तरीकों में नरमी लाने की जरूरत है। सिद्धार्थ की कथित चिट्ठी में लिखी बातों पर गौर करें तो उन्होंने अपने कर्मचारियों को मजबूत बने रहने की सीख दी, किंतु परेशानी के दौर में वह खुद कमजोर पड़ गए।

कटाक्ष/ सहीराम

## एक और म्यूजियम

अब सभी पूर्व प्रधानमंत्रियों को सम्मान मिलेगा। उनका एक म्यूजियम बनाया जाएगा। वैसे तो प्रधानमंत्री पद मिल जाए इससे बड़ा सम्मान क्या होगा। फिर भी मोदी जी को शिकायत है कि सिर्फ गिने-चुने और जाहिर है गांधी-नेहरू परिवार के पूर्व प्रधानमंत्रियों को ही सम्मान मिला है। यह बात उन्होंने उतनी ही पीड़ा के साथ कही जितनी पीड़ा के साथ कहते हैं कि स्वतंत्रता संग्राम के चुनिंदा नेताओं जाहिर है गांधी-नेहरू परिवार को ही आजादी की लड़ाई का सारा श्रेय तथा सम्मान मिला, बाकी को भुला दिया गया।

प्रधानमंत्री जी ने गहरी वेदना के साथ बताया कि कई पूर्व प्रधानमंत्रियों का तो मजाक तक बनाया गया। किसी-किसी को हमेशा सोते रहने वाला प्रधानमंत्री तक बताया गया। बताओ? इस मामले में वे भेदभाव नहीं करते और कांग्रेस के पूर्व प्रधानमंत्रियों को भी उन्होंने पूरे आदर के साथ याद किया। जैसे लालबहादुर शास्त्री। उनको इतना याद किया जा रहा है कि ताशकंद डायरी के नाम से फिल्म भी बन गई। वैसे फिल्म तो मनमोहन सिंह जी पर भी बन गई-एक्सीडेंटल प्राइम मिनिस्टर। पर शायद वे इसे सम्मान नहीं मानते। ऐसे ही नरसिंह राव जी थे। उन पर अभी किसी फिल्म की घोषणा नहीं हुई है, पता नहीं सम्मान कैसे मिलेगा। उनके प्रधानमंत्री रहते भाजपा ने उन्हें पूरा सम्मान दिया। अब मत कहिए कि उनके राज में बाबरी मस्जिद टूटी थी, इसलिए दिया। जी नहीं, खुद आडवाणी जी ने कहा था कि शास्त्री के बाद वे सबसे अच्छे प्रधानमंत्री रहे। नई आर्थिक नीतियां लेकर आए पर तब आडवाणी जी ने कहा था कि उन्होंने भाजपा की आर्थिक नीतियां चुरा ली हैं। पर चोर नहीं कहा था, बल्कि वे इस चोरी से वे खुश ही थे। पर उन्हें मौनी बाबा किसने कहा था? रही बात गैर कांगेसी प्रधानमंत्रियों की तो देवगौड़ा जी को हमेशा सोते रहने वाला प्रधानमंत्री कौन कहता था? वी पी सिंह की सरकार को तो कांग्रेस और भाजपा, दोनों ने ही मिलकर गिराया था, जब रथयात्रा करते हुए आडवाणी जी गिरफ्तार हुए थे। रहे चंद्रशेखर जी, तो उन पर लिखी किताब का लोकार्पण करके उन्हें तो उन्होंने पूरा आदर दे ही दिया और उनके पुत्र को भी पार्टी में शामिल कर ही लिया। अब और कौन बचा? अच्छा गुजराल साहब! गनीमत है, याद आ गया।

# कुछ चेहरे हुए बेनकाब

तीन तलाक

मो. सज्जाद



आजाद भारत के विधायी इतिहास में जुलाई, 2019 अनेक खराब कानूनों के लिए जानी जाएगी बल्कि अभी कुछ और भी खराब कानून बनाए जाने हैं। इनमें से अधिकांश विधेयकों को जल्दबाजी में दोनों सदनों में पारित किया गया जहां विपक्ष संख्यात्मक रूप में कम और कमजोर है। इन कानूनों में आरटीआई अमेंडमेंट एक्ट, अनलॉफुल एक्टिविटीज (प्रिवेंशन) अमेंडमेंट बिल तथा मुस्लिम वीमैन (प्रोटेक्शन ऑफ राइट्स ऑन मैरिज) एक्ट तो खास तौर पर प्रतीत होते हैं कि बदले की भावना या प्रतिशोधवश पारित किए गए हैं।

आखिर वाला कानून तीन तलाक को अवैध ठहराता है, और तीन तलाक देने (आईटीटी) के आरोपित मुस्लिम को दोषी पाए जाने पर तीन साल कैद की बात कहता है। आरटीआई में किए गए संशोधनों से नागरिकों को उन तरीकों से वंचित होना पड़ेगा जिनसे उनका सशक्तिकरण हुआ और सरकारों को जवाबदेह बनाया जा सकता था। कहने की जरूरत नहीं कि सरकार को जनोन्मुखी मुद्दे उठाने वाले सामाजिक कार्यकर्ताओं के खिलाफ अपने अधिकार का दुरुपयोग करने में अब आसानी होगी। आईटीटी संबंधी किए गए प्रावधान तो हास्यास्पद हैं क्योंकि कानून की दृष्टि में आईटीटी पहले से ही अवैध है। अब मुद्दा तो यह है कि जब एक 'अपराध' हुआ ही नहीं दिख रहा तो तीन साल की सजा देने को कैसे तार्किक ठहराया जा सकेगा? इस प्रकार के कानून और न्यायिक व्यवस्था पर समूचा विश्व हमें मजाक समझेगा। आईटीटी मुस्लिमों के केवल एक खत्थे (मसलक) हनफी में ही प्रचलित है। हनफी सुन्नी मुस्लिम होते हैं।

हालांकि वे भारतीय मुसलमानों में अक्सरियत में हैं। नेहरू-नीत सरकार ने हिंदू विवाह अधिनियम, 1956 में बनाया तो तभी से एक वर्ग को कहीं गहरे मलाल रहा कि मुस्लिमों को लैंगिक समानता संबंधी सुधार प्रक्रिया से बाहर क्यों रखा गया? 1986 में जब राजीव गांधी-नीत सरकार ने शाह बानो (1916-1992) मामले में सुप्रीम कोर्ट द्वारा शाह बानो के पक्ष में दिए गए फैसले को कानून बनाकर पलटा और गुजारा भत्ता उन्हें वंचित कर दिया तब मलाल की गिरफ्त में चले आ रहे वर्ग की पीड़ा और गहरा गई। राजीव सरकार ने यह सब मुल्ला-मौलवियों के दबाव में किया था। उल्लेखनीय ये दुखी केवल हिंदू दक्षिणपंथी ही नहीं थे। यहां ध्यान दिलाया जाना आवश्यक है कि अली मियां नदवी (1914-1999), ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के तत्कालीन सदरए ने उर्दू में लिखे अपने संस्मरण कारवां-ए-जिंदगी



(1988)-के वॉल्यूम 3, अध्याय 4, पृष्ठ संख्या 134-135 और 157 पर स्पष्ट बताया या कहें कि कबूल किया कि उन्होंने कैसे तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी को गुमराह करते हुए सुप्रीम कोर्ट के फैसले को अप्रभावी करने की गरज से कानून में संशोधन करने के लिए तत्पर किया। नदवी के साथ ही निकोलस नुजेंट की पुस्तक 'राजीव गांधी : सन ऑफ अ डायनेस्टी (बीबीसी बुक्स, 1990, पृष्ठ 187) का संदर्भ भी लिया जा सकता है, जिसमें रहस्योद्घाटन किया गया है, '...कांग्रेस हाई कमान ने 1986 के शुरुआती समय में उसी तरह से 'हिंदू कार्ड खेलने' का फैसला कर लिया था, जैसे मुस्लिम वीमैन बिल को 'मुस्लिम कार्ड खेलने' के लिए इस्तेमाल किया गया था।' ...अयोध्या का पैकेज डील होना था...मुस्लिम वीमैन बिल के जवाब के तौर पर... पैकेज डील में हिंदुओं का रुख करने में राजीव महत्त्वपूर्ण भूमिका में थे। ताले खुले धर्मस्थल पर पूजा-अर्चना करते हिंदुओं को दूरदर्शन पर दिखाया जाना था।' शाह बानो, जिनका विवाह 1932 में हुआ था, इंदौर के धनाढ्य वकील की परित्यक्ता (1975 में) पत्नी थीं। वह 62 वर्ष की आयु में गुजारा भत्ता दिलाने की याचिका के साथ सुप्रीम कोर्ट पहुंची (अप्रैल, 1978 में) थीं। बहुतों को यह प्रासंगिक तथ्य शायद पता न हो कि शाह बानो को तीन तलाक इंदौर की कोर्ट में दी गई थी। मामले की सुनवाई कर रहे जज के यह कहने पर कि मुस्लिम पर्सनल लॉ के तहत भी शाह बानो गुजारा भत्ता की हकदार थीं। इस पर उनके पति ने तीन बार तलाक बोला था। 2019 में बने इस कानून की त्रासदी यह है कि इसमें गुजारा भत्ता की बाबत एक भी शब्द नहीं है। महिला तो सदा ही असहाय है, जैसा कि शाह बानो थीं। वैसे ही, जैसे कि अनेक हिंदू महिलाओं को भी पतियों द्वारा छोड़ दिया जाता है।

असदुद्दीन औवेसी ने इस कानून की तमाम खामियों की तरफ अच्छे से ध्यान दिलाया है। पर लोक सभा में इसकी खामियां गिनाते हुए वह भी गुजारा भत्ते की बात भूल गए। जैसे कि वह मौलवियों को लुभार रहे थे। फरवरी, 2018 में औवेसी ने हैदराबाद में ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के 26वें सत्र की मेजबानी की थी। एक हफ्ते पहले ही बोर्ड के प्रवक्ता ने लखनऊ में वादा किया था कि वह एक मॉडल निकाहनामा लाने वाले हैं, जिसमें दूल्हा तीन तलाक नहीं कहने की शपथ लेगा। अब बड़ी बेशर्मी से बोर्ड अपनी बात से फिर गया है। बोर्ड ने शायरा बानो मामले में सुप्रीम कोर्ट में स्वयं को एक पक्ष बनाया था। कोर्ट ने मामले में अगस्त, 2017 में फैसला सुनाया। बोर्ड ने शपथ लेकर कहा था कि अदालत के बजाय मामला संसद में सुलझना चाहिए। लेकिन बोर्ड ने इस बाबत एक मसौदा तक तैयार नहीं किया। बजाय इसके उसने सड़कों पर उतरने को तरजीह दी।

1980 के दशक के बाद से भारतीय समाज और राजनीति का तेजी से सांप्रदायिकरण हुआ है। बहुसंख्यकवाद को इससे खुराक मिली और इन उदार-मध्यमार्गियों ने अपने कृत्यों से भारतीय 'धर्मनिरपेक्षतावाद' की छवि को धूमिल किया। माना कि मुस्लिम दकियानूसी ताकतों का यह पक्ष लेता है। दुखद यह है कि आधुनिक शिक्षा के एएमयू और जेएमआई जैसे इदारे भी मुस्लिमों तक पहुंचने में बुरी तरह नाकाम रहे ताकि उन्हें धार्मिक प्रतिक्रियावादियों से महफूज रखा जा सके। अब तो हाशिये पर पड़े मुस्लिमों में पढ़ा-लिखा मध्य वर्ग उभर आया है। उन्हें अपनी भूमिका निभानी होगी। और यह कार्य बिना देर किए तुरंत शुरू कर देना होगा। मीडिया के बंधुओं से भी एक आग्रह यह कि आरटीआई में संशोधन की वाहवाही करने से पूर्व इतना जरूर सोचें कि आरटीआई एक्ट को कमजोर कर दिया गया है। सांप्रदायिक हिंसा और मॉब लिंचिंग जैसी घटनाओं के लिए कोई कानून बनता नहीं दिख रहा। इससे सरकार की बदनीयती का पता चलता है। आखिर में कहना चाहूंगा कि कुछ भी गलत किया गया कभी भी सही नहीं हो सकता।

*(लेखक एएमयू में प्रोफेसर हैं)*

> 1980 के दशक के बाद से भारतीय समाज और राजनीति का तेजी से सांप्रदायिकरण हुआ है। बहुसंख्यकवाद को इससे खुराक मिली और इन उदार-मध्यमार्गियों ने अपने कृत्यों से भारतीय 'धर्मनिरपेक्षतावाद' को धूमिल किया। माना कि मुस्लिम दकियानूसी ताकतों का यह पक्ष लेता है। दुखद यह कि आधुनिक शिक्षा के एएमयू और जेएमआई जैसे इदारे भी मुस्लिमों तक पहुंचने में बुरी तरह नाकाम रहे ताकि उन्हें प्रतिक्रियावादियों से महफूज रखा जा सके

**कैफे कॉफी डे के संस्थापक द्वारा आत्महत्या के बाद रेस्त्रां के क्षेत्र में मील का पत्थर माने जाने वाली इस श्रृंखला के भविष्य को लेकर सवाल शुरू हो गए हैं**




| वर्ष | कैफे की संख्या | शहरों में उपस्थिति |
|---|---|---|
| 2013-14 | 1568 | 211 |
| 2014-15 | 1518 | 215 |
| 2015-16 | 1607 | 281 |
| 2016-17 | 1682 | 241 |
| 2018-19 | 1722 | 245 |

ट्विट



प्रिय वित्त मंत्री, कृपया सीसीडी के संस्थापक के सुसाइड को नोट ध्यान से पढ़ें। क्या उन्हें परेशान करने वाले अधिकारियों पर आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला चलाया जाएगा?

तवलीन सिंह, वरिष्ठ स्तंभकार
@tavleen_singh

# अब मिलेगा टेस्ट का विश्व चैंपियन



क्रिकेट | मनोज चतुर्वेदी

क्रिकेट में वनडे फॉर्मेट के विश्व कप के बाद टी-20 विश्व कप की सफलता से प्रेरित होकर टेस्ट क्रिकेट की विश्व चैंपियनशिप आयोजित करने का विचार आईसीसी के जेहन में पहली बार 2009 में आया था। यह विचार न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान मार्टिन क्रो के दिमाग की उपज थी। इसके ठीक दस साल बाद आईसीसी अपनी इस योजना को अमली जामा पहनाने में सफल हो सकी है। अगस्त से इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच शुरू होने वाली एशेज सिरीज के साथ पहली विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की शुरुआत हो रही है। यह चैंपियनशिप दो साल में पूरी होगी। पहले दो स्थानों पर रहने वाली टीमों के बीच जून, 2021 में क्रिकेट के मक्का कहे जाने वाले लंदन के लार्ड्स मैदान पर फाइनल खेला जाएगा। इस तरह दुनिया को जून 2021 में पहली बार टेस्ट क्रिकेट का विश्व चैंपियन मिल जाएगा।

इस चैंपियनशिप के आयोजन से आईसीसी के खाते में तीनों प्रारूपों की विश्व चैंपियनशिपों का आयोजन करना शामिल हो गया है। आईसीसी ने वैसे तो 12 देशों को टेस्ट खेलने का दरजा दिया हुआ है लेकिन इस चैंपियनशिप में सिर्फ नौ देशों को शामिल किया है। टेस्ट दरजा प्राप्त जिम्बाब्वे, आयरलैंड और अफगानिस्तान को इसमें शामिल नहीं किया गया है। वजह इनका सबसे निचली रैंकिंग की टीमें होना है। इन तीनों को इस दौरान फ्यूचर टूर प्रोग्राम में तो शामिल किया गया है पर इनके द्वारा खेले गए टेस्ट चैंपियनशिप का हिस्सा नहीं होंगे। इस चैंपियनशिप में भाग लेने वाली टीमों को आठ संभव सिरीजों के मुकाबले छह ही सिरीजें खेलनी होंगी। इस कारण इस चैंपियनशिप में भारत को पाकिस्तान और श्रीलंका से सिरीज नहीं खेलनी होगी। इसी तरह अन्य टीमें भी किन्हीं दो टीमों से सिरीज नहीं खेलेंगी। वैसे आईसीसी ने इन टीमों के फ्यूचर टूर कार्यक्रम में आने वाली सिरीजों को ही चैंपियनशिप में शामिल किया है। वैसे टीमें इन सिरीजों के अलावा भी सिरीज खेलेंगी पर वह चैंपियनशिप के अंतर्गत नहीं आएंगी।

इस चैंपियनशिप में इस बात का ख्याल रखा गया है



कि सभी देश बराबर टेस्ट नहीं खेलते हैं, इसलिए अंकों पर इसका असर नहीं पड़े। इसके लिए हर सिरीज के हिसाब से अंक रखे गए हैं। अब कोई भी टीम दो से लेकर पांच टेस्ट की सिरीज खेले पर उसे सीरिज में अधिकतम 120 अंक ही मिल सकेंगे। दो टेस्ट की सिरीज खेलने पर जीत पर 60 अंक, ड्रा पर 20 अंक और टाई होने पर 30 अंक देने की व्यवस्था है। इसी तरह पांच टेस्ट की सिरीज खेलने पर जीत पर 24, ड्रा पर आठ और टाई पर 12 अंक मिलेंगे। इसलिए टीमों को छोटी और बड़ी टेस्ट सिरीज खेलने पर नफा नुकसान नहीं होगा। इसमें आने वाले समय में टीमें कम टेस्टों की सिरीज आयोजित करने पर जोर दे सकती हैं। ऐसा होने पर टेस्ट क्रिकेट से होने वाली कमाई में कमी आ सकती है। इसके अलावा यह भी है कि पांच टेस्टों की सिरीज खेलने वाली टीमों को अंक पाने के लिए ज्यादा संघर्ष करना पड़ेगा।

सभी टीमों के कार्यक्रम को इस तरह बनाया गया है कि इस चैंपियनशिप की दो साल की अवधि के दौरान उन्हें घर और बाहर तीन-तीन सिरीज खेलनी पड़ें। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में इंग्लैंड सबसे ज्यादा 22 टेस्ट खेलेगी। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया 19 और भारत 18 टेस्ट खेलेगा। वहीं पाकिस्तान और श्रीलंका सबसे कम 13-13 टेस्ट खेलेंगी। टेस्ट खेलने में भिन्नता की वजह टीमों का पहले से विभिन्न देशों के खिलाफ सिरीज में कितने टेस्ट खेलने हैं, यह तय है। पर हर सिरीज में अधिकतम 120 अंक मिलना तय है। इसका मतलब है कि इस चैंपियनशिप में एक टीम अधिकतम 720 अंक हासिल कर सकती है।

आईसीसी यदि इस चैंपियनशिप के टेस्ट मैचों में इस्तेमाल होने वाले विकेट के लिए भी कोई मापदंड निर्धारित करती तो मुकाबले और बेहतर हो सकते थे। मौजूदा समय में मेजबान टीमें अपनी ताकत के हिसाब से विकेट तैयार करके हालात को अपने अनुकूल करती हैं। अब आप सोचें कि ऑस्ट्रेलिया या इंग्लैंड को दो विदेशी सिरीज भारत, पाकिस्तान या श्रीलंका में खेलनी पड़ जाएं तो समझो उनका तो काम हो गया। इसलिए विकेट बनाने में कुछ मापदंड तो तय किए ही जाने चाहिए। इस चैंपियनशिप में यहां तक भारत की बात है, तो उसे विदेशी सिरीज ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के खिलाफ खेलनी हैं, इसलिए उसके सामने हालात आसान नहीं रहने वाले हैं। पर इन हालात में जीत पाने वाला ही सही मायनों में चैंपियन बनने का हकदार भी बनेगा।

ईश्वर विश्वास | श्रीराम शर्मा आचार्य



चोट खाया हुआ सांप आक्रमणकारी पर ऐसी फुंफकार मारकर दौड़ता है कि उसके होश छूट जाते हैं। सांसारिक व्यथाओं से विक्षुब्ध मनुष्य की भी ऐसी ही स्थिति होती है। जब मनुष्य को पीड़ाएं चारों ओर से घेर लेती हैं, कोई सहारा नहीं सूझता तो वह निष्ठापूर्वक अपने परमेश्वर को पुकारता है। हार खाए हुए मनुष्य की कातर पुकार से परमात्मा का आसन हिल जाता है। उन्हें सारी व्यवस्था छोड़कर भक्त की सेवा के लिए भागना पड़ता है। ऐसा समय आता है जब मनुष्य संसार को भूलकर कुछ क्षण के लिए ऐसे दिव्य लोक में पहुंचता है, जहां उसे असीम सहानुभूति और शाश्वत शांति मिलती है। अंतःकरण की समस्त वासनाएं विलीन हो जाती हैं, इंद्रियों की चेष्टाएं शांत हो जाती हैं। हिरण्यकश्यप की हठधर्मिता से दुःखी बालक प्रह्लाद ने उसे बार-बार पुकारा, उसका नारायण बार-बार उसकी मदद के लिए दौड़ा। मनुष्य बुलाए और वह न आए ऐसा कभी हुआ नहीं। द्रौपदी जान गई थी कि सभा में उसे बचाने वाला कोई नहीं है। दुःशासन चीर खींचता है। लाज न चली जाए, इस भय से निर्बल नारी दीनानाथ को पुकारती है। भगवान श्रीकृष्ण आते हैं और उसका चीर को बढ़ाते हुए चले जाते हैं। देवासुर संग्राम की कथाओं में ऐसे अनेक वर्णन हैं। बहुत से लोग हैं, जो ईश्वर और उसके अस्तित्व को मानने से इनकार करते हैं, पर यदि भली भांति देखा जाए तो मूढ़ताग्रस्त व्यक्ति ही ऐसा कर सकते हैं। एक बहुत बड़ा आश्चर्य हमारे सामने बिखरा पड़ा है। उसे देखकर भी जिसका विवेक जाग्रत न हो, कौतूहल पैदा न हो, उसे और कहा भी क्या जाएगा? पृथ्वी सूर्य की परिक्रमा कर रही है, यह दृश्य आप किसी अन्य ग्रह में बैठे देख रहे होते, तो समझते मनुष्य का अभिमान कितना छोटा है। विशाल ब्रह्माण्ड की तुलना में वह चींटी से भी हजार गुना छोटा लगेगा। अनंत आकाश और उस पर निरंतर होती रहती ग्रह-नक्षत्रों की हलचल, सूर्य, चन्द्रमा, सागर, पर्वत, नदियां, वृक्ष, वनस्पति, मनुष्य आदि के स्वयं के बदलते हुए क्षण क्या यह सब मनुष्य का विवेक जाग्रत करने के लिए काफी नहीं है? परमात्मा का अस्तित्व मानने के लिए क्या इतने से संतोष नहीं होता? विचारवान व्यक्ति कभी ऐसा नहीं सोचेगा। आदिकाल से लेकर अब तक जितने भी संत, महापुरुष हुए हैं और जिन्होंने भी आत्म कल्याण या लोक कल्याण की दिशा में कदम उठाया है, उन सबने परमात्मा-ईश्वर का आश्रय मुख्य रूप से लिया है।

## रीडर्स मेल

### नौकरियों पर संकट

आए दिन बड़ी-बड़ी कंपनियों से नौकरियां जाने की खबरें आ रही हैं। कुछ दिन पहले वाहन कल-पुर्जे उद्योग में 10 लाख नौकरी जाने का अंदेशा जताया गया था। कई जगह छंटनी भी शुरू हो गई है। इसी तरह, हैंडसेट इंडस्ट्री में साल भर में ढाई लाख नौकरियों से हाथ धोने की बात है। रिटेल, डिस्ट्रीब्यूशन और मैन्युफैक्चरिंग सेगमेंट में सबसे ज्यादा छंटनी हुई है। पिछले दिनों बीएसएनएल ने अपने कर्मचारियों को वेतन समय पर नहीं दिया। इस तरह जेट विमान के भी हालत किसी से छुपी नहीं हैं। सरकार को व्यवसायों में स्थिरता पैदा करने की तरफ कदम उठाने चाहिए तभी नौकरियों को भी स्थिर किया जा सकता है।

**मोहम्मद आसिफ, जामिया नगर, दिल्ली**

### खत्म हुई कुप्रथा

अपने वैवाहिक गठबंधन को क्या महज तीन शब्दों में खत्म किया जा सकता है? ज्यादातर महिलाओं के जवाब नहीं में होंगे। मगर तीन तलाक के दंश से मुस्लिम महिलाएं कितनी आहत होती रही हैं, इसे सिर्फ महसूस किया जा सकता है। सवाल यही कि जब पाकिस्तान, बांग्लादेश और कई अन्य इस्लामिक देश तीन तलाक की प्रथा पर प्रतिबंध लगा चुके हैं तो यह भारत में क्यों रहे? कुरान में भी तीन तलाक की कोई अवधारणा नहीं है। राजा राममोहन रॉय ने परम्परानिष्ठ हिंदुओं के विरोध के बावजूद सती प्रथा के खिलाफ लंबा आंदोलन चलाया और उसे खत्म कराया था। हमें मुस्लिम बहू-बेटियों के लिए भी तो सोचना होगा और उन्हें जिल्लत की जिंदगी से निकालना होगा। हम एक ऐसा भारत चाहते हैं, जहां मुस्लिम परिवार की कोई महिला अब तीन तकलीफदेह शब्दों से नहीं डरे।

**साक्षी राठौड़, ई मेल से**

### अच्छी खबर

बाघों को बचाने के लिए जो उपाय किए गए वे सफल होते दिख रहे हैं। अखिल भारतीय बाघ संख्या अनुमान रिपोर्ट के अनुसार देश भर में 2014 में इनकी संख्या 1,400 थी, जो 2019 में लगभग 2,977 हो गई। यह अच्छी बात है कि बाघों की संख्या बढ़ी। सरकार द्वारा वन्य जीवों के संरक्षण और उनके अवैध शिकार को रोकने के लिए ढेरों योजनाएं चलाई जाती हैं, और करोड़ों की धनराशि भी खर्च की जाती है। लेकिन इतनी राशि कहां, कितना और कैसे खर्च होती है, यह राज ही रहता है। खैर, संख्या बढ़ने की खबर सुखद है। मगर बाकी जानवरों की सुरक्षा के लिए आवंटित रकम का भी समझदारी और ईमानदारी के साथ उपयोग हो तो सोने पे सुहागा होगा।

**राजेश चौहान, जालंधर**

### ये कैसी सरकार?

'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' का नारा जपने वाली भाजपा का दोहरा चरित्र सामने आया है। उन्नाव में रहने वाली एक नाबालिग लड़की ने उन्नाव के विधायक पर रेप का आरोप लगाया था। इसके बाद से ही लड़की और उसके परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। लड़की के पिता की पुलिस हिरासत में मौत हो चुकी है। लड़की के चाचा जेल में हैं। लड़की और उसकी मौसी और उसके वकील को कार से जाते समय एक ट्रक ने उड़ा दिया, जिसमें मौसी और चाची की मौत हो गई।

**बृजेश श्रीवास्तव, गाजियाबाद**

letter.editorsahara@gmail.com

हमें गर्व है हम भारतीय हैं

राष्ट्रीय सहारा
सच कहने की हिम्मत

वर्ष-13 , अंक 4480

**सहारा इण्डिया मास कम्युनिकेशन** के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **सी बी सिंह** द्वारा राष्ट्रीय सहारा कार्यालय, 123/474, कालपी रोड, फजलगंज, कानपुर-208012 से मुद्रित व प्रकाशित।

**समूह संपादक- मनोज तोमर। स्थानीय संपादक-बृजेश मिश्रा***

**दूरभाष- कानपुर कार्यालय** 2224221, **प्रसार-**3982123, **फैक्स-** 2224223, **विज्ञापन-**3982132, **लखनऊ कार्यालय**, पी. बी. एक्स. व सम्पादकीय 2337777, 2327120, 2320405, **फैक्स-** 2370336, 2370380 **दिल्ली कार्यालय-** आठवां तल (यूनिट नं. 804), न्यू देहली हाउस, 27 बारा खम्भा रोड नयी दिल्ली, **दूरभाष-** 23352368, 23352369, 23352372, 23352371, फैक्स 23352370।

आर.एन.आई. सं. UPHIN/2007/20181 पंजीकरण संख्या,

* इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन तथा कानूनी मामलों के लिए उत्तरदायी

श्रावण मास के शिवरात्रि पर्व की आप सभी को हार्दिक बधाई। देवाधिदेव महादेव की कृपा आप सब पर बनी रहे।

—— त्रिवेंद्र सिंह रावत, सीएम उत्तराखंड

## संक्षिप्त खबरें

### टेंपो की टक्कर से बाइक सवार घायल

**शुक्लागंज।** अंबिका पुरम् में रहने वाला विनोद शर्मा बाइक से उन्नाव ड्यूटी करने जा रहा था। आजाद नगर पहुंचने के दौरान ही अचानक पीछे से आई एक तेज रफ्तार की टेम्पो ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में घायल युवक को नगर के एक अस्पताल पहुंचाया गया।

### लूट के खुलासे में लगीं टीमें

**शुक्लागंज।** गोपीनाथ पुरम् में रहने वाले राजेन्द्र बाजपेयी पुत्र सुरेंद्रनाथ की आदर्श नगर राजमार्ग पर गौरव आभूषण निकेतन नाम से सोने चांदी की दुकान है। मंगलवार रात साढ़े आठ बजे बाइक सवार लुटेरे जेवर व नगदी भरा बैग लेकर भाग निकले। घटना के बाद पुलिस ने कई स्थानों पर संदिग्धों की तलाश को लेकर दबिश दी लेकिन हाथ खाली रहे। वहीं, मामले में पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर चोरी का मुकदमा दर्ज किया है। इंस्पेक्टर श्याम कुमार पाल ने बताया कि जब ज्वैलर्स दुकान बंद कर रहा था, तब उसने बैग को जमीन पर रखा था। जिसको अज्ञात लोग लेकर भाग निकले। उन्हें पकड़ने को टीम लगाई गई है।

### युवकों ने पीटकर लूटा

**कानपुर।** बैरी कल्याणपुर से ड्यूटी से घर जा रहे युवक को पांच युवकों ने पीट दिया। उसने आरोप लगाया कि ढाई हजार रुपया व फोन लूटकर भाग निकले हैं। पीड़ित अमर बहादुर निवासी बैरी गांव ने कल्याणपुर थाने में अज्ञात लोगों के खिलाफ तहरीर दी है। *(एसएनबी)*

# बिजली चोरी में 29 पर एफआईआर

**अभियान चलाकर पकड़ी गयी चोरी**

**शुक्लागंज (एसएनबी)।** नगर में बिजली चोरी रोकने के लिए विभागीय अधिकारियों ने कमर कस ली है। विभाग की टीम अब दिन की बजाये रात को नगर में घूमघूम कर घरों में कटिया से बिजली जलाने की चोरी पकड़ रही। मंगलवार की रात नगर के कई इलाकों में एसडीओ के नेतृत्व में चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें 29 लोगों को कटिया चोरी में पकड़ा गया। जिनके खिलाफ विभाग ने एफआईआर की कार्रवाई की है।

मंगलवार की देर शाम एसडीओ आलोक कुमार गुप्ता, जेई विष्णु शुक्ला, टीजी-2 रोहित कुमार, सतीश, विजय, अनुराग पाल व रईस, राजकुमार, बृजेश कुमार के साथ नगर में बिजली चोरी पकड़ने के लिए पहुंचे। एसडीओ ने नगर के मोहल्ला कंचन नगर, आदर्श नगर, महेश मार्ग, यूनियन कर्बाइड, ऋषीनगर, आनंद नगर में छापेमारी की। इस दौरान 29 लोगों को बिजली चोरी करते पाया गया। जिसके बाद एसडीओ के निर्देश पर सभी के खिलाफ बिजली चोरी का मुकदमा दर्ज कराया गया है।

## मिश्रा कॉलोनी घाट पर अन्य शवों का घंटों नहीं हो पाया अंतिम संस्कार

**शुक्लागंज (एसएनबी)।** उन्नाव रेप कांड की पीड़िता की चाची का बुधवार को अंतिम संस्कार मिश्रा कालोनी घाट पर होना था। जिसको लेकर पुलिस प्रशासन ने इस घाट पर अन्य शवों का अंतिम संस्कार कराने में रोक लगा दी। पुलिस बल ने उन्नाव, लखनऊ से आने वाले शवों को बालूघाट की ओर मोड़ दिया जिससे अन्य शवों का घटों अंतिम संस्कार नहीं हो सका। गंगा की धारा दूर होने के कारण लोगों को एक किलोमीटर रेत का सफर तय करने की परेशानी उठानी पड़ी।

पीड़िता की चाची का अंतिम संस्कार बुधवार दोपहर बारह बजे मिश्रा कालोनी शमशान घाट पर कराया गया। पालिका और तहसील प्रशासन मंगलवार रात से ही मिश्रा कालोनी घाट पर साफसफाई कराने में जुटा रहा। बुधवार की सुबह मिश्रा कालोनी घाट छावनी में तब्दील हो गया। मिश्रा कालोनी घाट पर रोजाना आठ से दस शवों का अंतिम संस्कार होता है लेकिन बुधवार को सुबह से ही लखनऊ, उन्नाव व आसम्पास क्षेत्रों से आने वाले शवों को बालूघाट शमशान घाट की तरफ जाने के लिए पुलिस ने मोड़ दिया। जहां गंगा की धारा दूर होने के कारण लोगों को बालू की रेत में शव लेकर जाने में खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। **वहीं** मिश्रा कालोनी घाट पर शवों के अंतिम संस्कार पर रोक लगाये जाने के बाद बुधवार को बालूघाट पर सात शवों का ही अंतिम संस्कार हो सका।

# आनंदेश्वर मंदिर में हुआ रूद्राभिषेक



शुक्लागंज : आनंदेश्वर मंदिर में रूद्राभिषेक करते शिव भक्त। फोटो : एसएनबी

**शुक्लागंज (एसएनबी)।** बालूघाट स्थित प्राचीन आनंदेश्वर मंदिर में सावन के अवसर पर रूद्राभिषेक का आयोजन कराया गया। आचार्य सत्येन्द्र शास्त्री ने विधि विधान से दुग्धाभिषेक, जलाभिषेक कराया। बाबा भोलेनाथ को विभिन्न प्रकार के फूलों से श्रृंगार कराया गया।

# आशियाना उजड़ने के बाद अब सीएम से करेंगे गुहार

**जाजमऊ इलाके में गिराये प्लॉट में भूमाफिया को बचाने पर भड़का लोगों का गुस्सा**

**शुक्लागंज (एसएनबी)।** गंगाघाट के कटरी पीपरखेड़ा ग्राम सभा की सैकड़ों बीघा सरकारी जमीन पर भूमाफियाओं का राज है। जिसका जीता जागता उदाहरण नगर की कोतवाली में दर्जनों भूमाफियाओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज होना है। जिसमें सर्वे लेखपाल और भूमाफियाओं की सांठगांठ के खेल में जब चोट पड़ी तब उसका खामियाजा गरीब तबके के लोगों को भुगतना पड़ा। जेसीबी से आशियाने तो उजाड़ दिये गये लेकिन उन जमीन को बेचने वालों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। एक दर्जन से ज्यादा भूमाफियाओं पर मुकदमा दर्ज तो हुआ लेकिन प्रशासन ने कोई कार्रवाई नहीं की। जिन गरीबों के आशियाने पर प्रशासन ने चोट पहुंचाई वही लोग अब सीएम की चौखट पर पहुंच कर अपनी दास्तां बतायेंगे।

कटरी पीपरखेड़ा ग्राम सभा में करीब तीन सौ बीघा ग्राम समाज की जमीन है। जाजमऊ का कानपुर महानगर के नजदीक होने के कारण भूमाफियाओं की नजर पन्द्रह साल पहले ही पड़ गई।

पहले तो कुछ किसानों से भूमिधरि जमीन खरीदी गई और सस्ते दर पर वहां किस्तों में रकम अदायगी का लालच देकर प्लाटिंग की गई। जिसके बाद लोगों की रूझान जाजमऊ इलाके में जमीन लेने को बढ़ने लगा। जिसके बाद भूमाफिया और सर्वे विभाग के आला अधिकारी से लेकर लेखपाल तक की जुगलबंदी शुरू हुई। करोड़ों की सरकारी जमीन को मिलजुमला नंबर के नाम पर बेचा गया।

हाल ही में केडीए कालोनी कानपुर के रशीद, फैय्याज, बाबूलाल, परवेज आदि कई लोगों ने किसी तरह से डेढ़ सौ गज का प्लाट खरीदा था। लेखपाल ने अपने को बचाने के लिए गरीबों के आशियाने पर जेसीबी चलवा दी लेकिन जमीन बेचने वालों पर कोई कार्रवाई नहीं हो सकी। जिसको देख कर अब प्लाट पर आशियाना गिराये जाने के बाद वही लोग सीएम की चौखट पर सर्वे लेखपाल की पोल खोलेंगे।

**क्या कहते जिम्मेदार**

कटरी पीपरखेड़ा के अलावा जहां भी सरकारी जमीन पर भूमाफियाओं ने कब्जे कर रखे हैं। उनके विरूद्ध कार्रवाई की जा रही है।

**-दिनेश सिंह**
**एसडीएम सदर, उन्नाव**

## फंड की जानकारी देने के नाम पर 27 हजार की ठगी

**कानपुर (एसएनबी)।** दहेलीसुजानपुर में एक युवक को प्रोविडेंट फंड की जानकारी देने के नाम पर शातिरों ने उससे खाते की जानकारी लेकर खाते से 27 हजार रुपये पार कर दिये। पीड़ित ने अज्ञात लोगों के खिलाफ थाने में तहरीर दी है।

दहेलीसुजानपुर निवासी प्राइवेट कर्मी अभिषेक सविता ने बताया कि 13 जुलाई को उन्होंने अपने प्रोविडेंट फंड की जानकारी के लिए गूगल पर एपीएफओ दिल्ली ऑफिस सर्च किया। इस पर उन्हें संपर्क के लिए एक मोबाइल नंबर मिला। उन्होंने नंबर मिलाया तो शातिर ने फोन उठाने के बाद काट दिया और अपने दूसरे नंबर से फोन मिलाया। इसके बाद अभिषेक ने उससे अपने फंड के बारे में जानकारी की। शातिर ने उसे मोबाइल पर मैसेज के साथ ही एक मोबाइल नंबर भी भेजा। इस मैसेज को खाते के ब्योरे के साथ दूसरे नंबर पर सेंड करने को कहा। जैसे ही उसने दिये गये नंबर पर मैसेज सेंड किया, उसके कुछ देर बाद ही उनके खाते से 27 हजार रुपये पार हो गये।

### वीडियो बना रहे युवक को पुलिस ने उठाया

**कानपुर।** पनकी थाना क्षेत्र के भौती बाईपास पर बुधवार शाम ट्रैफिक इंटरसेप्टर वाहन से चेकिंग हो रही थी। इस दौरान वाहन स्वामियों के साथ पुलिसकर्मी बदसलूकी कर रहे थे। यह देख वहां मौजूद नौबस्ता निवासी आशु पांडे वीडियो बनाने लगा। यह देख पुलिसकर्मियों ने उसकी पिटाई कर दी और उसे जीप में डाल दिया। बाद में इंटरसेप्टर जीप के कर्मचारियों ने पनकी पुलिस के सुपुर्द कर दिया।

### ठगी की ऑनलाइन दर्ज करायी रिपोर्ट

**कानपुर।** काकादेव क्षेत्र में साइबर अपराधियों ने खाते से 25 हजार रुपये उड़ा दिये। पीड़ित ने काकादेव थाने में ऑनलाइन रिपोर्ट दर्ज करायी है। काकादेव इंस्पेक्टर राजीव सिंह ने बताया कि ईएसआई कॉलोनी निवासी राजेश कुमार सिंह ने ऑनलाइन रिपोर्ट दर्ज करायी है। उन्होंने बताया कि राजेश के खाते से अज्ञात साइबर क्रिमिनल्स द्वारा पांच बार में 25 हजार रुपये उड़ा लिये गये हैं।

### चकेरी मार्ग दुर्घटना : दूसरे शव की भी शिनाख्त

**कानपुर।** चकेरी थाना क्षेत्र में मंगलवार देर रात एक तेज रफ्तार बाइक डिवाइडर से टकरा गयी थी, जिसमें बाइक सवार दोनों युवकों को मौत हो गयी थी। एक की शिनाख्त टीपी नगर निवासी नदीम के रूप में हुई थी लेकिन दूसरे शव की पहचान नहीं हो सकी थी। बुधवार को पोस्टमॉर्टम हाउस पहुंचे मृतक के परिजनों ने दूसरे शव की पहचान जाटनपुरवा निवासी गौरव गुप्ता के रूप में की।

### आठ जुआरी गिरफ्तार, फड़ से मिले 27 हजार

**कानपुर।** बर्रा विश्वबैंक में एक मैदान में जुआ खेल रहे आठ जुआरियों को पुलिस ने छापेमारी कर गिरफ्तार कर लिया। बर्रा थाना प्रभारी सतीश कुमार सिंह को बुधवार रात सूचना मिली कि बर्रा विश्वबैंक स्थित एक मैदान में लाखों का जुआ खेला जा रहा है। वह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घेराबंदी कर आठ जुआरियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने फड़ से 27 हजार रुपये नगद व एक ताश की गड्डी बरामद की है।

### मासूम लापता, अपहरण की आशंका

**कानपुर।** बाबूपुरवा थाना क्षेत्र में परचून की दुकान पर सामान लेने गई मासूम संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। गुमशुदगी दर्ज कराने बाबूपुरवा थाने पहुंचे परिजनों को पुलिस ने भगा दिया। रामजी उर्फ बल्लू बगाही भट्टा के रहने वाले हैं। रामजी ने बताया कि उनकी बेटी नंदनी (8) घर के पास परचून की दुकान से सामान खरीदने गई थी, जिसके बाद से लापता हो गई। काफी तलाशने पर जब कोई सुराग नहीं मिला तो परिजनों ने बाबूपुरवा पुलिस को जानकारी दी। पुलिस ने मामले में गुमशुदगी दर्ज करना दूर, पीड़ित परिवार को ही थाने से भगा दिया।

### स्तनपान विकल्प नहीं, संकल्प है

**सरसौल।** सरसौल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एसएल वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि विश्व स्तनपान सप्ताह 1 अगस्त से 7 अगस्त तक मनाया जायेगा। स्तनपान के संदर्भ में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि नवजात को जन्म के 1 घंटे के भीतर स्तनपान प्रारंभ कराया जाए। 6 महीने पूरे होने पर संपूरक आहार देना तथा शिशु के 2 वर्ष पूरे होने तक स्तनपान जारी रखें। 6 माह तक केवल स्तनपान कराया जाए। मां कार्यक्रम का नारा है स्तनपान विकल्प नहीं संकल्प है। केंद्र में बुधवार को 5 वर्ष की भूमि, जिसके बायें गाल में एब्सिस (फोड़ा) निकला हुआ था, उसका ऑपरेशन चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एसएल वर्मा की मौजूदगी में डॉ. अनिल कुमार द्वारा किया गया।

### खेल भावना से खेलते हुए बढ़ें आगे : एसडीएम

**सरसौल।** जवाहर नवोदय विद्यालय सरसौल में दो दिवसीय हैंडबाल क्षेत्रस्तरीय प्रतियोगिता का समापन हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि उप जिलाधिकारी नर्वल रहे। उन्होंने खेल भावना से खेल खेलने एवं आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। मुख्य अतिथि ने लखनऊ व आगरा बी के मध्य फाइनल मुकाबला देखा एवं प्रफुल्लित हुए। कार्यक्रम में सभी टीम के सदस्यों को विनर एवं रनर टीम की ट्राफी दी गई। विद्यालय छात्राओं द्वारा मुख्य अतिथि के सम्मान में स्वागत गीत व प्रधानाचार्य डॉ. एसके मिश्र ने स्वागत भाषण दिया। उप जिलाधिकारी ने छात्रों का उत्साहवर्धन पुरस्कार वितरित कर किया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन डॉ. जीएस सिंह ने किया। यहां विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।

### एसडीएम ने समारोहपूर्वक स्टेनो को दी विदाई

**बिल्हौर।** अपनी अब तक की 6 तहसीलों की तैनाती में मुझे इनसे अच्छा व्यक्ति आशुलिपिक के रूप में नहीं मिला। अधीनस्थों के विरुद्ध कार्रवाई को ठंडा कर उसको सावधान करना इनके बड़प्पन का प्रतीक है। यह कहना है एसडीएम हिमांशु गुप्त का। वे तहसील के मीटिंग हाल में सेवानिवृत्त हो रहे अपने स्टेनो संतोष शुक्ल के विदाई समारोह में बोल रहे थे। इस मौके पर तहसीलदार अवनीश कुमार, नायब तहसीलदार, लायर्स अध्यक्ष विनोद कटियार, जेपी. कटियार, अनिल पाण्डेय, गणेश शुक्ल, सुषांक मिश्र, पंकज सिंह, ज्ञानसिंह, संतोष श्रीवास्तव, इन्दू शुक्ल, रूपसिंह कटियार, विक्रम आदि ने उन्हें फूलमालाओं से लाद दिया। संतोष व उनके बड़े भाई राजकुमार शुक्ल ने सभी का आभार व्यक्त किया। संचालन योगेन्द्र शुक्ल ने किया।

### सीएम पोर्टल में शिकायत पर दवा व्यापारी की जांच

**बिल्हौर।** दवा के ज्यादा पैसे लेने और नुकसान कर जाने की शिकायत पर ड्रग इंस्पेक्टर ने मेडिकल स्टोर की जांच की। झपटबाजपुरवा निवासी दिनेश ने बीआरडी कॉलेज के सामने स्थित एक मेडिकल स्टोर से दवा खरीदी थी। ज्यादा पैसे लेने को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ और दिनेश ने घटना के डेढ़ माह बाद मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत कर दी। शिकायत से हड़कम्प मच गया। शिकायत में उसने दवा के नुकसान से अपनी बहन के मरने की बात लिखी थी। इंस्पेक्टर मौर्या ने जांच में पाया कि वह लेन देन का विवाद है और उसको तूल दिया गया है। उन्होंने मेडिकल स्टोर स्वामी से ग्राहकों से अच्छे व्यवहार की ताकीद की और दुकान से कई सैम्पल भी सील कर जांच के लिए भेजे। इस अवसर पर केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश तिवारी, संतोष गुप्ता आदि भी मौजूद रहे।

### पाइप लाइन टूटने से पेयजल आपूर्ति ठप

**घाटमपुर।** पावर प्लांट के लिए अंडरग्राउंड पाइप लाइन बिछाये जाने के दौरान बुधवार को डाकखाने रोड के सामने पाइप लाइन के टूटने पर पेयजल की आपूर्ति कई वार्डों में ठप हो गयी। पाइप लाइन डालने के लिए खोदा गया गड्ढा भी पानी से भर गया। पालिकाध्यक्ष संजय सचान ने बताया कि पावर प्लांट के लिए पाइप लाइन बिछाये जाने के दौरान कई बार पेयजल आपूर्ति के लिए डाली गयी लाइनों के टूटने से पीने के पानी की होने वाली दिक्कत से अधिकारियों को अवगत कराया जा चुका है।

# प्राथमिक विद्यालय में किया पौधरोपण



शिक्षकों के साथ पौधरोपण करते राजेश यादव।

**घाटमपुर।** भीतरगांव के प्राथमिक विद्यालय पासी का डेरा परिसर में पौधरोपण किया गया। पौधों की सुरक्षा के लिए शपथ भी दिलायी गयी। इस मौके पर पर्यावरण का महत्व बताने के साथ पेड़ों की कटान पर भी चिंता व्यक्त की गयी। मुख्य अतिथि के रूप में भारत उत्थान न्यास के राष्ट्रीय सचिव कृष्ण कुमार व विशिष्ट अतिथि के रूप में शिक्षक नेता राजेश यादव पहुंचे। इन्होंने छात्र व छात्राओं को पर्यावरण के महत्व के बारे में जानकारी देने के साथ कहा कि पेड़ों की सुरक्षा के लिए छात्र व छात्राओं के साथ शिक्षक भी अपना नैतिक दायित्व निभाएं। इस मौके पर मुख्य अभियंता शरद त्रिवेदी, सुजीत कुंतल, एबीआरसी राममोहन, सुधीर बाजपेयी, शिक्षिका निरूपमा शुक्ला, शिक्षामित्र राजेंद्र कुमार, राजकुमार पासी व अभिभावक तथा गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# अब शुरू एडमिशन विवाद



एसडीएम कार्यालय पर धरना देते छात्र।

**बिल्हौर।** प्रधानाचार्य की कुर्सी का विवाद भले ही सुलझ गया हो, प्रवेश का विवाद बिल्हौर इंटर कॉलेज में और गहरा गया है। जिन्दाबाद-मुर्दाबाद की चिंगारी बुधवार को कॉलेज से एसडीएम कार्यालय तक पहुंची। बाद में पुलिस पहुंची और छात्रों को समझाया।

बिल्हौर इंटर कॉलेज में 28 मार्च को कक्षा 6 व नौ की प्रवेश परीक्षा हुई थी। अप्रैल के प्रथम सप्ताह में लगायी गयी प्रथम सूची के अनुसार छात्रों ने प्रवेश ले लिया। दूसरी सूची लगने से पहले ही प्रधानाचार्य प्रेमचन्द्र त्रिपाठी निलंबित हो गये। दो माह तक चली अफरातफरी में प्रवेश का काम ठंडा पड़ा रहा। गत सप्ताह प्रबंध समिति द्वारा बनाये गये प्रधानाचार्य सुरजीत सिंह ने काफी स्थान कक्षा नौ में खाली मानते हुए सभी बचे छात्रों से प्रवेश लेने को कहा था। इधर, डीआईओएस के आदेश से सोमवार को श्री त्रिपाठी ने फिर कार्यभार संभाला, किन्तु उन्होंने मेरिट के अनुसार दूसरी सूची जारी कर प्रवेश करने की बात कही। प्रवेश के प्रति आशान्वित आधा सैकड़ा छात्रों को इससे बड़ा झटका लगा। ऐसे छात्रों ने एसडीएम कार्यालय पर धरना देकर प्रवेश की मांग की। इसके बाद प्रधानाचार्य कार्यालय में भी बड़ी संख्या में अभिभावक पहुंचे और छात्रों का भविष्य बचाने की गुहार लगायी। बवाल बढ़ता देख चौकी इंचार्ज मयफोर्स के कॉलेज पहुंचे और छात्रों को अभद्रता करने से समझाया। प्रवेश की अंतिम तिथि 5 अगस्त है, इस बीच सप्लीमेन्ट्री परीक्षा पास हुए छात्रों को लेकर भी विवाद हो गया है। प्रधानाचार्य श्री त्रिपाठी उनके निलंबित रहते करायी गयी प्रवेश परीक्षा और उसमें पास दिखाये जा रहे छात्रों को अमान्य मानते हुए उन्हें प्रवेश देने को तैयार नहीं हैं।

## स्वच्छता के प्रति जागरूक हों और दूसरों को भी प्रेरित करें



**कानपुर।** मासिक धर्म पर स्वच्छता को लेकर मैथाडिस्ट हाईस्कूल में कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें स्कूल की 7 सौ छात्राओं, प्रधानाचार्या तथा स्टाफ ने भाग लिया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए नाइन फाउंडेशन की कोफ्फाउंडर राधिका खेमका ने व्यक्तिगत स्वच्छता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वच्छता हम सबके लिए आवश्यक है। जब हम सभी स्वच्छ रहेंगे और स्वस्थ रहेंगे, तभी हम अपनी आकांक्षाओं की पूर्ति कर पायेंगे। हम सबका उद्देश्य है कि हम अपने पड़ोस में रहने वाले लोगों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक करें, तभी हमारा समाज आगे बढ़ेगा और सबकी प्रगति होगी। इस अवसर पर नाइन मूवमेन्ट की अद्वितीय वर्मा, सोनाली मिश्रा, उपासना त्रिपाठी, हर्षित मिश्रा मुख्य रूप से उपस्थित थे। प्रधानाचार्या एवं स्टाफ ने नाइन फाउंडेशन द्वारा चलाये जा रहे स्वच्छता अभियान की सराहना करते हुए सामाजिक सरोकार से जुड़ा हुआ महत्वपूर्ण कदम बताया तथा इसे सामाजिक परिवर्तन की दिशा में सार्थक पहल की संज्ञा दी। इस अवसर स्कूल की छात्राओं को नाइन सैनेटरी नैपकिन वितरित किये गये।

# 245 स्कूली वैन ने लिये परमिट

**कानपुर (एसएनबी)।** सम्भागीय परिवहन अधिकारी द्वारा सख्ती किये जाने के बाद स्कूल वैन का परमिट बनाने का काम तेज हो गया है। वहीं, दूसरी तरफ आरटीओ के निर्देश पर चलाये जा रहे अभियान के दौरान आठ स्कूली वैन तथा 240 दो पहिया व चार पहिया वाहनों का सीट वेल्ट व हेलमेट नहीं लगाने पर चालान किया गया।

आरटीओ द्वारा स्कूली वाहनों का व्यावसायिक परमिट अनिवार्य कर दिये जाने के बाद अब वैन मालिकों द्वारा वैन का परमिट बनवाने का काम तेज हो गया है। बुधवार को आरटीओ में कुल 49 वैन मालिकों ने अपने वाहनों का व्यावसायिक परमिट बनवाया। बीते दिनों आरटीओ द्वारा शहर के सभी स्कूल प्रबंधकों को भेजे गये पत्र में स्कूली वाहनों का व्यावसायिक परमिट बनवाने का निर्देश दिया गया, जिससे जांच के दौरान की जा रही कार्रवाई से स्कूली बच्चों को कोई परेशानी न उठानी पड़े। कुछ दिनों तक हीलाहवाली करने के बाद आखिरकार स्कूली वैन व बसों का व्यावसायिक परमिट बनवाने का काम शुरू हो गया। अब तक करीब 245 स्कूली वैन का परमिट जारी किया गया है। वहीं, दूसरी तरफ आरटीओ के निर्देश पर सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) की तीनों टीमों द्वारा कल्याणपुर, नौबस्ता, पनकी, काकादेव, वीआईपी रोड, चकेरी आदि इलाकों में व्यापक अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान 240 दो पहिया व चार पहिया वाहनों का चालान बैगर हेलमेट व सील्ट बेल्ट को लेकर किया गया। एआरटीओ प्रवर्तन सुनील दत्त ने बताया कि अभियान के दौरान आठ स्कूली वैन का चालान परमिट नहीं होने तथा सात ओवर लोडे ट्रकों का चालान किया गया, जबकि काकादेव में एक ऑटो रिक्शा का चालान बिना परमिट व पंजीयन के चलाये जाने की वजह से किया गया। अभियान में एआरटीओ प्रवर्तन विनय पाण्डेय तथा उदयवीर शामिल रहे।


**कार्यालय नगर पंचायत शिवराजपुर, कानपुर नगर**

पत्रांक: 178/न.प.शि./नि.प्रका./2019-20 दिनांक: 31.07.2018

**अतिअल्पकालीन ई-निविदा सूचना**


निर्माण कार्य हेतु नगर पंचायत शिवराजपुर में रजिस्टर्ड ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि "पं. दीनदयाल उपाध्याय आदर्श नगर पंचायत योजना" की संस्तुतियों के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से नगर पंचायत शिवराजपुर, जनपद कानपुर नगर में कराये जाने वाले निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-निविदाएं (टेक्निकल एवं फाइनेन्शियल) निम्नलिखित विवरण के अनुसार वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर आनलाइन के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। ई-निविदाओं के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी कार्यालय नगर पंचायत शिवराजपुर से किसी भी कार्यालय कार्य दिवस एवं समय में की जा सकती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | वेबसाईट पर ई-निविदा प्रकाशन की तिथि व समय | 01.08.2019 (10:00 AM) |
| 2. | ई-निविदा डाउनलोड की प्रारम्भ तिथि/समय | 01.08.2019 (10:00 AM) |
| 3. | ई-निविदा अपलोड की प्रारम्भ तिथि/समय | 01.08.2019 (10:00 AM) |
| 4. | ई-निविदा अपलोड की अन्तिम तिथि/समय | 15.08.2019 (05:00 PM) |
| 5. | ई-निविदा खोली जाने की तिथि/समय | 16.08.2019 (12:00 PM) |

**प्रवीन कुमार दुबे**
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत शिवराजपुर
कानपुर नगर

**विनोद कुमार तिवारी**
अध्यक्ष
नगर पंचायत शिवराजपुर
कानपुर नगर






सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

**सर्व शिक्षा अभियान**

**कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जनपद-ललितपुर**

**पत्रांक :** ए.एल.सी./ निविदा/ 1369//2019-20 **दिनांक :** 31.07.2019

**अल्पकालीन निविदा 2019-20**

सर्व शिक्षा अभियान जनपद ललितपुर में एक्सीलेरेटेड लर्निंग कैम्प संचालन हेतु 60 बच्चों (06-14 वय वर्ग) हेतु 05 अध्यापकों एवं 03 केयर टेकर हेतु सुबह नाश्ता, दोपहर भोजन, सांय 04.00 बजे नाश्ता, रात में भोजन, 8 माह हेतु वर्ष 2019-20 के लिए ई-टेण्डर के माध्यम से वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 01.08.2019 से 07.08.2019 दोपहर 05.00 बजे तक निविदा दरें ऑन लाइन सबमिट करनी होगी। लिफाफे में कोई दरें नहीं दी जायेगी। टेण्डर प्रपत्र का मूल्य रु. 500.00 हैं। जो ऑन लाइन एन.ई.एफ.टी./ आर.टी.जी.एस. के माध्यम से क्रय किये जा सकते हैं। तकनीकी बिड निविदा दिनांक 08.08.2019 को अपरान्ह 02.00 बजे तक कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ललितपुर में क्रय समिति के सदस्यों एवं निविदाओं के समक्ष खोली जायेगी तथा तकनीकी रूप से अर्ह पाये जाने पर निविदा दाता के वित्तीय बिड खोली जायेगी।

| क्र. सं. | सामग्री का नाम | निविदा का मूल्य | धरोहर धनराशि | अन्य |
|---|---|---|---|---|
| 01- | एक्सीलेरेटेड लर्निंग कैम्प | 500.00 | 20000.00 | रजिस्टर्ड फर्म ही आवेदन करें। |

निविदा मूल्य एवं अर्नेस्ट मनी आर.टी.जी.एस. / आन लाइन के माध्यम से जमा करना होगा, पी.एन.बी., तुवन मन्दिर, ललितपुर में सर्व शिक्षा अभियान ललितपुर के खाता सं. 02299000100251894 आई.एफ.एस. कोड PUNB0029900 में एन.ई.एफ.टी./ आर.टी.जी.एस. के माध्यम से जमा करना होगा। निविदादाता अपनी फर्म का रजिस्ट्रेशन संख्या अपना आयकर और जी.एस.टी. संख्या के प्रपत्रों को ऑन लाइन अवश्य संलग्न करें। संलग्न न करने/ अपूर्ण होने की दशा में क्रय समिति को निविदा निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा। सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। निविदा की समस्त शर्तें व सामग्री का विवरण आदि उक्त वेबसाइट पर उपलब्ध है।

**सहायक वित्त एवं लेखाधिकारी**
**सर्व शिक्षा अभियान ललितपुर**

**जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी**
**ललितपुर**

जब आप स्तनपान कराना रोक देती हैं तब आपके हारमोंस को क्या होता है? स्तनपान जब बंद हो जाता है तो उसके बाद आपके स्तन खुद को खाना शुरू कर देते हैं।

——— न्यू साइंटिस्ट@newscienteist

## संक्षिप्त खबरें

### उ.कोरिया ने दो मिसाइलों का किया परीक्षण

**सोल।** उत्तर कोरिया ने बुधवार तड़के कम दूरी तक मार करने वाली दो बैलिस्टिक मिसाइलों का परीक्षण किया। दक्षिण कोरिया की सेना जेसीएस ने यह जानकारी दी। यह परीक्षण उत्तर कोरिया के पूर्वी तट पर स्थित होडो प्रायद्वीप से किए गए। इसी जगह से उत्तर कोरिया ने गत सप्ताह मिसाइलों का परीक्षण किया था। प्योंगयांग ने यह परीक्षण अमेरिका और दक्षिण कोरिया के बीच होने वाले सैन्य अभ्यास को रोकने के उद्देश्य से किया था।

### रूस में आतंकी हमले की योजना विफल

**मास्को।** रूस ने तातारस्तान में बड़े आतंकी हमले की योजना विफल कर दी है और आतंकवादी संगठन आईएस के दो समर्थकों को गिरफ्तार कर लिया है। रूस की फेडरल सिक्योरिटी सर्विस ने बुधवार को एक बयान जारी कर कहा कि उसने गृह मंत्रालय के सहयोग से तातारस्तान में हमले की योजना विफल कर दी। इसके साथ ही आईएस के दो समर्थकों को गिरफ्तार किया गया है। वह आतंकवादी समूहों की भर्ती और आतंकवाद को बढ़ावा देने का काम करते थे। वे दोनों रूसी नागरिक हैं।

### अमेरिका : 911 बच्चे अपने परिवारों से हुए जुदा

**सैन डिएगो।** एक अमेरिकी समूह ने बताया कि सीमा पर बच्चों को उनके माता-पिता से अलग करने पर 2018 में न्यायाधीश द्वारा रोक लगाए जाने के बावजूद 900 से अधिक बच्चे ऐसे हैं जिन्हें सीमा पर अपने परिवारों से जुदा किया गया। 28 जून 2018 से इस साल 29 जून तक 911 बच्चे अपने परिवारों से अलग हुए हैं। अन्य कारणों में किसी गिरोह से कथित संबंध, अस्वस्थ होना या बच्चे की सुरक्षा संबंधी चिंताएं, 'अपुष्ट पारिवारिक संबंध' या माता-पिता की बीमारी शामिल हैं।



बंजुल (गाम्बिया) में बुधवार को प्रेस को संबोधित करते राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद और गाम्बिया के राष्ट्रपति अदामा बैरो।

# रेलवे स्टेशनों की स्वच्छता आंकने के लिए फिर होगा सर्वे

■ विनोद श्रीवास्तव

नई दिल्ली। एसएनबी

रेलवे स्टेशनों की स्वच्छता आंकने के लिए एक बार फिर सर्वेक्षण शुरू होने जा रहा है। इस बार के सर्वेक्षण में 720 स्टेशनों को शामिल किया जाएगा। सर्वेक्षण में पहली बार ग्रीन स्टेशन को शामिल किया गया है। लिहाजा जहां सर्वेक्षण में आमतौर पर सर्वश्रेष्ठ स्वच्छ स्टेशन का रैंक मिलेगा वहीं ग्रीन स्टेशन की भी सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग तय की जाएगी। समझा जाता है कि अगले कुछ सप्ताह में सर्वेक्षण शुरू कर दिया जाएगा और कुछ महीनों में इसके आंकड़े व रैंकिंग भी आ जाएगी।

रेलवे में ट्रेनों और स्टेशनों की साफ सफाई निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है। लेकिन सर्वेक्षण के जरिए जोनल और मंडल रेलवे अपने स्टेशनों को स्वच्छता के मामले में सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग लाने की होड़ होती है। लिहाजा रेलवे स्वच्छता अभियान चलाने के साथ-साथ स्टेशनों पर स्वच्छता की रैंकिंग आंकने के लिए अक्सर सर्वेक्षण कराता रहता है। पिछली बार 407 स्टेशनों को सर्वेक्षण में

**इस बार 720 रेलवे स्टेशनों को सर्वे में किया जाएगा शामिल**

**रैंकिंग की नई श्रेणी में पहली बार ग्रीन स्टेशन भी शामिल**

शामिल किया गया था। इन स्टेशनों का सर्वे रेलवे ने क्वालिटी कंट्रोल ऑफ इंडिया के जरिये कराया था।

दरअसल भारतीय रेलवे में प्रतिदिन 13 हजार से अधिक यात्री ट्रेनें और 8500 से ज्यादा मालगाड़ियों का परिचालन होता है। दो करोड़ 30 लाख यात्रियों के रोजाना आवागमन होने से रेलवे के सामने सफाई हमेशा चुनौती बनी रहती है। हालांकि रेलवे में स्वच्छता अभियान के तहत स्वच्छ रेल-स्वच्छ भारत का अभियान चल रहा है। इसके तहत स्टेशनों और ट्रेनों में सफाई की विशेष व्यवस्था की गई है और इसकी कई स्तर पर निगरानी भी की जा रही है। कई रेलवे स्टेशनों ने अपने यहां हरित स्टेशन के तहत स्वच्छता की व्यवस्था की है।

रेलवे इस बार 720 स्टेशनों का स्वच्छता सर्वेक्षण करने जा रहा है। जाहिर है कि ए1 श्रेणी के 75 और ए श्रेणी के 332 स्टेशनों के अलावा बी श्रेणी के भी कुछ स्टेशन इस सर्वेक्षण में शामिल होंगे। इससे दिल्ली, मुंबई, कोलकता, चेन्नई आदि महानगरों के स्टेशनों के अलावा अन्य शहरों के भी स्टेशन भी सर्वेक्षण में आएंगे। इससे बी श्रेणी के स्टेशनों की भी स्वच्छता की रैंकिंग तय होगी।

vinodrsahara@gmail.com

# वीजी सिद्धार्थ की मौत पर माल्या ने साधा निशाना

■ लंदन (भाषा)।



**कहा, क्रूर एवं निर्दयी हैं भारतीय बैंक एजेंसियां**

**उनके खत में लिखी बातों को देखकर टूटा हुआ महसूस कर रहा हूं**

वित्तीय संकट से जूझ रहे शराब कारोबारी विजय माल्या ने कैफे काफी डे (सीसीडी) के संस्थापक वीजी सिद्धार्थ की मौत के मामले में भारतीय एजेंसियों और बैंकों पर निशाना साधते हुए उन्हें क्रूर और निर्दयी करार दिया है। वित्तीय संकट में फंसे सिद्धार्थ ने आत्महत्या कर ली है।

माल्या ने अपने ट्वीट में कहा, 'मैं वीजी सिद्धार्थ से परोक्ष रूप से जुड़ा हुआ हूं। वह एक बढ़िया इंसान और बुद्धिमान उद्यमी थे। मैं उनके खत में लिखी बातों को देखकर टूटा हुआ महसूस कर रहा हूं। सरकारी एजेंसियां और बैंक किसी भी इंसान को निराशा में डाल सकते हैं। मेरे साथ क्या हो रहा है आप देख सकते हैं। मेरी कर्ज अदायगी की पेशकश के बावजूद मेरे साथ क्या कर रही हैं। ये निंदनीय और निर्मम है।'

उल्लेखनीय है कि माल्या, वीजी सिद्धार्थ के नजदीकी रिश्तेदार हैं। उन्होंने अगले ट्वीट में लिखा, 'पश्चिमी देशों में सरकार और बैंक कर्जदारों को कर्ज चुकाने में मदद करते हैं। मेरे मामले में वह कर्ज अदायगी में हर तरह से रोड़ा अटकाने की कोशिश कर रही हैं और मेरी संपत्तियों को पाने की होड़ में लगी हैं।'

# बस हादसे में 34 की मौत

■ फराह (आईएएनएस)।

अफगानिस्तान के फराह प्रान्त में बुधवार को एक बस दुर्घटना में 34 लोग मारे गए हैं और 17 अन्य घायल हैं। एक अधिकारी ने इस हादसे की पुष्टि की है।

शिन्हुआ न्यूज एजेंसी ने एक प्रान्तीय अधिकारी के हवाले से बताया, हादसा बुधवार की सुबह एक धमाके के बाद हुआ जब वह बस एक बारूदी सुरंग से टकराई और अनियंत्रित होकर फराह के आब खोरमा इलाके के एक मुख्य सड़क पर पलट गई। अधिकारी ने कहा, मृतकों और घायलों में महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। कई घायलों को पास में स्थित हेरात प्रांत के एक अस्पताल में भेज दिया गया है। मरने वालों की संख्या में वृद्धि होने की आशंका है क्योंकि कई घायलों की हालत नाजुक है। अधिकारी ने सड़क किनारे बारूदी सुरंग बिछाने के लिए तालीबानी आतंकवादी समूह को जिम्मेदार ठहराया है।



अस्पताल में इलाज कराते दुर्घटना में घायल हुए बस यात्री।

तालिबान आतंकी सुरक्षाबलों को निशाना बनाने के लिए आईईडी का उपयोग सड़क किनारे उपयोग में बम और बारूदी सुरंग बनाने के लिए करते आ रहे हैं, लेकिन घातक घरेलू-निर्मित हथियारों से नागरिकों को भी क्षति पहुंचाते हैं। देश में संयुक्त मिशन द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, अफगान नागरिकों के सशस्त्र संघर्षों के खामियाजे को भुगतना जारी है क्योंकि साल के पहले छह महीनों में संघर्ष-संबंधी घटनाओं में 1,360 से अधिक नागरिक मारे गए हैं और 2,440 से अधिक घायल हुए हैं। अफगानिस्तान में जमीनी लड़ाई के बाद आईईडी और बारूदी विस्फोट नागरिकों के हताहत होने का दूसरा सबसे बड़ा कारण है।

## अपने बयान से पीछे हटे पोम्पिओ

**वाशिंगटन (भाषा)।** अमेरिका के विदेशमंत्री माइक पोम्पिओ 2020 के चुनाव से पहले अफगानिस्तान से अमेरिकी बलों की वापसी के आदेश संबंधी अपने बयान से पीछे हटते प्रतीत हुए। उन्होंने कहा, बलों की वापसी के लिए कोई समयसीमा नहीं है और यह निर्णय जमीनी स्तर पर हालात के आधार पर लिया जाएगा। पोम्पिओ ने 29 जुलाई को कहा था कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 2020 में देश में होने वाले राष्ट्रपति पद के चुनाव से पहले युद्धग्रस्त अफगानिस्तान में अमेरिकी सैनिकों की संख्या कम करने के आदेश दिए हैं।

अमेरिका और तालिबान के बीच चल रही वार्ता के बीच आया पोम्पिओ का यह बयान अमेरिकी मीडिया की सुर्खियां बना था, लेकिन शीर्ष राजनयिक ने उनके साथ हिंद-प्रशांत क्षेत्र की यात्रा कर रहे पत्रकारों से मंगलवार को कहा, उनके इस बयान की सटीक रिपोर्टिंग नहीं की गई। पोम्पिओ ने कहा, मैंने इससे संबंधित खबरें देखीं। संवाददाताओं ने जो कहा, काश वे उसे लेकर थोड़ा और सावधानी बरतते। उन्होंने इसे गलत समझा।

# सरकारी आवासों से अवैध कब्जे हटाना अब आसान

**विधेयक में प्रावधान**

- विधेयक सरकारी अधिकारियों एवं सांसदों के आवंटन के लिए बने सरकारी आवासों से संबंधित है
- अनधिकृत कब्जाधारियों को कारण बताओ नोटिस का जवाब तीन दिन के भीतर देना होगा
- अदालत में मामला चलने के दौरान उस समय की अनधिकृत कब्जे की क्षतिपूर्ति करनी होगी

■ नई दिल्ली (एसएनबी)।

लोकसभा ने बुधवार को सरकारी अधिकारियों, कर्मचारियों, सांसदों आदि के आवंटन के लिए बने सरकारी आवासों को अनधिकृत कब्जे से मुक्त कराने संबंधी विधेयक को मंजूरी दे दी। विधेयक के जरिये 1971 के मूल कानून में संशोधन का प्रावधान है।

निचले सदन में 'सरकारी स्थान (अप्राधिकृत अधिभोगियों की बेदखली) संशोधन विधेयक, 2019' पर चर्चा का जवाब देते हुए आवास एवं शहरी विकास मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि यह संशोधन विधेयक उन सरकारी आवासों के संदर्भ में है, जो सांसदों एवं अधिकारियों को आवंटित होते हैं। मंत्री ने कहा कि सरकारी अधिकारियों,



**सरकारी अधिकारियों, कर्मचारियों, सांसदों आदि के लिए चिह्नित सरकारी आवासों को समयावधि खत्म होने के बाद भी कब्जाधारियों द्वारा खाली नहीं करने के मामले सामने आते हैं। इसके चलते जरूरतमंद अधिकारियों या सांसदों को आवास नहीं मिल पाते।** -हरदीप सिंह पुरी

कर्मचारियों, सांसदों आदि के लिए चिह्नित सरकारी आवासों को समयावधि खत्म होने के बाद भी कब्जाधारियों द्वारा खाली नहीं करने के मामले सामने आते हैं। इसके चलते जरूरतमंद अधिकारियों या सांसदों को आवास नहीं मिल पाते। विधेयक के प्रावधानों के माध्यम से सरकारी आवासों से अनधिकृत कब्जे को सुगमतापूर्वक खाली कराया जा सकेगा और इसे बाद में पात्र व्यक्ति को उसकी बारी आने पर आवंटित किया जा सकेगा। पुरी ने बताया कि केंद्र सरकार के पूल में 15,416 आवास कम हैं और 3081 पर अदालतों में वाद चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्त होने के बाद निश्चित अवधि में आवास नहीं छोड़ने वाले लोग अदालतों से स्थगन आदेश ले आते हैं। उन्होंने कहा कि इस संबंध में 1971 के कानून में सरकार तीन महत्वपूर्ण संशोधन लेकर आई है, जिनसे अनधिकृत कब्जा करने वाले लोग स्वेच्छा से आवास खाली करने के लिए विवश होंगे।

# कश्मीरी आतंकी, नक्सली बाल लड़ाके भर्ती कर रहे

■ संयुक्त राष्ट्र (आईएएनएस)।



यूएन महासचिव एंटोनियो गुटेरेस

कश्मीर में सक्रिय आतंकवादी समूह और अन्य जगहों पर सक्रिय नक्सली समूहों ने बच्चों की भर्ती लड़ाकों के तौर पर की है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस की एक रिपोर्ट में यह बात सामने आई है।

बच्चों और सशस्त्र संघर्ष पर 2018 के लिए मंगलवार को जारी वार्षिक रपट में यह भी कहा गया है कि कश्मीर में सुरक्षाबलों के अभियानों में और नक्सल गतिविधि वाले क्षेत्रों में बच्चे लगातार मारे जा रहे हैं या घायल हुए हैं। रपट में कठुआ दुष्कर्म मामले का हवाला देते हुए कहा गया है कि कश्मीर में सुरक्षाबलों द्वारा लड़कियों के खिलाफ यौन हिंसा की खबरें भी आई हैं। गुटेरेस ने हालांकि खासतौर से राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के जरिए बच्चों को सुरक्षा प्रदान करने के सरकार के कदमों का स्वागत किया है। उन्होंने कहा, मैं सरकार को बच्चों के खिलाफ गंभीर अपराधों को रोकने और रोकथाम के मद्देनजर गंभीर उल्लंघन के अपराधियों को पकड़ने के लिए रोकथाम और जवाबदेही तय करने संबंधी व्यवस्था करने करने के लिए प्रोत्साहित करता हूं।रपट में कहा गया है कि कश्मीर में 'पांच बच्चों की भर्ती हिजबुल मुजाहिदीन (दो) और अंसार गजवत-उलहिंद (एक) सहित आतंकी समूहों ने कथित तौर पर गया था, जिनमें से कुछ की उम्र 14 साल है। दो अन्य बच्चे लश्कर-ए-तय्यबा में शामिल हुए थे और कथित तौर पर नौ दिसम्बर को सरकारी बलों के साथ मुठभेड़ में मारे गए थे।

रपट में कहा गया है कि नक्सलियों द्वारा बच्चों की 'व्यवस्थित तरीके से भर्ती' किए जाने की खबर है। रपट में कहा गया है कि बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड, महाराष्ट्र और ओडिशा जैसे राज्यों में नक्सलियों के खिलाफ सुरक्षाबलों की कार्रवाई के दौरान बच्चे भी हताहत हुए हैं।रपट में उदाहरण देते हुए कहा गया है कि पिछले साल 22 अप्रैल को महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में जिलास्तरीय विशेष बलों द्वारा चलाए गए नक्सल रोधी अभियान के दौरान कथित तौर पर आठ बच्चे मारे गए थे, और इस दौरान 40 नक्सली मारे गए थे।

# हैदराबाद की कंपनी पर छापे में मिले नए सबूत

■ नई दिल्ली (भाषा)।

**वीवीआईपी हेलीकाप्टर घोटाला**



**आयकर विभाग की कार्रवाई में हाथ लगी बड़ी सफलता**

**विभाग ने हैदराबाद के कारोबारी समूह के परिसरों में ली थी तलाशी**

**विदेशी बैंक खाते और कंपनियों के बारे में मिली सूचना**

**घोटाले में गिरफ्तार राजीव सक्सेना के साथ काम करता है यह समूह**

आयकर विभाग ने वीवीआईपी हेलीकाप्टर घोटाला मामले में ताजा सबूतों का पता लगाया है। हैदराबाद के एक कंपनी समूह के परिसरों पर छापे के बाद नए सबूत हाथ लगे हैं। यह समूह राजीव सक्सेना के साथ काम करता था जिसे इस मामले की जांच के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया है।

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने बुधवार को एक बयान में कहा कि कर अधिकारियों ने 24 जुलाई को हैदराबाद के कारोबारी समूह के परिसरों की तलाशी ली। यह समूह भूकंपीय आंकड़ों के विश्लेषण का भी काम करता है। उसके खिलाफ छापे में चार अघोषित विदेशी बैंक खातों और कर चोरों की पनाहगाह समझे जाने वलो देशों में पंजीकृत कंपनियों के सबूत पाए गए जिनके बारे में सरकार को कोई रिपोर्ट नहीं दी गई थी। कार्रवाई में उसके परिसरों से 45 लाख रुपए नकद और 3.1 करोड़ रुपए मूल्य के आभूषण भी पाए गए।

हालांकि बयान में कंपनी या उसके प्रवर्तक के बारे में जानकारी नहीं दी गई है लेकिन आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि हैदराबाद की इस कंपनी का नाम अल्फा जियो है तथा इसके प्रवर्तक, चेयरमैन और प्रबंध निदेशक दिनेश आला नाम के व्यक्ति हैं। कंपनी ने इस बारे में भेजे गए ई-मेल और फोन कॉल का कोई जवाब नहीं दिया। सीबीडीटी का कहना है कि यह समूह दुबई के एक आपरेटर के जरिए बड़े स्तर पर आयात बिलों को बढ़ा-चढ़ाकर दिखाने और उसके आधार पर लाभ उठाने के काम में लगी थी। यह आपरेटर अगस्ता वेस्टलैंड वीवीआईपी हेलीकाप्टर घोटाला मामले में आरोपी है।

सूत्रों ने इस आपरेटर की पहचान राजीव सक्सेना के रूप में की है। उसे 3600 करोड़ रुपए के अगस्ता वेस्टलैंड वीवीआईपी हेलीकाप्टर घोटाला मामले में इस साल की शुरुआत में प्रत्यर्पित कर दुबई से भारत लाया गया। प्रत्यर्पण के बाद प्रवर्तन निदेशालय ने सक्सेना को गिरफ्तार कर लिया और वह अब न्यायिक हिरासत में है।

सीबीडीटी ने कहा कि हैदराबाद की कंपनी ने बिलों को बढ़ा-चढ़ाकर दिखाकर पैसा कमाया। उसने कथित तौर पर 60 लाख डालर से अधिक के बिलों को बढ़ा-चढ़ाकर दिखाया और इन पैसों को दुबई स्थित सक्सेना के खातों में रखा गया।

बयान के अनुसार, 'तलाशी के दौरान ईमेल और मोबाइल पर बातचीत के संदिग्ध साक्ष्य मिले...।' इसमें कहा गया है कि पूछताछ के दौरान लोगों ने बिलों को बढ़ा-चढ़ाकर पेश करने की बात स्वीकार की। छापे में स्विट्जरलैंड के यूबीएस बैंक, सिंगापुर के ओसीबीसी बैंक, अमेरिका में सिटिजन बैंक तथा सेंट किट्स (कैरेबियाई द्वीप) में बैंक आफ नेविस में अघोषित खातों का पता चला। इसके अलावा प्रवर्तक की तीन अघोषित कंपनियों के बारे में भी जानकारी मिली। ये कंपनियां ब्रिटिश वर्जिन आईलैंड, आईलैंड आफ नेविस और सिंगापुर में पंजीकृत हैं।

# स्मृति ईरानी को पहली पंक्ति में मिली सीट

■ रोशन

नई दिल्ली। एसएनबी

**लोकसभा में सीट आवंटन**



**वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण और विदेश मंत्री एस जयशंकर दूसरी पंक्ति में बैठेंगे**

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक, राजनाथ सिंह को दो और अमित शाह को तीन नम्बर सीट मिली**

सत्रहवीं लोकसभा के लिए चुन गए सांसदों को बैलेट नम्बर यानी सीट आवंटित कर दी गई है। कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी को हराने वाली स्मृति ईरानी को पहली पंक्ति में सीट आवंटित की गई है जबकि वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण और विदेश मंत्री एस जयशंकर के लिए दूसरी पंक्ति में जगह छोड़ी गई है। यह पहला मौका है जब देश चलाने वाले प्रमुख चार मंत्रालयों में से दो मंत्री पीछे बैठेंगे। विपक्ष की तरफ से कांग्रेस को दो सीटें मिली हैं जबकि एक सीट खाली छोड़ी गई है, क्योंकि टीएमसी, डीएमके, वाईएसआर कांग्रेस और कांग्रेस के अलावा किसी को 20 सीटें नहीं मिली हैं।

करीब दो महीने की मशक्कत के बाद बुधवार को लोकसभा सचिवालय ने सीट नंबर आवंटित कर दिए। वरिष्ठता के आधार पर पहली बार चुने गए सांसद पीछे और दूसरी या उससे अधिक बार चुने हुए सदस्यों को पिछली बार से आगे बैठने की जगह मिली है। खास बात यह है कि इस बार स्मृति ईरानी को पहली पंक्ति में जगह दी गई है। कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी को अमेठी से हराने के बाद लग रहा था कि उन्हें भारी भरकम मंत्रालय दिया जाएगा लेकिन उन्हें महिला एवं बाल विकास मंत्रालय दिया गया जिससे वह नाराज भी हुई थीं। उन्होंने तीन दिन बाद मंत्रालय का कामकाज संभाला था। निर्मला सीतारमण ने चुनाव नहीं लड़ा, लेकिन उन्हें वित्त मंत्रालय दिया गया। इस बार इस बात का ध्यान रखा गया है और उन्हें सीट नम्बर 188 अलाट की गई, यह सीट पहली पंक्ति में है।

सत्ता पक्ष की तरफ पहली पंक्ति में सामान्य तौर पर प्रधानमंत्री, गृहमंत्री, रक्षामंत्री, वित्तमंत्री और विदेश मंत्री बैठते हैं। पिछली बार भी चारों मंत्री पहली पंक्ति में थे। उस वक्त अरुण जेटली के पास रक्षा और वित्त मंत्रालय दोनों थे। निर्मला सीतारमण को रक्षा मंत्री की जिम्मेदारी बाद में मिली थी। पहली बार विदेश और रक्षा मंत्री पीछे बैठे हैं, जबकि इन्हीं चार मंत्रियों को देश चलाने वाला माना जाता है, जो कैबिनेट की सभी समितियों के सदस्य होते हैं।

केंद्रीय मंत्री बने राज्यसभा सदस्यों के नाम पर सीट अलाट नहीं की जाती है, बल्कि खाली छोड़ी जाती है। जैसे पिछली बार अरुण जेटली के लिए पांच नम्बर सीट खाली छोड़ी गई थी। इस बार प्रधानमंत्री को एक, रक्षामंत्री को दो, गृहमंत्री को तीन, नितिन गडकरी को चार, सदानंद गौड़ा को पांच और नरेंद्र सिंह तोमर को छह नम्बर सीट मिली है। वित्त और विदेश मंत्री को राज्यसभा में पहली सीट दी जाएगी। वित्तमंत्री और विदेश मंत्री के लिए दूसरी पंक्ति की आठ और तीसरी पंक्ति की 16 और 19 नम्बर सीट छोड़ी गई है। रमेश पोखरियाल निशंक, अर्जुन मुंडा और रविशंकर प्रसाद को भी पहली पंक्ति में जगह मिली है। एनडीए के घटक शिवसेना के अरविंद सावंत और जदयू के राजीव रंजन सिंह को भी पहली पंक्ति में जगह मिली है।

विपक्ष की तरफ केवल 12 सीटें जीतने वाली बीजद को पहली पंक्ति गंवानी पड़ी है। वाईआरएस कांग्रेस, डीमके और टीएमएसी को पहली सीट मिली है। कांग्रेस 52 सीट जीतकर दूसरे नम्बर की पार्टी है, यदि उसके 60 सदस्य होते तो उसे पहली पंक्ति में तीन सीटें मिल जातीं। अभी उसे दो ही सीटें मिली हैं, एक पर अधीर रंजन और दूसरी पर सोनिया गांधी बैठेंगी। बुजुर्ग होने के कारण सपा नेता मुलायम सिंह यादव को पहली पंक्ति में 455 नम्बर सीट मिली है। 454 खाली छोड़ी गयी है, यहां नेशनल कांफ्रेंस के फारुख अब्दुल्ला बैठ रहे थे। उन्हें दूसरी पंक्ति में जगह मिली है, लेकिन जगह खाली होने के कारण वह पहली पंक्ति में बैठेंगे, केवल वोटिंग के समय उन्हें पीछे जाना पड़ेगा। कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी को दूसरी पंक्ति में पुरानी सीट 466 नम्बर अलॉट की गई है। अखिलेश यादव को भी दूसरी पंक्ति में जगह मिली है। नियम के अनुसार पहली पंक्ति में 20 सदस्यों पर एक सीट मिलती है। इस लिहाज से एनडीए को 13 सीटें मिली थी, लेकिन एनडीए ने 12 सीटें ही ली हैं। इनमें 10 भाजपा के पास और दो उसके घटक दलों को दी गई है।

roshangaur@gmail.com

# छात्रों के लिए दुनिया का सर्वश्रेष्ठ शहर बना लंदन

■ लंदन (भाषा)।

ब्रिटेन की राजधानी लंदन ने टोक्यो और मेलबर्न जैसे अंतरराष्ट्रीय शहरों को पीछे छोड़ते हुए दुनिया में छात्रों के लिए लगातार दूसरे साल सर्वश्रेष्ठ शहर का खिताब हासिल किया है। यह नई वैश्विक रैंकिंग बुधवार को जारी की गई।

**'क्यूएस बेस्ट स्टूडेंट सिटीज रैंकिंग' तैयार की है जिसमें हर शहर के प्रदर्शन को छह श्रेणियों में रेखांकित किया गया**

शैक्षिक शिक्षा कंसलटेंसी 'क्यूएस क्वाक्यूरेली सायमंडस' ने 'क्यूएस बेस्ट स्टूडेंट सिटीज रैंकिंग' तैयार की है जिसमें हर शहर के प्रदर्शन को छह श्रेणियों में रेखांकित किया गया है। इसमें शीर्ष क्रम के विश्वविद्यालयों की संख्या, जीवन की गुणवत्ता, स्नातक के बाद नौकरी के उपलब्ध अवसर, वहनीयता और छात्रों की खुद की प्रतिक्रिया को शामिल किया है।

पाकिस्तानी मूल के लंदन के मेयर सादिक खान ने कहा, लंदन को फिर से दुनिया में सबसे अच्छे शहर का दर्जा दिया गया है। यह छात्रों के लिए अच्छी खबर है।

यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है क्योंकि लंदन में विश्व के अग्रणी उच्च शिक्षा संस्थान हैं। सादिक खान दुनिया भर में छात्रों के लिए बेहतर छात्र वीजा प्रस्तावों के एक प्रमुख पैरोकार रहे हैं। उन्होंने कहा, यह एक और साक्ष्य है कि लंदन दुनिया भर के छात्रों और प्रतिभाओं के लिए खुला है। इस सूची में लंदन के बाद जापान का टोक्यो दूसरे और आस्ट्रेलिया का मेलबर्न तीसरे स्थान पर काबिज है।

ब्रिटिश शासन की दमनकारी नीतियों के विरुद्ध क्रांति का शंखनाद करने वाले महान स्वाधीनता संग्राम सेनानी उधम सिंह जी का बलिदान देश के लिए अविस्मरणीय है। मां भारती के वीर सपूत, उधम सिंह जी के बलिदान दिवस पर उन्हें शत शत नमन। — डा.रमनसिंह@drramansingh

# देशहित में सिख गुरुओं का योगदान भुलाया नहीं जा सकता

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

**लखनऊ/गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश हित में सिख गुरुओं के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। उनका योगदान अविस्मरणीय रहा है। श्री योगी बुधवार को गोरखपुर के मोहद्दीपुर गुरूद्वारे गये और वहां मत्था टेका। उन्होंने शहीद उधम सिंह के शहादत दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि देशहित में सिख गुरूओं ने त्याग एवं बलिदान की परम्परा रखी तथा उन्होंने बड़े्बड़े क्रान्तिकारी दिये, जिनमें शहीद उधम सिंह हैं, जिन्होंने देश की स्वाधीनता के लिए सर्वस्य न्यौछावर किया। ऐसे शहीद सपूतों को नमन करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार सिख गुरूओं के योगदान के प्रति आभारी है। उन्होंने कहा कि ऐतिहासिक पृष्ठभूमि से जुड़े सभी गुरूद्वारों के सौन्दर्यीकरण की दिशा में प्रदेश सरकार कार्य कर रही है।

मुख्यमंत्री ने शहीद उधम सिंह के शहादत दिवस को नमन करते हुए गुरूद्वारा मोहद्दीपुर तथा जटाशंकर से जुड़े कई कार्यक्रमों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। उन्होंने सिख समाज को अपनी शुभकामनाएं एवं बधाई देते हुए कहा कि विकास योजनाओं को वास्तविक धरातल पर पहुंचाने का कार्य सरकार द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गोरखपुर में एम्स, खाद कारखाना एवं विभिन्न प्रकार की विकास गतिविधियां संचालित हैं। उन्होंने कहा कि सड़क वायु सेवा की कनेक्टिविटी, रामगढ़ताल, गुरूद्वारा के सौन्दर्यीकरण के कार्य को बढ़ावा देने का कार्य किया जा रहा है। श्री योगी ने गोरखपुर में 13962.93 लाख की लागत से कुल 10 परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया, जिसमें 575.45 लाख रुपये की लागत से तीन परियोजनाओं का शिलान्यास तथा 13387.48 लाख की लागत से 7 परियोजनाओं का लोकार्पण किया गया। जिन तीन परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया उसमें 305.00 लाख की लागत से जिला सूचना कार्यालय भवन/सूचना संकुल का निर्माण कार्य, 176.13 लाख की लागत से मोहद्दीपुर गुरूद्वारा स्थल के सौन्दर्यीकरण के कार्य तथा 94.32 लाख की लागत से जटाशंकर गुरूद्वारा स्थल का सौन्दर्यीकरण कार्य शामिल है।



गोरखपुर के मोहद्दीपुर गुरुद्वारा पहुंचने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का स्वागत किया गया।

**गोरखपुर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया 13962.93 लाख की लागत वाली 10 परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास**

# 72 तहसीलदार बने डिप्टी कलेक्टर

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रदेश में तैनात 72 तहसीलदारों को डिप्टी कलेक्टर (पीसीएस) बना दिया गया है। इसके लिए बीते दिनों डीपीसी की बैठक करायी गयी थी। अपर मुख्य सचिव नियुक्ति मुकुल सिंहल ने इसका आदेश भी जारी कर दिया है। तहसीलदार से प्रोन्नत किये गये डिप्टी कलेक्टर अभी अपनी तैनाती वाले जिले व विभाग में ही कार्यरत रहेंगे।

डिप्टी कलेक्टर बने तहसीलदारों में यूपीडा लखनऊ में तैनात राजित राम गुप्ता, विनय कुमार मिश्र, दिनेश चन्द्र, आनन्द मोहन उपाध्याय व संजय कुमार यादव, लखनऊ विकास प्राधिकरण में तैनात धर्मेन्द्र कुमार सिंह और राजस्व परिषद में तैनात अजय कुमार त्रिपाठी भी शामिल हैं।

इनके अलावा बदायूं में तैनात राजेन्द्र प्रसाद चौधरी व संजय कुमार, देवरिया - ओम प्रकाश, हमीरपुर - संजीव कुमार शाक्य, कासगंज - मनोज प्रकाश व सुखलाल प्रसाद वर्मा, आगरा -महेन्द्र कुमार व विनोद कुमार, मैनपुरी - अनिल कुमार कटियार व सुधीर कुमार और सिद्धार्थनगर के सुदामा वर्मा को तहसीलदार से डिप्टी कलेक्टर बनाया गया है।

चित्रकूट के संजय कुमार सिंह, ग्रेटर नोएडा गौतमबुद्धनगर- शरद कुमार पाल, अम्बेडकरनगर-राम नारायण, अलीगढ़- प्रवीण यादव, आजमगढ़- अरविन्द कुमार सिंह, बांदा - रामकुमार द्वितीय, मऊ- विजय कुमार मिश्र, हाथरस- राजेश कुमार व राज कुमार सिंह यादव, फतेहपुर- देवेन्द्र प्रताप सिंह, लखीमपुर खीरी- यशवन्त राव, कानपुर देहात- ऋषिकान्त राजवंशी व राम स्वरूप, बाराबंकी- जितेन्द्र कटियार, सुरेश राय व पंकज दीक्षित, शाहजहांपुर- रमेश बाबू, गाजियाबाद- राज बहादुर, गोण्डा -महेन्द्र कुमार व गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के संजय कुमार को तहसीलदार से डिप्टी कलेक्टर बनाया गया है।

इसी तरह मुरादाबाद के राजेश कुमार व अवनीश कुमार सिंह, कानपुर विकास प्राधिकरण - आत्म स्वरूप श्रीवास्तव, राजा टोडरमल सर्वे एवं भूलेख प्रशिक्षण संस्थान हरदोई के विजय सिंह, उन्नाव-दशरथ कुमार, बहराइच- मधुसूदन लाल व सोहनलाल, ललितपुर- राजेन्द्र बहादुर, जालौन -सालिक राम व कौशल कुमार, अमरोहा- राजेश चन्द्रा, कुशीनगर- देश दीपक सिंह, श्री काशी विश्वनाथ विकास परिषद वाराणसी के अविनाश कुमार, फिरोजाबाद - कुमार चन्द्र बाबू, झांसी - सतीश चन्द्र और सीतापुर की बिन्दू लता को तहसीलदार से डिप्टी कलेक्टर बनाया गया है।

बागपत के राम नयन, सहारनपुर- देवेन्द्र कुमार पाण्डेय, मेरठ विकास प्राधिकरण -मनोज कुमार सिंह, नोएडा गौतमबुद्धनगर- विनय पाण्डेय, गौतमबुद्धनगर-विजय शंकर व संजय मिश्रा, प्रयागराज - सुनील कुमार, महोबा -राजेन्द्र कुमार, गाजियाबाद - राज बहादुर, बुलन्दशहर -वेदप्रिय आर्य, हरदोई -राजेश कुमार, मेरठ - अशोक कुमार गुप्ता, प्रतापगढ़ - अनिल कुमार, बिजनौर - भानसिंह, वाराणसी - राकेश कुमार सिंह, बरेली - बृजपाल सिंह, जौनपुर -कौशलेश कुमार मिश्र व सिद्धार्थनगर के शिवमूर्ति सिंह को तहसीलदार से डिप्टी कलेक्टर बनाया गया है।

**नियुक्ति विभाग ने जारी किया आदेश**

# उन्नाव की रेप पीड़िता के मामले में हस्तक्षेप करें राज्यपाल : स्वाति

**लखनऊ (एसएनबी)।** दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने बुधवार को यहां राजभवन में राज्यपाल आनंदी बेन पटेल से मुलाकात कर उनसे आग्रह किया कि वे उन्नाव की बलात्कार पीड़िता के मार्ग दुर्घटना मामले में हस्तक्षेप करें।

स्वाति ने राज्यपाल से मुलाकात के बाद संवाददाताओं से कहा कि उन्होंने राज्यपाल से मुलाकात के दौरान आग्रह किया कि वह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को निर्देश दें कि वह घायल बलात्कार पीड़िता से ट्रामा सेंटर में मुलाकात कर उसके बेहतर इलाज की व्यवस्था करायें। उन्होंने कहा कि राज्यपाल से यह भी गुजारिश की है कि रायबरेली की घटना का मुकदमा फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलाकर हर हाल में दो माह के अंदर आरोपित विधायक कुलदीप सिंह सेंगर को फांसी की सजा दिलायी जाए। उन्होंने कहा कि इतना जघन्य मामला होने के बावजूद आखिर सेंगर की विधानसभा की सदस्यता खत्म क्यों नहीं की जा रही है। मालूम हो कि स्वाति ने मंगलवार को भाजपा के कार्यवाहक अध्यक्ष जेपी नड्डा को पत्र लिखकर सेंगर की विधानसभा सदस्यता समाप्त करवाने और उन्हें पार्टी से निकाले जाने की मांग की थी। स्वाति उन्नाव से भाजपा विधायक कुलदीप सेंगर पर करीब दो साल पहले बलात्कार का आरोप लगाने वाली युवती का हाल लेने के लिये सोमवार को लखनऊ स्थित ट्रॉमा सेंटर गयी थीं। उन्होंने उस वक्त भी युवती को एयरलिफ्ट कराकर बेहतर इलाज के लिये दिल्ली ले जाने की बात कही थी। युवती रविवार को रायबरेली में संदिग्ध परिस्थिति में हुई ट्रक और कार की टक्कर में गम्भीर रूप से घायल हो गयी थी। उसकी हालत नाजुक बतायी जाती है। यहां बताना जरूरी है कि भाजपा विधायक कुलदीप सिंह सेंगर पर करीब दो साल पहले बलात्कार का आरोप लगाने वाली लड़की, चाची पुष्पा, मौसी शीला व अपने वकील महेंद्र के साथ रायबरेली जेल में बंद अपने रिश्तेदार महेश सिंह से रविवार को मुलाकात करने जा रही थी। रास्ते में रायबरेली के गुरबख्शगंज क्षेत्र में उनकी कार और ट्रक के बीच टक्कर हो गयी थी।

इस घटना में शीला (50) और पुष्पा (45) की मौत हो गयी थी, वही युवती और वकील महेंद्र सिंह गम्भीर रूप से घायल हो गये थे। दोनों की हालत बेहद नाजुक है और वे ट्रामा सेंटर में वेंटिलेटर पर हैं। इस मामले में भाजपा विधायक कुलदीप सेंगर समेत 10 नामजद तथा 15-20 अज्ञात लोगों के खिलाफ सोमवार को हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया। सरकार ने इस मामले की सीबीआई जांच की सिफारिश भी कर दी है।



**कहा- इतना जघन्य मामला होने के बावजूद आखिर सेंगर की विधानसभा सदस्यता खत्म क्यों नहीं की जा रही**

## सुप्रीमकोर्ट के रुख से जगी उन्नाव रेप पीड़िता को न्याय मिलने की उम्मीद

**लखनऊ (एसएनबी)।** सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश द्वारा उन्नाव रेप पीड़िता के पत्र को संज्ञान में लिये जाने के बाद बसपा अध्यक्ष मायावती ने कहा है कि अब इस मामले में पीड़िता को इंसाफ मिलने की उम्मीद जगी है। मायावती ने बुधवार को अपने ट्वीट में कहा 'उन्नाव की रेप पीड़िता और उसके परिवार की हत्या का प्रयास और मुकदमों की वापसी के लिये विधायक द्वारा धमकी का आरोप काफी गम्भीर मामला है, जिसका उच्चतम न्यायालय द्वारा संज्ञान लिया जाना स्वागत योग्य है। इससे पीड़िता को न्याय मिलने की उम्मीद जगी है।'



बसपा अध्यक्ष मायावती ने एक अन्य ट्वीट में कहा कि अभियुक्त भाजपा विधायक कुलदीप सिंह सेंगर को सत्ताधारी भाजपा का लगातार संरक्षण मिल रहा है, यह बात किसी से छिपी नहीं है। यही कारण है कि सीबीआई के पास यह मामला किसी न किसी बहाने लम्बे समय से लम्बित है। अब पीड़िता खुद नये हादसे का शिकार होकर मरणासन्न है। उल्लेखनीय है कि उच्चतम न्यायालय ने अपने रजिस्ट्रार से बुधवार को रिपोर्ट मांगी कि उन्नाव बलात्कार पीड़िता की ओर से मुख्य न्यायाधीश रंजन गोगोई को लिखा पत्र उनके सामने क्यों नहीं रखा गया। इस पत्र में पीड़िता ने अपनी जान के खतरे की आशंका जताई थी।

# मेडिकल कालेजों की गुणवत्ता व डिलिवरी सिस्टम में सुधार के निर्देश

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रदेश के चिकित्सा शिक्षा मंत्री आशुतोष टंडन ने प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के तहत बन रहे सुपर स्पेशियलिटी चिकित्सालयों को जल्द चालू करने का निर्देश दिया। उन्होंने बीआरडी मेडिकल कालेज, गोरखपुर में 150 करोड़ रुपये की लागत से स्थापित किये गये 200 शैय्यायुक्त सुपर स्पेशियलिटी चिकित्सालय में न्यूरो सर्जरी, कार्डियोलॉजी, नेफ्रोलॉजी, न्यूरो एवं यूरो सर्जरी विभाग में ओपीडी, आईपीडी एवं आपरेशन थियेटर को इसी माह से सुचारू रूप से क्रियाशील किये जाने का भी निर्देश दिया।

चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण महानिदेशालय के सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में चिकित्सा शिक्षा व प्राविधिक शिक्षा मंत्री आशुतोष टण्डन ने एमएलबी मेडिकल कालेज, झॉसी में 150 करोड़ की लागत से स्थापित किये जाने वाले 246 शैयायुक्त सुपर स्पेशियलिटी चिकित्सालय में प्लास्टिक सर्जरी, न्यूरो सर्जरी, कार्डियोलॉजी, यूरोलॉजी, न्यूरोलॉजी एवं नेफ्रोलॉजी में ओपीडी, आईपीडी एवं आपरेशन थियेटर को सितम्बर, 2019 में चालू करने का आदेश दिया। एलएलआरएम मेडिकल कालेज, मेरठ में 150 करोड़ रूपये की लागत से स्थापित किये जाने वाले 200 शैय्यायुक्त सुपर स्पेशियलिटी चिकित्सालय में न्यूरो सर्जरी, पीडियाट्रिक सर्जरी, प्लास्टिक एण्ड रिकन्स्ट्रक्शन सर्जरी एवं रेडियोथेरेपी विभाग को अगले माह चालू करने का आदेश दिया।

एमएलएन मेडिकल कालेज प्रयागराज में 150 करोड़ की लागत से बने न्यूरो सर्जरी, यूरोलॉजी, सर्जिकल आंकोलॉजी, न्यूरोलॉजी, प्लास्टिक एण्ड रिकन्स्ट्रक्शन सर्जरी, कार्डियो थोरेसिक वैस्कुलर सर्जरी, इण्डोक्रायनोलॉजी एवं नेफ्रोलॉजी को भी सितम्बर माह में चालू करने के लिए आवश्यक फैकल्टी सदस्यों, पैरामेडिकल स्टॉफ एवं नर्सिंग स्टाफ की तैनाती तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थायें करने के निर्देश दिये। मेडिकल कालेज आगरा एवं कानपुर में 250 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित हो रहे सुपर स्पेशियलिटी चिकित्सालयों का निर्माण कार्य भी अगस्त 2020 तक पूरा करने का लक्ष्य तय किया गया। उन्होंने प्रदेश के कानपुर, झॉसी, मेरठ, गोरखपुर, प्रयागराज एवं आगरा में ई-हास्पिटल प्रणाली को ओपीडी एवं आईपीडी के अतिरिक्त फार्मेसी एवं डायग्नोस्टिक सेवाओं से भी जोड़े जाने के निर्देश दिये। श्री टंडन ने आयुष्मान भारत योजना की कम प्रगति पर चिंता व्यक्त करते हुये प्रदेश के समस्त मेडिकल कालेजों में इसे सुचारू रूप से लागू किये जाने के निर्देश दिये। चिकित्सा शिक्षा मंत्री ने कहा कि इस शैक्षणिक सत्र से एमबीबीएस प्रथम वर्ष के समस्त छात्रों को एक माह का विशेष फाउण्डेशन कोर्स कराया जाएगा जिसमें उनको प्रोफेशनल इथिक्स, स्ट्रेस मैनेजमेण्ट, कम्यूनिकेशन, कम्प्यूटर स्किल, अंग्रेजी एवं स्थानीय भाषा का ज्ञान, योग, विभिन्न प्रकार की क्रीड़ा गतिविधियॉ, सांस्कृतिक एवं सामाजिक गतिविधियों से जोड़ा जायेगा।

उन्होंने मेडिकल कालेज, मेरठ, झॉसी, कानपुर, आगरा, गोरखपुर एवं प्रयागराज में बर्न यूनिट की सुविधायें प्रारम्भ करने के लिए एक साल की मियाद तय कर दी। इस समीक्षा बैठक में प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा डा रजनीश दुबे, महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा प्रो. के.के. गुप्ता, सचिव चिकित्सा शिक्षा मुकेश मेश्राम, विशेष सचिव चिकित्सा शिक्षा अमित बंसल तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



**तनाव से निपटने के लिए एमबीबीएस छात्रों के लिए एक माह का फाउण्डेशन कोर्स शुरू होगा**

**चिकित्सा शिक्षा मंत्री ने की समीक्षा**

## उन्नाव कांड : कांग्रेसियों ने प्रदेशभर में रखा उपवास

**लखनऊ (एसएनबी)।** उन्नाव की रेप पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए कांग्रेस ने बुधवार को लखनऊ सहित पूरे प्रदेश में जिला मुख्यालयों पर एक दिवसीय उपवास रखा। कांग्रेसियों ने जीवनमृत्यु से जूझ रही उन्नाव की बेटी व उसके अधिवक्ता को सर्वोच्च इलाज की व्यवस्था कराये जाने तथा पीड़िता के परिवार को तत्काल आर्थिक मदद मुहैया कराने की मांग की। कांग्रेस विधानमंडल दल के नेता अजय कुमार लल्लू ने कहा कि बलात्कार और हत्या के आरोपित विधायक कुलदीप सिंह सेंगर को भाजपा तत्काल निष्कासित करे व राजनीतिक संरक्षण देना बन्द करे।

उन्नाव की बलात्कार पीड़िता के सड़क दुर्घटना में जबरदस्त रूप से घायल होने के बाद से कांग्रेसी उसके पक्ष में लगातार आन्दोलन कर रहे हैं। इसके तहत कांग्रेसी राजधानी में गांधी प्रतिमा पर धरना देने के साथ ही भाजपा मुख्यालय पर प्रदर्शन कर चुके हैं। इसी क्रम में बुधवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिला मुख्यालयों पर बैठकर एक दिवसीय उपवास रखा। प्रदेश की राजधानी में गांधी प्रतिमा पर कांग्रेस विधानमंडल दल के नेता अजय कुमार लल्लू, पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रमोद तिवारी, कांग्रेस विधानमंडल दल की उपनेता आराधना मिश्रा 'मोना', पूर्व सांसद राकेश सचान, पूर्व सांसद रमाकान्त यादव, पूर्व सांसद सावित्रीबाई फुले सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उपवास रखा। लल्लू ने बताया कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर उपवास रखा। सहारनपुर में कांग्रेस विधायक नरेश सैनी, मसूद अख्तर के नेतृत्व में, शामली- पंकज मलिक, कानपुर- विधायक सोहेल अंसारी, झांसी प्रदीप जैन आदित्य प्रदेश के सभी जिलों में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उपवास रखा।

# पुलिस अधिकारियों के खिलाफ अवमानना नोटिस

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अमरोहा के डिडौली थाना इंचार्ज देवेंद्र कुमार व चार अन्य पुलिस अधिकारियों के खिलाफ अवमानना नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने कारण बताने को कहा है कि क्यों न उनके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में जारी गाइडलाइन के उल्लंघन के लिए अवमानना कार्यवाही की जाये। यह आदेश न्यायमूर्ति एमसी त्रिपाठी ने क्रिकेटर मोहम्मद शमी की पत्नी हसीन जहां की अवमानना याचिका पर दिया है।



याची का कहना है कि वह कोलकाता की निवासी है। उसकी शादी अमरोहा के सहसपुर अलीनगर गांव के क्रिकेटर मोहम्मद शमी के साथ 7 अप्रैल, 14 को हुई। 28 अप्रैल, 19 की रात वह अमरोहा गयी थी। डिडौली पुलिस ने घर में आकर दुर्व्यवहार किया। रात में थाने ले गए और किसी से फोन पर बात नहीं करने दी। दूसरे दिन सुबह चालान काटा गया।

याची का कहना है कि पति से मनमुटाव के चलते उनके कहने पर पुलिस ने दुर्व्यवहार किया। पुलिस का व्यवहार सुप्रीम कोर्ट के डीके बसु केस के दिशा निर्देश का खुला उल्लंघन और कोर्ट की अवमानना है।

## गलत जन्मतिथि मामले में आजम के बेटे को बयान के लिए किया तलब

**प्रयागराज।** सांसद आजम खां के बेटे, स्वार के विधायक मोहम्मद अब्दुल्ला आजम खां को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 26 अगस्त को बयान दर्ज करने के लिए तलब किया है। बुधवार को आजम खां की पत्नी ताजीन फातिमा, क्वींस मैरी हास्पिटल की डा. उमा सिंह व सेंट पाल स्कूल रामपुर के पूर्व प्रधानाचार्य व डायरेक्टर सहित अन्य का बयान दर्ज किया गया। रामपुर के नवाब काजिम अली की चुनाव याचिका पर न्यायमूर्ति एसपी केशरवानी ने गवाहों के बयान दर्ज किये। याचिका में अब्दुल्ला आजम खां के विधान सभा चुनाव लड़ने को योग्यता को लेकर सवाल उठाये गये हैं। याची का कहना है कि अब्दुल्ला की उम्र चुनाव लड़ते समय 25 वर्ष की नहीं थी, उन्होंने गलत जन्म तिथि दर्ज कराकर चुनाव लड़ा जिसके आधार पर चुनाव रद्द किया जाय।

अब्दुल्ला के हाईस्कूल से परास्नातक तक की डिग्रियों में जन्म तिथि 1 जनवरी 1993 दर्ज है। यही तिथि पैन कार्ड, पासपोर्ट व ड्राइविंग लाइसेंस में भी दर्ज है। सांसद आजम खां की पत्नी राज्य सभा सांसद ताजीन फातिमा ने कोर्ट को बताया कि अब्दुल्ला का जन्म लखनऊ में हुआ था। वह सरकारी नौकरी में थीं। क्वींस मैरी हास्पिटल में 30 सितम्बर 1990 को जन्म हुआ। अस्पताल के दस्तावेज में दर्ज है। उसी समय उन्होंने मातृत्व अवकाश लिया था। हाईस्कूल में दर्ज गलत जन्मतिथि को दुरुस्त करने की अर्जी दी जिसे काल बाधित माना गया। पासपोर्ट में जन्मतिथि दुरुस्त करा ली गयी है। पैनकार्ड के लिए अर्जी दी है। डायरेक्टर ने बताया कि हाईस्कूल परीक्षा फार्म कक्षा अध्यापक भरते थे। छात्र के हस्ताक्षर ले लिए जाते थे। डाक्टर ने भी अस्पताल में जन्म की पुष्टि की। चार गवाहों के बयान दर्ज होने के बाद कोर्ट ने अगली सुनवाई की तिथि 26 अगस्त नियत की है। इस दिन विधायक अब्दुल्ला आजम खां व अन्य गवाहों के बयान दर्ज होंगे।

## पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन का समर्पण, मिली जमानत

**प्रयागराज।** विशेष जज (एमपी/एमएलए) पवन कुमार तिवारी ने अदालत में उपस्थित न होने पर पूर्व कैबिनेट मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी, राम अचल राजभर और मेवा लाल के विरुद्ध गैर जमानती वारंट जारी किया था, जिसमें नसीमुद्दीन के बुधवार को न्यायालय में समर्पण कर जमानत प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करने पर उनके वकील एवं जिला अपर शासकीय अधिवक्ता राजेश गुप्ता को सुनकर कोर्ट ने जमानत स्वीकार कर लिया। नसीमुद्दीन सिद्दीकी व अन्य पर 21 जुलाई, 2016 को भाजपा नेता दयाशंकर सिंह व उनकी पुत्री के विरुद्ध लखनऊ में सभा के दौरान अपमानजनक शब्दों का प्रयोग करने का आरोप है।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद बांगरमऊ, उन्नाव**

पत्रांक-1545/ वार्षिक निविदा/2019-20 दिनांक-31.07.2019

**-: निविदा सूचना :-**

नगर पालिका परिषद बांगरमऊ, उन्नाव में निर्माण कार्य हेतु नगर पालिका में पंजीकृत ठेकेदारों एवं अन्य कार्य हेतु स्वीकृत/ अस्वीकृत एजेंसीज एवं फर्मो से राज्य वित्त आयोग/ नगर निधि के अन्तर्गत नगर पालिका परिषद, बांगरमऊ, उन्नाव की सदन की बैठक दिनांक 15.07.2019 को लिये गये निर्णय के क्रम में वित्तीय वर्ष 2019-20 में नगर पालिका परिषद सीमान्तर्गत इण्डिया मार्का-II हैण्ड पम्प अधिष्ठापन का कम्पलीट कार्य एवं इण्डिया मार्का-II हैण्ड पम्प अधिष्ठापन रिबोर का कम्पलीट कार्य हेतु दिये गये विवरण के अनुसार मोहरबन्द निविदायेंदिनांक 09.08.2019 को अपरान्ह 02.00 बजे तक कार्यालय, नगर पालिका परिषद, बांगरमऊ उन्नाव में आमंत्रित की जाती है। ई-टेण्डरिंग प्रोक्योरमेन्ट प्रणाली लागू रहेगी। उक्त तिथि में निर्धारित समय के अन्तर्गत प्राप्त निविदायें उसी दिन 02.00 बजे अपरान्ह में अधोहस्ताक्षरी के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र निर्धारित निविदा मूल्य जमा करके दिनांक 08.08.2019 को कार्यालय नगर पालिका परिषद बांगरमऊ, उन्नाव में प्रधान लिपिक से प्राप्त किये जा सकते है। एवं आपूर्ति सामग्री का विवरण कार्यालय कार्य दिवस में कभी भी प्रधान लिपिक से लिया जा सकता है। कार्यो का विवरण निम्नवत है :-

| क्र. सं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | निविदा मूल्य + 18% G.S.T. | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1- | इण्डिया मार्का-II हैण्ड पम्प अधिष्ठापन का कम्पलीट कार्य (45 मी.) निविदा प्रपत्र के अनुसार। | आवश्यकतानुसार | 20000.00 | 2000.00+360 = 2360.00 | कार्यादेश निर्गत होने के 15 दिन तक |
| | इण्डिया मार्क हैण्ड पम्प अधिष्ठापन रिबोर का कम्पलीट कार्य (45 मी.) निविदा प्रपत्र के अनुसार। | | | | |

**शर्ते :-**

01- सामग्री की दरें समस्त भाड़ाओं, करों, आदि सहित दी जाय, पृथक से कोई भुगतान नहीं किया जायेगा, समस्त सामग्री/ उपकरण नगर पालिका परिषद बांगरमऊ, उन्नाव कार्यालय पर आपूर्ति करना होगा।
02- नियमानुसार स्टाम्प एक्ट के अन्तर्गत स्टाम्प स्टाम्प पर अनुबन्ध करना होगा।
03- भुगतान कार्य/ आपूर्ति उपकरण की गुणवत्ता के परीक्षण के उपरान्त सन्तोषजनक पाये जाने पर बजट उपलब्धता के आधार पर किया जायेगा तथा नियमानुसार व्यापार कर, आयकर, आदि कटौती करके भुगतान किया जायेगा।
04- अन्तिम भुगतान से 1 वर्ष बाद कार्य सन्तोषजनक पाये जाने पर जमा जमानत राशि वापस की जायेगी।
05- निविदादाताओं को तत्समय टिन नम्बर, पैन नम्बर का पंजीकरण प्रमाण पत्र आदि मूल रूप से प्रस्तुत करना होगा।
06- नगर पालिका परिषद बांगरमऊ सामग्री/ कार्य की आवश्यकता के अनुसार कार्यादेश निर्गत करेगी, जिसके सापेक्ष जमा धरोहर राशि को सम्मिलित करते हुये 10 प्रतिशत जमानत राशि जमा करनी होगी, ऐसा न करने पर भुगतान से कटौती की जायेगी। यदि भुगतान लाख या इससे अधिक का एक वस्तु पर होता है तो जमानत राशि 10 प्रतिशत काटकर भुगतान किया जायेगा।
07- सफलता प्राप्त फर्म को नियमानुसार श्रम विभाग में पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा।
08- आवश्यकतानुसार स्वीकृत दरों पर 31.03.2020 के पश्चात भी फर्म की स्वीकृति पर सामग्री आपूर्ति ली जा सकती है।
09- आपूर्ति सामग्री की मार्का स्पष्ट रूप से अंकित करनी होगी तथा सम्बन्धित फर्म को प्रस्तुत बिड दरों का सत्यापन सम्बन्धित कम्पनी से कराना होगा।
10- किसी एक अथवा समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार अध्यक्ष नगर पालिका परिषद में निहित होगा।

**(मीनू सिंह)**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, बांगरमऊ**
**जनपद-उन्नाव**

**(इजहार खां)**
**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद, बांगरमऊ**
**जनपद-उन्नाव**

**उच्च प्राथमिक विद्यालय (संविलियन) कटरी डोमनपुर, सरसौल-कानपुर नगर**

**-: निविदा सूचना:-**

उच्च प्राथमिक विद्यालय कटरी डोमनपुर सरसौल कानपुर नगर में वर्ष 2019-20 में अध्ययनरत समस्त बालिकाओं एवं अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति, गरीबी रेखा से नीचे जीवन बिताने वाले परिवार से विद्यालय में अंकित छात्रों में कुल बालिकाएं 186, कुल बालक 154 में प्रत्येक को दो जोड़ी यूनिफार्म उपलब्ध कराने हेतु पंजीकृत फर्मो से दिनांक 02.08.2019 को प्रातः 10.00 बजे से निविदाएं आमंत्रित की जाती है। इच्छुक व्यक्ति/ फर्म कार्य दिवसों में विद्यालय में निर्धारित शुल्क जमा कर निविदा प्रपत्र एवं यूनिफार्म निर्धारण की प्रति प्राप्त कर कपड़े के नमूने सहित आवेदन कर सकते हैं। निविदा रजिस्टर्ड डाक द्वारा एवं स्वयं उपस्थित होकर दी जा सकती है। दिनांक-04.08.2019 को 01.00 बजे के बाद प्राप्त निविदाओं पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

**इ.प्र.अ.संवि-पूर्व मा. वि. कटरी डोमनपुर**
**सरसौल, कानपुर नगर**

**उच्च प्राथमिक विद्यालय (संविलियन) हरचन्द्र खेड़ा, सरसौल-कानपुर नगर**

**-: निविदा सूचना:-**

उच्च प्राथमिक विद्यालय हरचन्द्र खेड़ा सरसौल कानपुर नगर में वर्ष 2019-20 में अध्ययनरत समस्त बालिकाओं एवं अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति, गरीबी रेखा से नीचे जीवन बिताने वाले परिवार से विद्यालय में अंकित छात्रों में कुल बालिकाएं 154, कुल बालक 113 में प्रत्येक को दो जोड़ी यूनिफार्म उपलब्ध कराने हेतु पंजीकृत फर्मो से दिनांक 02.08.2019 को प्रातः 10.00 बजे से निविदाएं आमंत्रित की जाती है। इच्छुक व्यक्ति/ फर्म कार्य दिवसों में विद्यालय में निर्धारित शुल्क जमा कर निविदा प्रपत्र एवं यूनिफार्म निर्धारण की प्रति प्राप्त कर कपड़े के नमूने सहित आवेदन कर सकते हैं। निविदा रजिस्टर्ड डाक द्वारा एवं स्वयं उपस्थित होकर दी जा सकती है। दिनांक-04.08.2019 को 01.00 बजे के बाद प्राप्त निविदाओं पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

**इ.प्र.अ.संवि-पूर्व मा. वि. हरचन्द्रखेड़ा**
**सरसौल, कानपुर नगर**



नई दिल्ली में बुधवार को राष्ट्रीय बाल भवन में स्थापित भारतीय वायुसेना के एक पब्लिक पैवेलियन में केंद्रीय मानव संसाधन मंत्री रमेश पोखरियाल।



काठमांडो में बुधवार को एक शिव मंदिर में पूजा करता एक हिन्दू पुजारी।



मुंबई में बुधवार को मानसून की बारिश के बाद गेटवे ऑफ इंडिया पर घूमते पर्यटक।



राज्यसभा से तीन तलाक बिल पास होने पर नई दिल्ली में बुधवार को भाजपा सांसद विजय गोयल के आवास पर खुशियां मनातीं मुस्लिम महिलाएं।



नई दिल्ली में बुधवार को हैपीनेस एजुकेशन कांफ्रेंस 2019 में कार्यक्रम पेश करते कलाकार।



मुंबई में बुधवार को आगामी रक्षाबंधन त्योहार के लिए राखियां खरीदती एक महिला।



रामेश्वरम में बुधवार को आदि अमावस्या के अवसर पर पवित्र स्नान के लिए जुटी श्रद्धालुओं की भीड़।



जयपुर : नाहरगढ़ पहाड़ी से दिखाई देता 'जल महल' का दृश्य।

शिकागो (इलिनोइस) में बुधवार को एक प्रदर्शनी में ऐतिहासिक 'बिग बॉय नं. 4014' नामक भाप इंजन को देखने के लिए उमड़ी भीड़।



हरियाणा राजनीति के केंद्र पानी की वो कड़वी सच्चाई जिसे बंसीलाल,भजनलाल, चौटाला और हुड्डा ने सुनना भी पंसद नहीं किया लेकिन मनोहर लाल खट्‌टर ने मन में ठानी और टेल-टेल तक पहुंचा पानी। ——— संजय भाटिया@bjpsanjaybhatia

## वोट करने वालों से मोदी ने विश्वासघात किया : सिंघवी

**नई दिल्ली (भाषा)।** कांग्रेस ने बुधवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन लोगों के साथ विश्वासघात किया है कि जिन्होंने उन्हें मजबूत एवं निर्बाध अर्थव्यवस्था के लिए वोट किया था।



कांग्रेस प्रवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने यह टिप्पणी उस वक्त की है जब 'कैफे कॉफी डे' के संस्थापक वीजी सिद्धार्थ का शव बुधवार को कर्नाटक के दक्षिण कन्नड़ जिले में नेत्रावती नदी से बरामद किया गया। सिंघवी ने ट्वीट कर कहा, यह पुरानी धारणा रही है कि सरकार का व्यवसाय की दुनिया में कोई काम नहीं है और मोदी ने 2014 से पहले अपने चुनावी अभियान में इस बारे में बड़ी बातें की थीं। आज उन्होंने उन लोगों के साथ विश्वासघात किया है जिन्होंने उन्हें मजबूत, स्वतंत्र और निर्बाध अर्थव्यवस्था के लिए वोट किया था।

## गोवर्धन में श्राइन बोर्ड बनाने के मामले की सुनवाई स्थगित

**नई दिल्ली (भाषा)।** राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने बुधवार को मथुरा जिले की तीर्थनगरी गोवर्धन में तीन मंदिरों के लिए एक श्राइन बोर्ड गठित करने में देरी से जुड़े मामले की सुनवाई नौ अगस्त तक स्थगित कर दी। न्यायमूर्ति रघुवेंद्र एस राठौड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि उत्तर प्रदेश के अतिरिक्त मुख्य सचिव की निजी उपस्थिति के उसके आदेश के खिलाफ अपील उच्चतम न्यायालय में दायर हुई है और उसके सामने यह मामला विचाराधीन है। सुनवाई के दौरान उत्तर प्रदेश सरकार की तरफ से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल पिंकी आनंद ने पीठ के सामने 'श्री गिरिराज मुखारबिन्दु दानघाटी, श्री गिरिराज मुखारबिन्दु दास विश्व गोवर्धन और श्री गिरिराज मुखारबिन्दु जतीपुरा मंदिर विधेयक, 2017' रखा। पीठ ने कहा कि विधेयक को लिफाफे में रखकर कोर्ट मास्टर को दिया जाए, जिसे पढ़ने के बाद लौटाया जाएगा। इसके बाद पीठ ने इस मामले में आगे की सुनवाई के लिए दो अगस्त की तारीख तय की।

# रास में विपक्ष देर रात तक संसद चलाने के पक्ष में नहीं

■ अजय तिवारी

**नई दिल्ली। एसएनबी**

राज्यसभा में विपक्ष ने साफ कर दिया है कि उसकी देर रात तक सदन चलाने में कोई दिलचस्पी नहीं है। इस विषय पर दो दिन में दो बार विपक्ष उखड़ चुका है।

मंगलवार को तीन तलाक विधेयक के बाद जब कंपनी विधेयक लिया गया तो विपक्ष ने वाकआउट किया। सभापति वेंकैया नायडू ने समझाने की बहुत कोशिश की कि कार्यमंत्रणा समिति में उक्त विधेयक को लिए जाने की सहमति बनी थी, लेकिन विपक्ष सदन में नहीं रूका।

विपक्षी सांसदों का कहना था कि तीन तलाक विधेयक पर चार घंटे की लंबी चर्चा के बाद रात को अन्य विधेयक पर विमर्श करने के लिए उसके पास ऊर्जा नहीं बची है। बुधवार को भी फिर यही वाकया हुआ। जब दो विषयों पर चर्चा के बाद मोटर यान विधेयक को चर्चा के लिए लिया गया। विपक्षी सांसदों ने थकान की वजह से आग्रह किया कि मंत्री

> **लगातार दूसरे दिन हुई तकरार, मंगलवार को वाकआउट किया था**
>
> **कांग्रेस ने कहा संसद कानून बनाने की फैक्टरी नहीं, रामगोपाल ने कहा, बीमार नहीं होना**

का जवाब अगले दिन करा लिया जाए। सरकार इसके लिए तैयार नहीं हुई, इस पर विपक्ष के कई वरिष्ठ सांसदों ने नाखुशी जाहिर की। कई सांसद अपने स्थान पर खड़े होकर हंगामा भी करने लगे।

उपसभापति हरिवंश को उन्हें समझाने और सदन को व्यवस्थित करने में काफी मुश्किल हो गई। कांग्रेस के उपनेता आनंद शर्मा के साथ तो उनकी काफी बहस भी हो गई जब उन्होंने कह दिया कि संसद कोई कानून बनाने की फैक्ट्री नहीं है। उनका साथ तृणमूल सांसद डेरिक ओ ब्रायन और सपा सांसद रामगोपाल यादव ने भी दिया। रामगोपाल यादव ने कहा कि सुबह 9 बजे से रात 9 बजे तक संसद में बने रहे तो बीमार पड़ जाएंगे। इस पर सदन के नेता और केंद्रीय मंत्री ने थावरचंद गहलोत ने कहा कि उनके दल के सांसद नहीं बोलेंगे इससे समय बचेगा और विधेयक का जल्द पारित होना समाज की जरूरत है। इस पर अकाली सांसद नरेश गुजराल ने कहा कि छोटे दलों का समय बिलकुल न घटाया जाए, उनके साथ अकसर ऐसा किया जाता है।

# विदेशों से आ रहा 1,21,000 मीट्रिक टन प्लास्टिक कचरा

**नई दिल्ली (भाषा)।** भारत में कंपनियों और पुनर्चक्रण कार्य से जुड़ी इकाइयों द्वारा 1,21,000 मीट्रिक टन प्लास्टिक कचरा बड़ी होशियारी से भारत आयात किया जा रहा है जिससे प्लास्टिक प्रदूषण को कम करने के प्रयास प्रभावित हो रहे हैं।

एनजीओ 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति मंच' द्वारा किए गए एक अध्ययन में यह बात कही गई है। अध्ययन के मुताबिक इसमें से भारत में 55 हजार मीट्रिक टन प्लास्टिक कचरा केवल पाकिस्तान और बांग्लादेश से आ रहा है। इसमें कहा गया,'55 हजार मीट्रिक टन कचरा पाकिस्तान और बांग्लादेश से संयुक्त रूप से आ रहा है। पश्चिम एशिया, यूरोप और अमेरिका सहित 25 से अधिक देशों से प्लास्टिक कचरे का आयात हो रहा है।



> **55 हजार मीट्रिक टन प्लास्टिक कचरा केवल पाकिस्तान और बांग्लादेश से आ रहा है**

अध्ययन के मुताबिक भारतीय पुनर्चक्रण इकाइयां और प्लास्टिक कंपनियां इस्तेमाल की गई पीईटी (पॉलीथिलीन टेरेफ्थेलेट) प्लास्टिक बोतलों को बड़ी होशियारी से महीन कचरे के रूप में आयात कर रही हैं। वहीं, रोजाना पैदा हो रहे टनों प्लास्टिक कचरे का निस्तारण नहीं हो रहा है और यह सागरों तथा लैंडफिल में डंप किया जा रहा है। यह अध्ययन अप्रैल 2018 से फरवरी 2019 के बीच किया गया। अध्ययन के मुताबिक 19 हजार मीट्रिक टन से अधिक प्लास्टिक कचरा दिल्ली में आयात किया जा रहा है। अध्ययन में इस बढ़ते आयात पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा गया कि यह प्लास्टिक प्रदूषण को नियंत्रित करने के प्रयासों को बाधित कर सकता है।

# उन्नाव मामले पर विपक्ष ने फिर किया वाकआउट

**नई दिल्ली (एसएनबी)।** उत्तर प्रदेश के उन्नाव में बलात्कार पीड़िता के मुद्दे को लेकर कांग्रेस सहित विभिन्न विपक्षी दलों ने बुधवार को एक बार फिर लोकसभा में यह मुददा उठाया और गृह मंत्री से जवाब देने की मांग करते हुए सदन से वाकआउट कर दिया।

लोकसभा में सदन की कार्यवाही शुरू होने पर कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने उन्नाव की रेप पीड़िता का मुद्दा उठाते हुए प्रदेश सरकार पर लापरवाही का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार इस मामले में जिस तरह से काम कर रही है, उससे पीड़िता को न्याय मिलने की संभावना नहीं है और यह गंभीर चिंता का विषय है। अन्य दलों के नेताओं ने भी अधीर रंजन चौधरी की बात का समर्थन करते हुए गृह मंत्री से सदन में बयान देने की मांग की। विपक्षी सांसदों का कहना था कि सीबीआई से मामले की जांच के बावजूद पीड़िता तथा उसके परिजनों को धमकी मिल रही है।

> **उप्र सरकार जिस तरह से काम कर रही है, उससे पीड़िता को न्याय मिलने की संभावना नहीं : अधीर रंजन चौधरी**

विपक्षी सांसदों के आरोपों पर भाजपा के कई सदस्यों ने आपत्ति की, जिसके कारण भाजपा तथा विपक्षी सांसदों में नोकझोंक होने लगी।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सभी सदस्यों से शांत होने की अपील की, लेकिन शोरगुल के बीच कांग्रेस व द्रमुक सदस्यों ने भी सदन से वाकआउट कर दिया। इनके वाकआउट के बाद तृणमूल कांग्रेस के सुदीप्त बंद्योपाध्याय ने उन्नाव की घटना का कड़ा विरोध किया और कहा कि यदि सदन में पश्चिम बंगाल की घटना को लेकर विचार किया जा सकता है, तो उन्नाव की घटना पर सदन को चुप नहीं रहना चाहिए। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि जब बंगाल का मामला सदन में उठाया गया था, तो पूरा सदन इसके लिए सहमत था। उन्होंने कहा कि इस तरह से कई राज्यों के मामले सामने आएंगे, तो सभी पर विचार करना पड़ेगा। इस तरह के मुद्दों को उठाना है, तो इस बारे में फैसला भी सदस्यों को ही करना है।

## सिद्धार्थ की जान लेने वाले अदृश्य हाथों का पता लगाया जाए : सिद्धारमैया

**बेंगलुरू (भाषा)।** कांग्रेस की कर्नाटक इकाई ने बुधवार को कैफे कॉफी डे के संस्थापक वीजी सिद्धार्थ की मौत की निष्पक्ष जांच कराने की मांग करते हुए कहा,उनका जीवन लेने वाले अदृश्य हाथों का पता लगाया जाना चाहिए। पार्टी ने मामले को बहुत दुर्भाग्यपूर्ण बताया है।

राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सिद्धारमैया ने कहा कि सिद्धार्थ की मौत रहस्यपूर्ण और दुखद दोनों है। उन्होंने कहा कि उनकी इस दुखद मौत की वजह बने लोगों का निष्पक्ष जांच के माध्यम से पता लगाया जाना चाहिए। कांग्रेस की राज्य इकाई ने सोशल मीडिया में जारी बयान में कहा है कि यह घटना आयकर अधिकारियों द्वारा उत्पीड़न और भारत की उद्यमशीलता की स्थिति में गिरावट, कर आतंक और अर्थव्यवस्था के पतन का नतीजा है। संप्रग के शासनकाल में फलनेफ्फूलने वाली कंपनियां बंद हो गई हैं और कई लोग बेरोजगार हो गए हैं। कांग्रेस का इशारा सिद्धार्थ के लिखे पत्र की ओर था।

# सभी को है हैप्पीनेस की जरूरत : जस्टिस गोगोई

**नई दिल्ली (एसएनबी)।** दिल्ली सरकार की पहली हैप्पीनेस एजुकेशन कॉन्फ्रेंस सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश रंजन गोगोई की मौजूदगी में आयोजित हुई। तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित इस कॉन्फ्रेंस में मुख्य न्यायाधीश ने शिक्षा पर दिल्ली सरकार की ओर से किए जा रहे कार्यो की तारीफ करते हुए कहा कि बच्चों को ही नहीं बल्कि हम सभी को हैप्पीनेस चाहिए। लोग खुश रहेंगे तो मुकदमे भी कम हो जाएंगे।

> **लोग खुश रहेंगे तो मुकदमे भी कम हो जाएंगे : मुख्य न्यायाधीश**
>
> **तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित हुई पहली हैप्पीनेस एजुकेशन कॉन्फ्रेंस-2019**
>
> **कार्यक्रम में उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता उपराज्यपाल अनिल बैजल ने की**

दिल्ली सरकार के हैप्पीनेस कार्यक्रम को लेकर खुशी व्यक्त करते हुए रंजन गोगोई ने कहा कि आज मैं बहुत खुश हूं। यह एक बड़े कार्यक्रम की पहली वर्षगांठ है जहां 1024 स्कूलों के बच्चे प्रतिदिन 45 मिनट खुश रहना सीखते हैं। उन्होंने युवाओं से अपील करते हुए कहा आप भी बच्चों को खुश रहना सिखाएं, खुशी के मायने बताएं। उन्होंने देश के लंबित मामलों का जिक्र करते हुए कहा कि अगर लोग खुश हैं तो मुकदमेबाजी की समस्या खत्म हो जाएगी। हैप्पीनेस क्लासेस ज्यूडिशिरी में भी होनी चाहिए।

जस्टिस गोगोई ने हैप्पीनेस कैरिकुलम की आवश्यकता बताते हुए कहा कि बिना खुशी के शिक्षा कभी पूरी नहीं हो सकती है। युवाओं में यह एक गंभीर समस्या है, वे अपने आसपास क्या हो रहा है, इसे देखकर दुखी होते हैं। इस कार्यक्रम को देश के सभी स्कूलों में शुरू किए जाने पर उन्होंने जोर दिया। कार्यक्रम में उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता उपराज्यपाल अनिल बैजल ने की। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया पूरे कार्यक्रम में मौजूद रहे। मुख्यमंत्री केजरीवाल ने मुख्य न्यायाधीश का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आज हमारे छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है। चीफ जस्टिस कोर्ट के कार्यदिवस के बीच में भी हमारे बीच में हैं।

इस अवसर उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने बताया कि हम उन लोगों के लिए एक सर्टिफिकेट कोर्स पर काम कर रहे हैं, जो देश और दुनिया के विभिन्न हिस्सों में हैप्पीनेस पाठ्यक्रम शुरू करना चाहते हैं।

## पेज एक का शेष

### रेप पीड़िता में दिखी...

भी क्रिटिकल ही बनी हुई है। डा. तिवारी का कहना है कि अभी वकील की हालत में कोई सुधार नहीं हुआ है। कल भी वही हालत थी और बुधवार को भी क्रिटिकल बनी हुई है। डा. संदीप तिवारी का कहना है कि केजीएमयू में विशेषज्ञ डाक्टरों की टीम है और अभी बाहर से किसी विशेषज्ञ डाक्टर को बुलाने की आवश्यकता नहीं लग रही है।

### आईजी, डीएम, एसपी की...

यहां चाचा महेश सिंह ने अपनी पत्नी के शव को मुखाग्नि दी। इस दौरान उच्चाधिकारियों के साथ एडीएम, तीन सीओ और कई थानों का फोर्स भी तैनात रहा। अंतिम संस्कार के तुरंत बाद पीड़िता के चाचा को पुलिस वाहन से रायबरेली जेल भेज दिया गया। प्रशासन ने मीडिया को पीड़िता के चाचा से बहुत दूर रखा मगर गाड़ी में बैठने के दौरान चाचा महेश सिंह ने तेज आवाज में मीडिया की ओर देखकर कहा कि विधायक ने मेरे परिवार को बर्बाद कर दिया। गौरतलब हो बीते दिनों पीड़िता के वाहन को एक ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी थी, जिसमें पीड़िता की चाची और मौसी की मौत हो गयी थी। पीड़िता के चाचा महेश सिंह भी जेल में बंद हैं। उन्हें उच्च न्यायालय ने बुधवार को अंतिम संस्कार के लिए 12 घंटे की शार्ट टर्म बेल दी थी। बुधवार सुबह करीब साढ़े 10 बजे भारी सुरक्षा के बीच पुलिस महेश सिंह को वज्र वाहन से मिश्रा कालोनी घाट पर लायी। इसके बाद पुलिस के सुरक्षा चक्र के दायरे में रखते हुए चाचा को परिजनों से मिलवाया गया। चाचा ने परिजनों से करीब 25 मिनट तक बात की। पीड़िता का चाचा पत्नी के शव के पास पहुंचा तो फफक पड़ा। घरवाले और पीड़िता का 12 साल का भाई चाचा से लिपट कर रोने लगा। चाचा ने घरवालों को हिम्मत बंधाई और बोला कि इस लड़ाई में हम पूरी मजबूती के साथ खड़े हैं। इस दौरान चाचा से लिपटकर परिजन भी खूब रोये। इसके बाद पीड़िता की चाची के शव को चिता पर रखा गया। हिंदू रिवाज के तहत अंतिम संस्कार की प्रक्रिया को पूरा कराया गया। पीड़िता के चाचा ने पत्नी को मुखाग्नि दी। चिता में आग लगते ही पुलिस ने महेश सिंह को ले चलने का दबाव बनाया। इस पर महेश सिंह बिफर पड़े और पूरी चिता जलने के बाद ही चलने का ऐलान किया। इसके बाद वह परिजनों व रिश्तेदारों के साथ घाट पर ही बैठा रहा। चिता के शांत होने पर पुलिस उसे भारी सुरक्षा के बीच वज्र वाहन से वापस रायबरेली जेल ले गयी।

### सुप्रीम कोर्ट में बढ़ेगी...

जब सीजेआई के अलावा न्यायाधीशों की संख्या 25 से बढ़ाकर 30 की गई। भारत के प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर शीर्ष न्यायालय में न्यायाधीशों की संख्या बढ़ाने के लिए कहा था। वर्तमान में शीर्ष न्यायालय में 59,331 मामले लंबित हैं। सीजेआई ने कहा कि न्यायाधीशों की कमी के कारण कानून के सवालों से जुड़े महत्वपूर्ण मामलों में फैसला लेने के लिए आवश्यक संवैधानिक पीठों का गठन नहीं किया जा रहा। **ओबीसी के भीतर उप श्रेणियां बनाने संबंधी आयोग का कार्यकाल बढ़ा :** कैबिनेट ने केंद्रीय सूची में अन्य पिछड़ा वर्गों के भीतर उप श्रेणियां बनाने के मसले पर विचार करने के लिए गठित आयोग के कार्यकाल विस्तार को बुधवार को मंजूरी प्रदान कर दी।

### सीसीडी के संस्थापक...

इलाके में नेत्रावती नदी के पुल के पास सोमवार रात देखा गया था। सिद्धार्थ सोमवार की दोपहर बेंगलुरू के हासन जिले से सक्लेशपुर के लिए निकले थे लेकिन अचानक उन्होंने अपने कार चालक से मेंगलुरू चलने को कहा था। पुलिस ने बताया कि नेत्रावती नदी पर बने पुल के पास वह कार से उतर गए थे और उन्होंने चालक से कहा था कि वह टहलने जा रहे हैं। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि हर बात आत्महत्या की ओर इशारा करती है लेकिन जांच पूरी होने तक किसी नतीजे पर नहीं पहुंचा जा सकता। दक्षिण कन्नड़ जिले के उपायुक्त शशिकांत सेंथिल ने बताया कि सिद्धार्थ के मित्रों ने उनके शव की पहचान कर ली है। सिद्धार्थ ने अपनी कंपनी कॉफी डे इंटरप्राइजेज के निदेशक मंडल और उसके कर्मियों को एक पत्र लिखा था जिसमें उन्होंने करदाताओं एवं कर प्राधिकारियों द्वारा उन्हें कथित रूप से परेशान करने की बात कही थी। सिद्धार्थ का शव करीब दो दिन की गहन तलाश के बाद मिला।

सिद्धार्थ का पता लगाने के लिए कई एजेंसियों ने उस पुल के नीचे नेत्रावती नदी में तलाश की थी, जहां उन्हें आखिरी बार देखा गया था। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, जांच जारी है। हर चीज प्रथम दृष्ट्या उसी (आत्महत्या की) ओर इशारा करती है, लेकिन हम किसी संभावना को नकार नहीं सकते। हमें अभी जांच पूरी करनी है।

**सीएम ने जताया दुख :** कर्नाटक के मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा ने बेंगलुरू में कहा, हमें शव मिल गया है। वे (सिद्धार्थ का परिवार) अंतिम संस्कार का प्रबंध कर रहे हैं। मैं भी इसमें शामिल होऊंगा। मेरे पास परिवार को दिलासा देने के लिए शब्द नहीं हैं।

### आजम खां के बेटे...

चला रही है। यहां मदरसा आलिया से चोरी की गई किताबें तलाशी जा रही हैं। ढाई हजार किताबें बरामद हो चुकी हैं और चार कर्मचारियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। बुधवार को सर्च अभियान के दौरान विधायक अब्दुल्ला भी पहुंच गए। वह इस विश्वविद्यालय के सीईओ भी हैं। इस दौरान उनकी पुलिस से नोकझोंक हुई। इस बीच, बुधवार को विवि गेट पर बाहर के कई सपा नेता एकत्र हो गए। गलत तथ्यों के आधार पर पासपोर्ट बनवाने के आरोप में सिविल लाइंस कोतवाली में अब्दुल्ला के खिलाफ मंगलवार को मुकदमा दर्ज किया गया है। सिविल लाइंस के कोतवाल राधेश्याम ने बताया कि भाजपा नेता की ओर से विधायक अब्दुल्ला आजम के खिलाफ धोखाधड़ी और पासपोर्ट एक्ट की धारा में मुकदमा दर्ज कराया गया है। भाजपा नेता ने आरोप लगाया है कि अब्दुल्ला की ओर से असत्य व कूटरचित दस्तावेज के आधार पर पासपोर्ट बनवाया गया है और उसे उपयोग में लाया जा रहा है। पासपोर्ट संख्या जेड 4307442 दिनांक 10 जनवरी, 2018 को जारी हुआ है, जिसमें अब्दुल्ला की जन्मतिथि 30 सितंबर, 1990 दर्शाई गई है, जबकि शैक्षिक प्रमाणपत्रों में यह एक जनवरी, 1993 है।

### खेतों की रखवाली कर रहे...

घटना की सूचना क्षेत्र में जंगल की आग की तरह फैली। देखते ही देखते सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण वहां जुट गये। पुलिस पिकेट के पास सनसनीखेज हत्याकांड पर ग्रामीण भड़क गये और हंगामा करने लगे। उनका कहना था कि पुलिस पिकेट प्वाइंट के पास हत्या से जाहिर है कि रात में पुलिसकर्मी वहां मौजूद नहीं थे। उन्होंने कहा कि पिकेट के पास लोग सुरक्षित नहीं हैं, इससे कानून-व्यवस्था की स्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता है। ग्रामीणों ने क्षेत्रीय विधायक के खिलाफ भी जमकर नारेबाजी की। हंगामा और प्रदर्शन करीब सात घंटे चला। बाद में आईजी मोहित अग्रवाल, एसएसपी अनंत देव तिवारी और डीएम विजय विश्वास पंत मौके पर पहुंचे। उन्होंने आक्रोशित ग्रामीणों को शांत कराया और हत्यारों को जल्द गिरफ्तार करने का विश्वास दिलाया। उसके बाद शव पोस्टमार्टम के लिये भेजे गये। समाचार लिखे जाने तक हत्यारों का सुराग नहीं मिला था। एसएसपी ने कहा कि पुलिस को जांच की कुछ लाइनें मिलीं हैं, जिन पर काम किया जा रहा है। हत्यारे जल्द गिरफ्त में होंगे।

## छोटे पर्दे के कार्यक्रम




डीडी-1 : रात : '07.00 बजे'

फिल्म : 'सोच'

**डीडी-1** 07.00 सिने संगीत, 08.00 फोर्टी प्लस, 08.30 नयी दृष्टि नयी राह, 09.00 कश्मीरनामा, 09.30 चित्राहार, 10.00 ब्योमकेश बख्शी, 11.00 आग के अंदर राख, 11.30 करन द डिटेक्टिव, 12.00 कश्मकश जिंदगी की, 12.30 नरगिस, 01.00 ख्वाबों के दरमियान, 01.30 जिंदगी एक भंवर, 02.00 बिन बिटिया स्वर्ग अधूरा, 02.30 लकीरें किस्मत की, 03.00 कभी सास कभी बहू, 03.30 यहां के हम सिकंदर 04.00 गुडईवनिंग इंडिया, 05.00 डीडी साइंस, 06.00 सिने संगीत, 07.00 हिंदी फीचर फिल्म, 09.45 कभी सास कभी बहू, 10.10 बातें फिल्मों की, 10.35 नॉनसेंस अनलिमिटेड, 11.00 नृत्य का अखिल भारतीय कार्यक्रम, 11.30 रंगोली, 12.00 कश्मकश जिंदगी की।

**सहारा वन** 06.00 हिंदी फीचर फिल्म, 09.00 हिंदी फीचर फिल्म, 12.00 हिंदी फीचर फिल्म, 03.00 हिंदी फीचर फिल्म, 06.00 जय जय जय बजरंगबली, 06.30 डोली सजा के, 07.00 वो रहने वाली महलों की, 07.30 घर एक सपना, 08.00 डोली सजा के, 08.30 जय जय जय बजरंगबली, 09.00 करिश्मा, 09.30 घर एक सपना, 10.00 वो रहने वाली महलों की, 10.30 करिश्मा, 11.00 जय जय जय बजरंगबली, 11.30 डोली सजा के, 12.00 हिंदी फीचर फिल्म, 03.00 हिंदी फीचर फिल्म।

**जी टीवी** 07.00 हिंदी फीचर फिल्म, 10.00 कुमकुम भाग्य, 10.30 हमारी बहू सिल्क, 11.00 कुण्डली भाग्य, 11.30 तुझसे है राबता, 12.00 गुडडन तुमसे ना हो पायेगा, 12.30 कुमकुम भाग्य, 01.00 कुण्डली भाग्य, 01.30 तुझसे है राबता, 02.00 गुडडन तुमसे ना हो पाएगा, 02.30 कुमकुम भाग्य, 03.00 हमारी बहू सिल्क, 03.30 कुण्डली भाग्य, 04.00 इश्क सुहान अल्ला, 04.30 तुझसे है राबता, 05.00 जमाई राजा, 06.00 कुमकुम भाग्य, 06.30 राजा बेटा, 07.00 ये तेरी गलियां, 07.30 मनमोहिनी, 08.00 गुडडन तुमसे ना हो पायेगा, 08.30 तुझसे है राबता, 09.00 कुमकुम भाग्य, 09.30 कुण्डली भाग्य, 10.00 इश्क सुहान अल्ला, 10.30 हमारी बहू सिल्क।

**स्टार प्लस** 07.00 कसौटी जिंदगी की, 08.00 कुल्फी कुमार बाजेवाला, 08.30 ये रिश्ता क्या कहलाता है, 09.00 नजर, 09.30 कहां हम कहां तुम, 10.00 कुल्फी कुमार बाजेवाला, 10.30 ये रिश्ता क्या कहलाता है, 11.00 कसौटी जिंदगी की, 12.00 ये रिश्ते हैं प्यार के, 12.30 ये रिश्ता क्या कहलाता है, 01.00 कुल्फी कुमार बाजेवाला, 02.00 कहां हम कहां तुम, 02.30 नजर, 03.00 दिव्य शक्ति, 04.00 प्यार का दर्द है मीठा मीठा प्यारा प्यारा, 05.00 ये हैं मोहब्बतें, 05.30 नजर, 06.00 कसौटी जिंदगी की, 06.30 ये रिश्ता क्या कहलाता है, 07.00 एक भरम सर्वगुण सम्पन्न, 07.30 दिल तो हैपी है जी, 08.00 कसौटी जिंदगी की, 08.30 कुल्फी कुमार बाजेवाला, 09.00 कहां हम कहां तुम, 09.30 ये रिश्ता क्या कहलाता है, 10.00 ये रिश्ते हैं प्यार के, 10.30 ये हैं मोहब्बतें, 11.00 नजर, 11.30 कसौटी जिंदगी की।

**ट्रैवल एंड लिविंग** 07.00 बीच लाइफ विद एंजेला कैन, 07.30 शॉर्ट फार्म्स, 08.30 मेटिल्डा एंड द रैमसी बंच सीरीज-2, 09.00 एसेंस ऑफ द इंडिया, 09.30 रोड राइवल्स, 12.00 सेव माई स्टायल, 12.30 से यस टू द ड्रैस, 01.00 डिस्कवरिंग कोरियन फूड, 01.30 हाउ टू कुक लाइक हस्टन, 02.30 केक बॉस, 05.00 सेव माई स्टायल, 05.30 से यस टू द ड्रैस, 07.00 एसेंस ऑफ द इंडिया।

**डिस्कवरी** 06.00 फास्ट एंड लाउड, 07.00 ड्युअल सरवाइवल, 08.00 मैन वुमैन वाइल्ड. 10.00 यू हेव बीन वॉरन्ड, 11.00 रिवर मॉन्स्टर्स, 12.00 मैन वर्सेस वाइल्ड, 02.00 अमरीकन डिगर, 03.30 फूड फैक्ट्री, 04.00 ड्युअल सरवाइवल, 05.00 रिवर मॉन्स्टर्स विद जेरेमी वाडे, 06.00 बियर ग्रैल्स सरवाइवल स्कूल, 07.30 ब्रेव वाइल्डरनेस, 08.00 मैन वर्सेस वाइल्ड।

**एनीमल प्लेनेट** 07.30 लॉयन मैन वन वर्ल्ड अफ्रीकन सफारी, 08.00 आइकॉन्स ऑफ द वाइल्ड, 11.00 जोल्टान।

### टीवी की फिल्में

**डीडी-1**
07.00 रात 'दीवानगी'।

**स्टार गोल्ड**
08.05 प्रातः 'गोलमाल-3', 11.10 पूर्वा. 'जौली एलएलबी-2', 02.10 अप. 'दमदार खिलाड़ी', 04.50 अप. 'रेडी', 08.00 रात 'द रिटर्न ऑफ अभिमन्यु', 11.15 रात 'मेरी जंग'।

**जी सिनेमा**
09.15 प्रातः 'एनकाउंटर राजा', 11.45 पूर्वा. 'बागी', 02.40 अप. 'ए फ्लाइंग जट', 05.40 सायं 'आर्या एक दीवाना', 09.00 रात 'मॉस मसाला'।

**जी क्लासिक**
06.00 प्रातः 'संडे', 08.05 प्रातः 'कुदरत का कानून', 11.00 पूर्वा. 'क्यों कि', 02.15 अप. 'अजूबा', 05.30 सायं 'कर्मा', 09.00 रात 'मर्द'।

**बी4यू**
07.30 प्रातः 'इंसानियत', 12.00 अप. 'शहंशाह', 03.00 अप. 'मेला', 06.00 सायं 'बादशाह', 09.00 रात 'घातक'।

## राशिफल/पंचांग

पं. कृष्ण गोपाल मिश्र

**बृहस्पतिवार, 1 अगस्त, 2019**




**दैनिक सूर्योदय :** दिल्लीप्रातः 05:42, काशीप्रातः 05:24, कानपुरप्रातः 05:33, पटनाप्रातः 05:15, देहरादूनप्रातः 05:35, गोरखपुरप्रातः 05:20 लखनऊप्रातः 05:30 बजे। **दैनिक सूर्यास्त :** दिल्लीरात 07:12, काशीसायं 06:43, कानपुररात 06:56, पटनासायं 06:35, देहरादूनसायं 07:12, गोरखपुरसायं 06:44, लखनऊसायं 06:54 बजे। **दैनिक चंद्रोदय :** दिल्लीप्रातः 05:36, काशीप्रातः 05:18, कानपुरप्रातः 05:27, पटनाप्रातः 05:09, देहरादूनप्रातः 05:29, गोरखपुरप्रातः 05:14, लखनऊप्रातः 05:24 बजे। **दैनिक चंद्रास्त :** दिल्लीरात्रि 07:36, काशीरात्रि 07:07, कानपुररात्रि 07:20, पटनारात्रि 06:59, देहरादूनरात्रि 07:37, गोरखपुररात्रि 07:08, लखनऊरात्रि 07:18 बजे। राहुकाल 13:30 बजे से 15:00 बजे। राष्ट्रीय श्रावण 10, शक् संवत् 1940। श्रावण कृष्ण अमावस्या, संवत् 2076, सौर (कर्क) श्रावण मास की 17, प्रविष्टें। जिल्काद 28, हिजरी 1440 (मुस्लिम)। वर्षा ऋतु। श्रावण कृष्ण पक्ष अमावस्या प्रातः 08:41 बजे तक तदन्तर श्रावण शुक्ल प्रतिपदा तिथि शुरु होकर अर्द्धरात्रियोत्तर 05:11 बजे तक उदित रहेगा, तत्पश्चात द्वितीया तिथि शुरु। पुष्य नक्षत्र अप. 12:12 बजे तक तदन्तर ओषा नक्षत्र शुरु। सिद्धि योग अप. 03:17 बजे तक तदन्तर व्यतिपात योग शुरु। चन्द्रमा पूरा दिनरात कर्क राशि में ही संचरण करेगा। स्नानदान की अमावस्या, यायीजय योग अप. 12:12 से अर्द्धरात्रियोत्तर 05:12 बजे तक, अमृत एवं सर्वार्थसिद्धि योग सूर्योदय से अप. 12:12 बजे तक, बुध मार्गी प्रातः 09:20 बजे से, प्रतिपदा तिथि क्षय, तिलक स्मृति दिवस।

**मौसम :** पूर्वोत्तरीय पर्वतीय व तराई और पश्चिमोत्तर पर्वतीय क्षेत्रों में भारी वर्षा की आशंका है। पश्चिमी मध्य क्षेत्रों में उमस रहेगी।

### दैनिक राशिफल

**मेष :** नयी महत्वाकांक्षी योजनाएं बनेंगी किंतु उचित समय पर समुचित व्यवस्था न होने से पूर्ति मे अवरोध होगा। पुराने संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। रोजगार क्षेत्र में लाभकारी स्थिति से मन प्रसन्न होगा।

**बृषभ :** कुछ नई महत्वाकांक्षाओं की सकारात्मकता हेतु आपकी क्रियाशीलता बढ़ेगी। अत्याधिक पारिवारिक जिम्मेदारियां मन को बोझिल करेंगी। अच्छे संबंधों के भावनात्मक सहयोग से मन में उत्साह का संचार होगा।

**मिथुन :** नये दायित्व अपनी पूर्ति हेतु मन पर दबाव बनाएंगे। कानूनी मामलों में कुछ कठिनाइयां संभव। तामसिक विचारों पर नियंत्रण रखें। उच्चस्तरीय लोगों के सानिध्य से मनोबल मजबूत होगा।

**कर्क :** परिजनों के सुख-दुख के प्रति मन में चिंता संभव। किसी महत्वपूर्ण कार्य पूर्ति हेतु चिंता समाप्त होगी। समय व स्थिति के अनुसार स्वभावभाव में लचीलापन लायें। संबंधियों के बीच भावनात्मक आकांक्षाएं कष्टकारी होंगी।

**सिंह :** अपने मन को किसी नये रचनात्मक लक्ष्य के प्रति केंद्रित करें। अच्छी कल्पनाएं मन में उत्साह का संचार करेंगी। पुराने संबंधों के भावनात्मक स्मरण से मन ओतप्रोत होगा। घर में खुशहाली रहेगी।

**कन्या :** अत्याधिक कर्जभार से मन चिंतित होगा। कुछ नयी आकांक्षाएं मन को उद्वेलित करेंगी। मानसिक अवसाद व कार्य-पेशे में अरुचि से आर्थिक संकट की आशंका बनेगी।

**तुला :** अपने कार्यों को समयानुकूल पूर्ण करने का प्रयत्न करें। निरर्थक दूसरों की अलोचना न करें। सगे-संबंधों में थोड़ा भावनात्मक प्रदर्शन पर जोर दें। आर्थिक सबलता के लिए मन नयी-नयी युक्तियों पर केंद्रित होगा।

**वृश्चिक :** वर्तमान स्थिति देखते हुए भविष्य संबंधी चिंता बढ़ेगी फिर भी कुछ नये आसार आत्मबल में वृद्धि कर समस्याओं का समाधान करने की क्षमता प्रदान करेंगे। जीवन साथी के साथ मधुरता कायम रखें।

**धनु :** किसी महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति होने के आसार बनेंगे। अचल सम्पत्ति संबंधी तनाव से चिंतित होंगे। महत्वपूर्ण दायित्वों की समयानुकूल पूर्ति के लिए चिंतित होंगे। शिक्षा-प्रतियोगिता के क्षेत्र मे सफलताएं मिलेंगी।

**मकर :** व्यावसायिक संबंधों में व्यवहार कुशलता का लाभ उठाएंगे। महत्वपूर्ण कार्यो के प्रति समुचित व्यवस्था के लिए मन प्रयत्नशील होगा। शिक्षा-प्रतियोगिता की दिशा में प्रयत्न तीव्र होगा।

**कुंभ :** कार्य-पेशे में कुछ नई तब्दीली रुचिकर होगी। राजकीय क्षेत्र कुछ परिवर्तन से लाभ के आसार बनेंगे। पारिवारिक दायित्वों की समय से पूर्ति हेतु प्रयत्नशील होंगे। अच्छी सोच का सुन्दर लाभ प्राप्त करेंगे।

**मीन :** अच्छी भावनाओं के बावजूद भी कटु वाणी से संबंधों में कटुता की आशंका है। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। क्षमता से अधिक कार्यों का बोझ निजी महत्वपूर्ण दायित्वों की पूर्ति में बाधक होगा।

मैंने सब कुछ देखा। मैं स्वयं से पूछा रहा था, क्या मैंने ऐसा कहा था ? लेकिन ईमानदारी से कहूं तो मैं अंपायरों के पास नहीं गया और अंपायरों से ऐसा कुछ नहीं बोला।

-बेन स्टोक्स @Ben Stokes

तेंदुलकर मेरे आदर्श हैं। मैं उनसे प्रेरित हुआ करता था। उनके साथ ड्रेसिंग रूम साझा करना सम्मान की बात है। -वेणुगोपाल राव@VenuGopalaRao





## संक्षिप्त खबरें

### कोहली को कोच चयन पर राय देने का हक : गांगुली

**कोलकाता।** पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली ने कहा कि टीम का कप्तान होने के नाते विराट कोहली के पास कोच चयन प्रक्रिया पर अपनी राय देने का पूरा अधिकार है। भारत के विश्व कप सेमीफाइनल से बाहर होने के बाद पहली बार मीडिया से मुखातिब होते हुए कोहली ने भारतीय मुख्य कोच के लिए रवि शास्त्री के जारी रहने का समर्थन किया था जिनका कार्यकाल इस हफ्ते के अंत में शुरू हो रहे वेस्टइंडीज के दौरे के साथ ही समाप्त होगा। गांगुली ने कोहली की वेस्टइंडीज रवानगी से पहले सोमवार को मुंबई में हुई प्रेस कांफ्रेंस में की गयी टिप्पणी का जिक्र करते हुए कहा, 'वह कप्तान है। उसका इस मामले पर बोलने का पूरा अधिकार है।'

### भज्जी खेल रत्न मामले में विलंब की जांच के आदेश

**चंडीगढ़।** पंजाब सरकार ने अनुभवी भारतीय क्रिकेटर हरभजन सिंह के इन आरोपों की जांच के आदेश दिए हैं कि राज्य के खेल विभाग की प्रशासनिक देरी उन्हें प्रतिष्ठित खेल रत्न पुरस्कार नहीं मिल पाने का कारण है। खेल रत्न पुरस्कार के लिए इस आफ स्पिनर के नामांकन को केंद्रीय खेल एवं युवा मामलों के मंत्रालय ने इस आधार पर खारिज कर दिया था कि उनके दस्तावेज देरी से पहुंचे। हरभजन ने पंजाब के खेल मंत्री राणा गुरमीत सिंह सोढी से इस मामले में हस्तक्षेप का आग्रह किया और मंत्री ने इस क्रिकेटर के दस्तावेज केंद्र को कथित रूप से देरी से भेजने के मामले की जांच का आदेश दिया।

### रीयाल मैड्रिड का सत्र पूर्व खराब प्रदर्शन जारी

**म्यूनिख।** रीयाल मैड्रिड का सत्र पूर्व लचर प्रदर्शन जारी रहा जब उसे यहां टोटेनहैम के खिलाफ 0-1 से हार का सामना करना पड़ा। विजेता टीम की ओर से मैच का एकमात्र गोल हैरी केन ने 22वें मिनट में किया। रीयाल मैड्रिड के मिडफील्डर टोनी क्रूज ने मंगलवार को मैच के बाद जर्मन टीवी से कहा, 'हम इस हार के हकदार थे। यह सही है कि हम अच्छी लय में नहीं हैं।' एक अन्य मैच में बार्यन म्यूनिख ने फेनेरबाक को 6-1 से हराया। चैंपियंस लीग का उप विजेता टोटेनहैम फाइनल में बार्यन म्यूनिख से खेलेगा।

### प्रो कबड्डी लीग में यूपी और जयपुर विजयी

**मुंबई।** रेडर दीपक हुड्डा के तूफानी प्रदर्शन से जयपुर पिंक पैंथर्स ने हरियाणा स्टीलर्स को प्रो कबड्डी लीग में बुधवार को एकतरफा अंदाज में 37-21 से पराजित कर टूर्नामेंट में जीत की हैट्रिक पूरी करने के साथ तालिका में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। एक अन्य मैच में यूपी योद्धा ने यू मुंबा को 27-23 से पराजित किया। जयपुर की जीत के स्टार रहे दीपक जिन्होंने 23 रेड से 14 अंक जुटाए। जयपुर के संदीप धुल ने डिफेंस में नौ टैकल से छह अंक बटोरे। हरियाणा की तरफ से विनय ने रेड से छह और सुनील ने डिफेंस से छह अंक बनाये। जयपुर की यह लगातार तीसरी जीत है और उसने 15 अंकों के साथ तालिका में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया।

### शरत के शानदार प्रदर्शन से चेन्नई लायंस पराजित

**नई दिल्ली।** भारत के स्टार खिलाड़ी शरत कमल के शानदार प्रदर्शन के दम पर चेन्नई लायंस ने अल्टीमेट टेबल टेनिस में गोवा चैलेंजर्स को 8-7 से हराया। दुनिया के 32वें नंबर के खिलाड़ी कमल ने पैट्रिसा सोल्जा के साथ मिश्रित युगल मैच जीता। वहीं पुरुष उलट एकल में अमलराज एंथोनी को मात दी। महिला एकल में मधुरिका पाटकर को अर्चना कामथ ने हराया। इससे पहले गोवा की चेंग आई चिंग ने महिला एकल में जीत दर्ज करके टीम को बढ़त दिलाई थी।

### दिल्ली कैपिटल्स के लिए खेलेंगे मयंक मारकंडे

**नई दिल्ली।** मुंबई इंडियंस के लेग स्पिनर मयंक मारकंडे आईपीएल के 2020 के सत्र में दिल्ली कैपिटल्स टीम की तरफ से खेलते नजर आएंगे। इंडियन प्रीमियर लीग(आईपीएल) के अगले सत्र के लिए टीमों में खिलाड़ियों की अदलाबदली का दौर शुरू हो गया है। इसी क्रम में पिछले विजेता मुंबई इंडियंस ने अपनी टीम में एक बदलाव किया है और मारकंडे को अपनी टीम से रिलीज कर दिया है। मारकंडे अगले सत्र में दिल्ली टीम के लिए खेलेंगे। बीसीसीआई ने बुधवार को जारी अपनी विज्ञप्ति में यह जानकारी दी। मारकंडे ने आईपीएल के 2018 सा में अपना पदार्पण किया था। उन्होंने आईपीएल में 14 मैच खेले हैं और 15 विकेट हासिल किये हैं।


## विराट कोहली कर चुके हैं रवि शास्त्री के लिए वकालत फिर भी

# टीम इंडिया के कोच की होड़ में मूडी और माहेला भी शामिल

**मुंबई (वार्ता)।** भारतीय क्रिकेट कप्तान विराट कोहली टीम इंडिया के नये कोच के लिये रवि शास्त्री को ही बरकरार रखने की वकालत कर चुके हैं लेकिन इस प्रतिष्ठित पद के लिये आस्ट्रेलिया के टॉम मूडी और श्रीलंका के माहेला जयवर्धने भी दावेदारों की होड़ में शामिल हैं।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने नये कोच के लिए आवेदन मांगे थे जिसकी समयसीमा मंगलवार को समाप्त हो गयी। मौजूदा कोच रवि शास्त्री और अन्य सपोर्ट स्टॉफ का अनुबंध विश्वकप के बाद समाप्त हो गया था लेकिन बीसीसीआई ने सपोर्ट स्टाफ को 45 दिन का विस्तार देते हुये वेस्टइंडीज के दौरे तक अपने पदों पर बने रहने के लिए कहा है।

भारत को अगस्त के शुरू से सितंबर के शुरू तक वेस्टइंडीज का दौरा करना है और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 15 सितंबर से होने वाली घरेलू सीरीज के लिए टीम इंडिया को नया कोच मिल जाएगी। वेस्टइंडीज रवाना होने से पूर्व कप्तान विराट ने शास्त्री की मौजूदगी में प्रेस कांफ्रेंस में ही कह दिया था कि यदि रवि भाई इस पद पर बने रहते हैं तो उन्हें बहुत खुशी होगी। विराट का यह भी कहना था कि शास्त्री का टीम इंडिया में काफी सम्मान है और वह चाहेंगे कि शास्त्री ही कोच बने रहें। हालांकि अंतिम फैसला कोच चुनने के लिए तीन सदस्यीय समिति ही करेगी जिसमें पूर्व कप्तान कपिल देव, पूर्व ओपनर अंशुमन गायकवाड और पूर्व महिला क्रिकेटर शांता रंगास्वामी हैं। यह समिति अगस्त के मध्य में उम्मीदवारों का साक्षात्कार करेगी और अपनी सिफारिश को बीसीसीआई को सौंपेगी। नये कोच की होड़ में शामिल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटरों में आस्ट्रेलिया के टॉम मूडी, श्रीलंका के दिग्गज बल्लेबाज माहेला जयवर्धने, न्यूजीलैंड के पूर्व कोच माइक हैसन, पूर्व भारतीय ऑलराउंडर रॉबिन सिंह, टीम इंडिया के पूर्व मैनेजर और जिम्बाब्वे के मौजूदा कोच लालचंद राजपूत प्रमुख हैं।



टॉम मूडी



माहेला जयवर्धने

ऐसी भी खबरें हैं कि पूर्व टेस्ट बल्लेबाज प्रवीण आमरे ने बल्लेबाजी कोच के लिए आवेदन किया है जबकि दुनिया के सर्वश्रेष्ठ फील्डर दक्षिण अफ्रीका के जोंटी रोड्स क्षेत्ररक्षण कोच की होड़ में हैं। हालांकि बीसीसीआई की नीति के अनुसार शास्त्री तथा अन्य सपोर्ट स्टॉफ भरत अरुण, संजय बांगड़ और आर श्रीधर को चयन प्रक्रिया में स्वतः ही प्रवेश मिल जाएगा। लेकिन यह देखना दिलचस्प होगा कि कपिल की अगुआई में तीन सदस्यीय समिति विराट की पसंद पर मुहर लगाती है या नया कोच चुनती है। शास्त्री के कोच रहते भारत ने पहली बार आस्ट्रेलिया में 2-1 से टेस्ट सीरीज जीती थी। इसके अलावा भारत ने वेस्टइंडीज और श्रीलंका में भी टेस्ट सीरीज जीत हासिल की थी। इसके अलावा भारत ने श्रीलंका, दक्षिण अफ्रीका, आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में वनडे सीरीज भी जीती थी।

भारत ने शास्त्री के कोच रहते एशिया कप पर भी कब्जा किया। लेकिन इंग्लैंड में हुये विश्वकप के सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड के हाथों मिली हार टीम इंडिया के प्रशंसकों को लगातार कचोट रही है। आस्ट्रेलिया के पूर्व ऑलराउंडर मूडी 2005 में भी भारतीय कोच की होड़ में शामिल थे लेकिन अपने ही देश के ग्रेग चैपल से मात खा गये थे। मूडी फिर श्रीलंका के कोच बने थे और टीम को 2007 विश्वकप के फाइनल तक ले गये थे। मूडी आईपीएल में किंग्स इलेवन पंजाब और सनराइजर्स हैदराबाद के कोच भी रह चुके है।

### राजपूत ने भारत के मुख्य कोच पद के लिए आवेदन किया

**मुंबई (भाषा)।** पूर्व मैनेजर लालचंद राजपूत ने भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम के मुख्य कोच के पद के लिए दावेदारी पेश की है। राजपूत अभी जिंबाब्वे क्रिकेट टीम के कोच हैं लेकिन आईसीसी के सरकारी हस्तक्षेप के कारण जिंबाब्वे क्रिकेट को निलंबित करने के बाद उन्होंने भारत का मुख्य कोच बनने में रुचि दिखाई है।

पता चला है कि दक्षिण अफ्रीका में 2007 में पहला टी-20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम के मैनेजर रहे राजपूत ने बीसीसीआई को निर्धारित समय सीमा खत्म होने से पूर्व दुबई हवाई अड्डे से आवेदन भेजा जबकि वह कनाडा जा रहे थे। बीसीसीआई ने मुख्य कोच, बल्लेबाजी कोच और गेंदबाजी कोच सहित अन्य पदों के लिए आवेदन मंगाए हैं और इसके लिए अंतिम तारीख 30 जुलाई थी। मुंबई के पूर्व सलामी बल्लेबाज राजपूत ने भारत का भी प्रतिनिधित्व किया है। उन्होंने अफगानिस्तान के अलावा असम को कोचिंग दी है जबकि दो साल के लिए टी-20 मुंबई लीग की टीम के भी कोच रहे।

### बीसीसीआई और मंत्रालय के 'शीतयुद्ध' से दक्षिण अफ्रीका ए का भारत दौरा खटाई में

**नई दिल्ली (भाषा)।** बीसीसीआई को अभी तक खेल मंत्रालय से मंजूरी नहीं मिलने के कारण दक्षिण अफ्रीका की ए टीम और महिला टीम का अगस्त-सितंबर में होने वाला भारत दौरा खटाई में पड़ गया है। आम तौर पर जब कोई टीम भारत का दौरा करती है तो बीसीसीआई खेल मंत्रालय को कार्यक्रम बताकर मंजूरी लेता है जिससे मेहमान टीम को वीजा प्रक्रिया में परेशानी नहीं आती। यह मंजूरी पत्र दौरे से 30 से 45 दिन पहले मिल जाता है।

बीसीसीआई का दावा है कि उसने मार्च में आवेदन दे दिया था और वह मंजूरी पत्र का इंतजार कर रहा है। खेल मंत्रालय के अधिकारी का कहना है कि उन्हें अभी तक पत्र नहीं मिला है। बीसीसीआई के एक अधिकारी ने कहा, 'खेल मंत्रालय को मंजूरी के लिए आवेदन मार्च में ही दे दिया गया था। अभी तक उनकी ओर से ऐसा विलंब पहले कभी नहीं हुआ। ए श्रृंखला और महिला टीम का दौरा अगस्त के आखिर में शुरू होकर सितंबर की शुरुआत तक चलेगा।'

### अगर हम दूरदर्शी नहीं होते तो हार्दिक और जसप्रीत टेस्ट क्रिकेट नहीं खेल पाते : एमएसके प्रसाद

**नई दिल्ली (भाषा)।** भारत की वर्तमान चयनसमिति पर दूरदर्शी नहीं होने के आरोप लगते रहे हैं लेकिन इस पैनल के अध्यक्ष एमएसके प्रसाद का मानना है कि अगर ऐसा होता तो जसप्रीत बुमराह टेस्ट स्तर पर शानदार प्रदर्शन नहीं कर पाते और हार्दिक पंड्या जैसा खिलाड़ी टी-20 से उभरकर टेस्ट क्रिकेटर नहीं बन पाता। प्रसाद ने पीटीआई को दिये साक्षात्कार में बुमराह और पंड्या की सफलता पर बात की जिन्हें पहले टी-20 विशेषज्ञ माना जाता था।

## तटस्थ रहेंगे, किसी की राय पर गौर नहीं करेंगे : गायकवाड़

**कोच चयन का मामला**



**कोलकाता (भाषा)।** भारतीय टीम के पूर्व कोच और कपिल देव की अगुआई वाली क्रिकेट सलाहकार समिति (सीएसी) के सदस्य अंशुमन गायकवाड़ ने बुधवार को कहा कि वे नये मुख्य कोच को नियुक्त करने में किसी तरह का पक्षपातपूर्ण रवैया नहीं अपनाएंगे। कपिल की अगुआई वाली समिति में शांता रंगास्वामी तीसरी सदस्य हैं। मुख्य कोच और सहयोगी स्टाफ के लिये आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि मंगलवार को समाप्त हो गयी है।

वर्तमान कोच रवि शास्त्री का कार्यकाल विश्व कप 2019 को समाप्त हो गया था लेकिन उनका कार्यकाल 45 दिन तक बढा दिया है। कप्तान विराट कोहली पहले ही उन्हें पद पर बनाये रखने का पक्ष ले चुके हैं। गायकवाड़ ने पीटीआई से कहा, 'कोहली या कोई अन्य क्या कहता है इसका कोई मतलब नहीं है।'

उन्होंने कहा कि समिति ने पिछले साल भी डब्ल्यूवी रमन को भारतीय महिला टीम का कोच नियुक्त करने के लिए किसी से मशविरा नहीं किया था। गायकवाड़ ने कहा, 'अगर आपको महिला टीम के कोच की नियुक्ति याद होगी तो काफी विवाद हुआ था लेकिन हमने किसी से राय नहीं ली थी।' उन्होंने कहा, 'कोहली या शास्त्री जो भी कहें हम बीसीसीआई के अनुसार चलेंगे।'

### पीवी सिंधु विश्व रैंकिंग में पांचवें, सायना आठवें स्थान पर बरकरार

**नई दिल्ली (भाषा)।** भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु और सायना नेहवाल हाल में जारी विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) की नवीनतम रैंकिंग में क्रमशः पांचवें और आठवें स्थान पर बरकरार हैं। महिला एकल में मुग्धा अग्रे छह और रितुपर्णा दास एक स्थान के फायदे से क्रमशः 62वें और 65वें स्थान पर हैं।

पुरुष एकल खिलाड़ियों में किदांबी श्रीकांत और समीर वर्मा मंगलवार को जारी रैंकिंग में क्रमशः 10वीं और 13वीं रैंकिंग पर बरकरार हैं। पिछले हफ्ते जापान ओपन सेमीफाइनल में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी केंटो मोमोटा के खिलाफ शिकस्त झेलने वाले बी साई प्रणीत चार स्थान के फायदे से 20वें नंबर पर पहुंच गए हैं। एचएस प्रणय (31वें), पारूपल्ली कश्यप (35वें), शुभंकर डे (41वें), सौरभ वर्मा (44वें) सभी को पुरुष एकल रैंकिंग में फायदा हुआ है। अन्य भारतीयों पुरुष एकल खिलाड़ियों में अजय जयराम 67वें जबकि लक्ष्य सेन 69वें स्थान पर हैं।

## सायना, श्रीकांत जीते, वर्मा बंधु बाहर

**थाईलैंड ओपन बैडमिंटन**

■ पीवी सिंधु ने प्रतियोगिता से अपना नाम वापस लिया

**बैंकॉक (वार्ता)।** स्टार भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी सायना नेहवाल ने बुधवार को यहां थाईलैंड ओपन के महिला एकल वर्ग के दूसरे दौर में स्थानीय दावेदार फिटायापोर्न चाइवान पर सीधे गेम में जीत दर्ज करते हुए शानदार तरीके से कोर्ट पर वापसी की।

करीब दो महीने बाद कोर्ट पर वापसी कर रही साइना ने अपने शुरुआती दौर के मुकाबले में चाइवान को 21-17, 21-19 से पराजित किया। साइना चोट के कारण इंडोनेशिया ओपन और पिछले सप्ताह जापान ओपन में नहीं खेल पायी थी।

सातवीं वरीयता प्राप्त भारतीय खिलाड़ी अब जापान की सयाका ताकाहाशी से भिड़ेंगी। पुरुष एकल में भी भारतीय खिलाड़ियों के लिए अच्छी खबर रही जिसमें किदाम्बी श्रीकांत, एच एस प्रणय, पारूपल्ली कश्यप, बी साई प्रणीत और शुभंकर डे ने अपने प्रतिद्वंद्वियों को शिकस्त देकर अगले दौर में प्रवेश किया। पांचवें वरीय किदाम्बी श्रीकांत को चीन के क्वालीफायर रेन पेंग बो को हराने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। इस भारतीय ने एक घंटे सात मिनट तक चले मुकाबले में पेंग बो को 21-13, 17-21, 21-19 से मात दी। श्रीकांत का सामना अब दूसरे दौर में थाईलैंड के खोसित फेतप्रदाब से होगा। प्रणय ने हांगकांग के वोंग विंग कि विन्सेंट को 21-16, 22-20 से जबकि कश्यप ने इस्राइल के मिशा जिल्बरमैन को 18-21 21-8 21-14 से पराजित किया। प्रणय और कश्यप को दूसरे दौर में कड़े प्रतिद्वंद्वियों से भिड़ना है। प्रणय जापान के छठे वरीय केंटा निशिमोटो और कश्यप ताइपे के तीसरे वरीय चोऊ टिएन चेन के सामने होंगे।

शुभंकर डे भाग्यशाली रहे, उन्हें शुरुआती दौर के मुकाबले में शीर्ष वरीय और दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी जापान के केंटो मोमोटा से वाकओवर मिला। दूसरे दौर में उनका सामना साइ प्रणीत से होगा जिसने थाईलैंड के केटाफोन वांगचारोन को 17-21, 21-17, 21-15 से मात दी। हालांकि वर्मा बंधुओं का सफर पहले ही दौर में समाप्त हो गया। सौरभ वर्मा ने सातवें वरीय जापान के कांटा सुनेयामा के खिलाफ 64 मिनट तक कड़ी मशक्कत की लेकिन 21-23, 21-19, 5-21 से पराजित हो गये। समीर को मलयेशिया के ली जि जिया ने 21-23, 21-11, 21-5 से हराया।

इससे पहले सात्विसाईराज रंकीरेड्डी और अश्विनी पोनप्पा की भारतीय मिश्रित युगल जोड़ी ने पहले दौर में चान पेंग सून और गोह लियू यिंग की ओलंपिक रजत पदकधारी जोड़ी को शिकस्त दी जो उनके क भारत की गैर वरीयता प्राप्त जोड़ी ने एक घंटे दो मिनट तक चले मुकाबले में मलेशिया के सून और यिंग की पांचवीं वरीय जोड़ी को 21-18, 18-21, 21-17 से पराजित किया।

## मैथ्यूज ने श्रीलंका को 122 रन से दिलाई जीत

**तीसरा वनडे**

■ बांग्लादेश के लिए सिर्फ सौम्य सरकार ही 69 रन बनाकर कुछ संघर्ष कर सके

**कोलंबो (वार्ता)।** एंजेलो मैथ्यूज की 87 रन की शानदार पारी और दासुन शनाका के 27 रन पर तीन विकेट की बदौलत श्रीलंका ने बांग्लादेश को तीसरे और अंतिम वनडे में बुधवार को 122 रन से पराजित कर तीन मैचों की सीरीज 3-0 से जीत ली। बांग्लादेश ने विश्व कप में चौकाने वाला प्रदर्शन किया था लेकिन इस सीरीज में उसने काफी निराश किया। श्रीलंका ने 50 ओवर में आठ विकेट पर 294 रन का मजबूत स्कोर बनाया। मैथ्यूज ने 90 गेंदों पर 87 रन की पारी में आठ चौके और एक छक्का लगाया। कुशल मेंडिस ने 54, कप्तान दिमुथ करुणारत्ने ने 46 और कुशल परेरा ने 42 रन बनाये। बांग्लादेश की तरफ से शफीउल इस्लाम और सौम्य सरकार ने तीन-तीन विकेट लिये। बांग्लादेश की टीम इसके जवाब में 36 ओवर में 172 रन पर सिमट गयी। सौम्य सरकार ने 69 और तेजुल इस्लाम ने नाबाद 39 रन बनाये।

## कप्तानी मिलने से हैरान हुआ : हरमनप्रीत



**बेंगलुरू (भाषा)।** भारतीय ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह ने बुधवार को कहा कि कप्तान बनाये जाने की घोषणा से उन्हें हैरानी हुई लेकिन वह आगामी ओलंपिक टेस्ट टूर्नामेंट में मिलने वाली चुनौती से निटपने के लिये तैयार हैं। नियमित कप्तान मनप्रीत सिंह की अनुपस्थिति में हरमनप्रीत 17 अगस्त से शुरू होने वाली इस टेस्ट प्रतियोगिता में टीम की कमान संभालेंगे जिसमें भारत के अलावा मलेयशिया, न्यूजीलैंड और मेजबान जापान की टीमें शिरकत करेंगी।

हरमनप्रीत 2016 में जूनियर विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थे। उन्होंने कहा, 'जब मुझे बताया गया कि मैं टीम की अगुआई करूंगा तो यह मेरे लिए हैरानी भरा था। यह एक सम्मान और बड़ी जिम्मेदारी है। मैं उत्साहित हूं और इस चुनौती को बखूबी निभाने के लिये तैयार हूं।' वह 2016 रियो ओलंपिक में खेलने वाली भारतीय टीम के सबसे युवा खिलाड़ियों में से एक थे और उन्होंने इस महासमर से कुछ महीने पहले लंदन में हुई एफआईएच चैंपियंस ट्रॉफी में यादगार प्रदर्शन से टीम में स्थान सुनिश्चित किया था। भारत ने 2016 एफआईएच चैंपियंस ट्राफी में ऐतिहासिक रजत पदक जीता था और हरमनप्रीत को 'टूर्नामेंट का उभरता हुआ खिलाड़ी' चुना गया था।

उन्होंने कहा, 'जब मैं पीछे मुड़कर देखता हूं तो मैं खुद को भाग्यशाली समझता हूं कि मैं ऐसे समय में भारतीय टीम में आया जब इसमें दिग्गज खिलाड़ी मौजूद थे जिनसे मैं काफी कुछ सीख सकता था। सरदार सिंह और वी आर रघुनाथ जैसे खिलाड़ियों का मेरे ऊपर सकारात्मक प्रभाव पड़ा और उनके मार्गदर्शन से मुझे अंतरराष्ट्रीय हॉकी के दबाव से उबरने में मदद मिली।'

### डोपिंग के झटके से मजबूत वापसी करेगा पृथ्वी : कोच

**मुंबई (भाषा)।** पृथ्वी साव को क्रिकेट का ककहरा सिखाने वाले कोच संतोष पिनगुटकर ने अपने सबसे लोकप्रिय शिष्य की हौसला-अफजाई करते हुए कहा कि वह एक 'फाइटर' है और डोपिंग के कारण आठ महीने के प्रतिबंध से मजबूत वापसी करेगा।

बीसीसीआई ने डोप परीक्षण में विफल रहने पर मंगलवार को 19 साल के इस सलामी बल्लेबाज को खेल के सभी प्रारूपों से निलंबित कर दिया। बोर्ड ने अपनी विज्ञप्ति में कहा कि पृथ्वी ने गलती से प्रतिबंधित पदार्थ का सेवन किया जो आम तौर पर खांसी की दवाई में पाया जाता है। पृथ्वी के बचपन के कोच संतोष ने इसे झटका करार दिया है। मुंबई से लगभग 60 किमी दूर विरार में पृथ्वी को सबसे पहले क्रिकेट का सबक सिखाने वाले संतोष रहते हैं।

## इंग्लैंड का वर्ल्ड कप के बाद एशेज का लक्ष्य

**पहला टेस्ट आज से**

■ 19 साल से इंग्लैंड में सीरीज नहीं जीत पाई है आस्ट्रेलिया की टीम

**एजबेस्टन (वार्ता)।** इंग्लिश क्रिकेट टीम आईसीसी विश्वकप की सफलता के बाद बृहस्पतिवार से आस्ट्रेलिया के खिलाफ बहुप्रतीक्षित एशेज सीरीज के पहले मुकाबले के लिए एजबस्टन में उतरेगा।

इंग्लैंड ने इतिहास में पहली बार वनडे विश्वकप अपने नाम किया है और इसके बाद अब उसकी अगली परीक्षा एशेज सीरीज है जहां उसके अभियान की शुरुआत एजबस्टन में होगी। दोनों चिर प्रतिद्वंद्वी टीमों के लिए एशेज सीरीज हमेशा से प्रतिष्ठा का विषय रही है और इंग्लैंड की ज़मीन पर दो दशक बाद एशेज जीतकर वह विश्वकप में मिली निराशा को पीछे छोड़ने का प्रयास करेगी। ऑस्ट्रेलिया 19 साल से इंग्लैंड में एशेज सीरीज नहीं जीत सकी है जबकि मेजबान इंग्लैंड के पास विश्वकप के बाद एशेज जीतकर डबल धमाका करने का सुनहरा मौका है। इंग्लिश टीम को एक बार फिर अपनी घरेलू परिस्थितियों का फायदा होगा जिससे विपक्षी टीम को मुश्किल हो सकती है जिसके खिलाड़ी खासकर गेंदबाज यहां की पिचों पर लगातार संघर्ष करते रहे हैं। आस्ट्रेलिया के कुछेक खिलाड़ियों से हालांकि अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी। बल्लेबाज डेविड वार्नर विश्वकप में काफी सफल रहे थे जबकि बेनक्राफ्ट जैसे खिलाड़ियों को यहां काउंटी टीम में खेलने का अनुभव काम आ सकता है। आस्ट्रेलियाई टीम के लिए हालांकि मुश्किल यह रहेगी कि वह एशो में खास तैयारी के बिना उतर रही है जबकि इंग्लैंड ने हाल ही में आयरलैंड के साथ टेस्ट खेला था जिसमें उसने 143 रन से जीत अपने नाम की थी। इंग्लैंड को हालांकि आयरलैंड ने मैच के शुरुआत में काफी चौका दिया था और उसके बल्लेबाजों को 85 रन पर ढेर कर दिया था। लेकिन फिर इंग्लिश टीम ने वापसी करते हुये दूसरी पारी में 303 रन का बड़ा स्कोर बनाया और बड़े अंतर से जीत अपने नाम कर ली।



एजबेस्टन : पहले टेस्ट की पूर्व संध्या पर बुधवार को इंग्लैंड के कप्तान जो रूट और आस्ट्रेलियाई कप्तान टिम पेन एशेज ट्रॉफी के साथ।

## वर्षा से बाधित मैच में बांग्लादेश ने भारत अंडर-19 को हराया

**त्रिकोणीय सीरीज**

**बिलेरीके (वार्ता)।** भारत अंडर-19 टीम को बांग्लादेश अंडर-19 टीम से त्रिकोणीय अंडर-19 टीम से डकवर्थ लुईस नियम के तहत मंगलवार को दो विकेट से हार का सामना करना पड़ा।

वर्षा बाधित इस मुकाबले में ओवरों की संख्या घटाकर 36 कर दी गयी। भारतीय टीम ने पांच विकेट पर 221 रन बनाये। कप्तान ध्रुव जुरेल ने 66 गेंदों पर सात चौकों और दो छक्कों की मदद से 70 रन, प्रगनेश कानपिलेवाल ने 69 गेंदों में पांच चौकों और एक छक्के की मदद से 53 रन और ओपनर कामरान इकवाल ने 49 गेंदों में सात चौकों की मदद से 44 रन बनाये। बांग्लादेश को 32 ओवर में 218 रन का संशोधित लक्ष्य मिला और उसने 31.3 ओवर में आठ विकेट पर 219 रन बनाकर रोमांचक जीत हासिल कर ली। ओपनर परवो हुसैन ने 51 और कप्तान अकबर अली ने नाबाद 49 रन की मैच विजयी पारी खेली। भारत की ओर से सुशांत मिश्रा ने 47 रन पर तीन विकेट, पूर्णांक त्यागी ने 47 रन पर दो विकेट और रवि बिश्नोई ने 25 रन पर दो विकेट लिये। बांग्लादेशकी पांच मैचों में यह तीसरी जीत है और वह सात अंकों के साथ तीन टीमों की तालिका में शीर्ष पर आ गया है। भारत को पांच मैचों में दूसरी हार का सामना करना पड़ा और उसके खाते में पांच अंक हैं।

कभी कभार किसी को साफ विचार तभी आते हैं जब वह किसी प्रश्न का जवाब दे रहा होता है।
- अनुपम खेर @AnupamPKher



इस गलतफहमी में कभी मत रहिएगा की तेज आवाज ज्यादा ताकतवर होती है और धीमी आवाज कमजोर।
- अमिताभ बच्चन@SrBachchan



# देश में खुलें मदर्स मिल्क बैंक

**जन्म के फौरन बाद मां का दूध नहीं मिल पाने के कारण डायरिया, निमोनिया और कुपोषण आदि अनेक कारणों से हर साल हजारों बच्चों की मृत्यु हो जाती है। मां का दूध शिशु के शारीरिक और मानसिक विकास को सही गति देता है। मां का दूध शिशु का प्रथम टीकाकरण भी है**

■ लखनऊ (भाषा)।

नवजात बच्चों के लिए जीवन अमृत माने जाने वाले मां के दूध के अभाव में शिशुओं की मौतों को रोकने के लिए पूरे देश में मदर्स मिल्क बैंक खोलने की मांग की गई है। मदर्स मिल्क बैंक देश में शिशु मृत्यु दर घटाने के लिहाज से बेहद कारगर उपाय हो सकता है और इससे हर साल एक लाख 60 हजार नवजात बच्चों को बचाया जा सकेगा।

देश भर में मदर्स मिल्क बैंक की स्थापना की मांग करने वाले स्तनपान संवर्द्धन समिति के अध्यक्ष डाक्टर आरएन सिंह ने बताया कि यूनिसेफ और विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट के अनुसार मां का दूध न मिल पाने के कारण हिन्दुस्तान में हर साल लगभग एक लाख 60 हजार नवजात जान गंवा देते हैं। इन आंकड़ों से साफ है कि इस सिलसिले को रोकने का एक ही रास्ता है कि वाराणसी की तर्ज पर पूरे देश में जगह-जगह मदर्स मिल्क बैंक स्थापित किए जाएं। गुरुवार एक अगस्त को शुरू हो रहे वर्ल्ड ब्रेस्ट फीडिंग वीक से ऐन पहले उनकी मांग है कि सरकार इस दिशा में ठोस कदम उठाए।

कई बार ऐसी स्थिति पेश आती है कि शिशु को अपनी मां का दूध नहीं मिल पाता। खासकर मां के गंभीर रूप से बीमार हो जाने, दूध उत्पन्न न हो पाने या बच्चे के जन्म के बाद मां की मृत्यु हो जाने पर नवजात बच्चे मां के दूध से महरूम रह जाते हैं। जन्म के फौरन बाद मां का दूध नहीं मिल पाने के कारण डायरिया, निमोनिया और कुपोषण आदि अनेक कारणों से हर साल हजारों बच्चों की मृत्यु हो जाती है। मां का दूध शिशु के शारीरिक और मानसिक विकास को सही गति देता है। मां का दूध शिशु का प्रथम टीकाकरण भी है। मां के दूध पर पोषित होने वाले शिशु बहुत कम बीमार पड़ते हैं।

पूर्वांचल में हर साल सैकड़ों की जान लेने वाले इंसेफेलाइटिस के उन्मूलन की दिशा में काम कर चुके डाक्टर सिंह का सुझाव है कि देश में शिशुओं की सेहत और जिंदगी की सलामती के लिए जमीनी स्तर पर काम करना होगा, लिहाजा हर ब्लाक और जिले स्तर पर मदर्स मिल्क बैंक खोले जाएं। इससे नवजात शिशु मृत्यु दर में उल्लेखनीय कमी आएगी। खासकर उत्तर प्रदेश और बिहार समेत कई प्रदेशों में यह दर काफी अधिक है।

उन्होंने कहा कि शिशु मृत्यु दर किसी भी देश-प्रदेश का सबसे बुनियादी स्वास्थ्य सूचकांक माना जाता है। इसी से देश की स्वास्थ्य व्यवस्था की स्थिति का आकलन किया जाता है। जाहिर है स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी आगे रहने के लिए नवजात मृत्यु दर में उल्लेखनीय कमी लानी होगी।



**मदर्स मिल्क बैंक देश में शिशु मृत्यु दर घटाने के लिहाज से बेहद कारगर उपाय हो सकता है और इससे हर साल एक लाख 60 हजार नवजात बच्चों को बचाया जा सकेगा**

हमसे पहले काम करने वालों को मुंहमांगा ईनाम
खुला चैलेंज तंत्र मंत्र सम्राट
घर बैठे 2 घंटे में समाधान
बाबा उस्मानी
वशीकरण मुठकरनी स्पेशलिस्ट
प्रेमविवाह, सौतन, दुश्मन से छुटकारा पति, पत्नी में अनबन, प्यार में धोखा रूठे को मनाना, कारोबार, तलाक में बाधा, संतान या विदेश यात्रा में रुकावट सभी जगह से निराश फोन करें
7428621244
7428020922

छोटी इंद्री निराश क्यों?
जापानी इन्द्रीवर्धक यंत्र
इस्तेमाल करते ही असर शुरु
इन्द्री को 6 से 7 इंच लम्बा, मोटा, सुडौल बनाकर 30 से 40 मिनट सैक्स टाइम बढ़ायें। नामर्दी, शीघ्रपतन, शुक्राणुहीनता, स्वप्नदोष को जड़ से समाप्त करें। 30 दिनों की दवा के साथ 64 GB मैमोरी कार्ड, कामसूत्र पुस्तिका जोशीला तेल फ्री मंगायें।
07870507853
07520215679

सफेद दाग
मिटाओ अभियान
दाग छोटा हो या बड़ा, नया हो या पुराना हमारे आयुर्वेदिक दवा के प्रयोग से 8-10 घण्टों में दागों का रंग बदलने लगेगा और शीघ्र ही चमड़ी के रंग में मिल जायेगा। निराश हताश रोगी अवश्य आजमायें। एक माह की दवा लेने पर 15 दिनों की दवा मुफ्त। इलाज हेतु फोन करें।
09939739629
09708262525

सिंगापुर, दुबई, कुवैत, कत्तर
में हैल्पर, ड्राईवर, इलैक्ट्रीशियन पलम्बर, वैल्डर, सुपरवाईज़र, मकैनिक, हॉटिललाइन, ऑपरेटर, इन्जीनियर
पैसे सैलरी से कटवाएँ। (अच्छी सैलरी पाएं)
AGENT WELCOME
7707950911

# अनुष्का ने ब्रेक लेने की बताई वजह

■ मुंबई (वार्ता)।

बालीवुड अभिनेत्री अनुष्का शर्मा ने फिल्मों से ब्रेक लेने की वजह बताई है। अनुष्का शर्मा की पिछले वर्ष परी, संजू, सुई धागा और जीरो प्रदर्शित हुई। दिसंबर में जीरो की रिलीज के बाद से अनुष्का शर्मा ने कोई नया प्रोजेक्ट साइन नहीं किया। उन्होंने फिल्मों से ब्रेक लेने के अपने फैसले पर बातचीत की है। अनुष्का ने कहा, जीरो की रिलीज के बाद मैं कुछ महीने आफ लेना चाहती थी। जब से मेरी शादी हुई थी, ये एक बड़ा बदलाव था। मैं सुई धागा के सेट पर वापस लौटी और फिर जीरो की।

अनुष्का ने कहा, मैं बैक टू बैक काम कर रही थी। जो भी समय मिलता मैं उसे बैलेंस करती और विराट से मिलती, मुझे ऐसा एहसास हो रहा था कि मैंने बहुत काम कर लिया है। मुझे दो महीने का ब्रेक चाहिए था।



**दिसंबर में जीरो की रिलीज के बाद से अनुष्का शर्मा ने कोई नया प्रोजेक्ट साइन नहीं किया।**

मैंने अपनी टीम को कहा कि अभी मुझे कुछ नहीं पढ़ना है। बतौर क्रिएटिव पर्सन आपको थोड़ा समय चाहिए होता है। लेकिन प्रेशर की वजह से आप खुद के लिए समय नहीं निकाल पाते। आप से बार- बार पूछा जाता है कि कौन सी फिल्म साइन कर रही हो। अनुष्का जल्द ही डिजिटल दुनिया में भी कदम रखने जा रही हैं।

अनुष्का अपने प्रोडक्शन हाउस क्लीन स्लेट फिल्म्स के बैनर तले माई नाम की वेब सीरीज लेकर आएंगी। इस वेब सीरीज में अनुष्का शर्मा नहीं दिखेंगी। यह सीरीज नेटफिल्क्स पर स्ट्रीम होगी।

# चोटिल होने के बावजूद नित्यामी शिर्के ने परफार्म किया

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

मुंबई(एनएसबी)।।

एक्टर और डांसर, शांतनु माहेश्वरी ने उस समय अपने लाखों प्रशंसकों का दिल तोड़ दिया था, जब उन्होंने स्टारप्लस के कपल डांस रियलिटी शो नच बलिये 9 में मराठी अभिनेत्री नित्यामी शिर्के के साथ अपने रिश्ते का खुलासा किया। उन्होंने अपनी परफार्मेंस से सब पर अपना जादू चला दिया, लेकिन अपनी अगली परफॉर्मेंस की प्रैक्टिस के दौरान नित्यामी घायल हो गईं।

शांतनु बेहतरीन डांसर हैं लेकिन नित्यामी भी उनके कदम से कदम मिलाने में पीछे नहीं रही। अपनी अगली परफार्मेंस की रिहर्सल के दौरान नित्यामी का घुटना मुड़ गया और आगे प्रैक्टिस करने पर उनके घुटनों में सूजन आ गई। इसकी वजह से उन्हें परफार्म करने में मुश्किल आई और उन्हें बैसाखी का सहारा लेकर चलना पड़ा। इन सारी परेशानियों के बावजूद, उन्होंने शांतनु के



साथ व्हीलचेयर पर डांस किया। शांतनु कहते है, पहले एक्ट में नित्यामी को चोट लग गई, लेकिन उन्होंने उसे जारी रखा, ऐसा करते हुए मुझे बुरा लग रहा था, उनकी चोट और भी बिगड़ गई लेकिन मुझे उन पर नाज है कि उन्होंने उदास और दुखी होने के बजाय मुस्कुराहट को चुना।



For Institutional/Bulk orders, please send an e-mail to corporatesales@bajajauto.co.in | *Ex-showroom Price Uttar Pradesh drum variant. *डाउन पेमेंट में प्रोसेसिंग फी शामिल नहीं है. फाइनेंस डीलरशिप पर फाइनेंसर के सम्पूर्ण विवेकानुसार. नियम व शर्तें लागू.
Authorised Dealers For Bajaj Auto Ltd.: Akbarpur: SANTOSH BAJAJ 9889625454 • Banda: BANDA BAJAJ 8423574719 • Etawah: MISHRA BAJAJ 9259738062 • Farrukhabad: STANDARD BAJAJ 9452613004 • Fatehpur: SINGH BAJAJ 9554661236 • Hardoi: BANSAL BAJAJ 9453018534 • Kanpur: Afeem Kothi RNG BAJAJ 9838008844 • Kannauj MISHRA AUTOMOBILES 9721333384 • MacRoberts Ganj SOCIETY BAJAJ 8795840957 • Saket Nagar SOCIETY BAJAJ 8795840958 • Kalyanpur SOCIETY BAJAJ 9044200200 • Karvi AMAR BAJAJ- 6390702300 • Orai: SHYAM BAJAJ 9648581320 • Unnao: CHATURBHUJ BAJAJ 7408427772, MAHOBA: LAXMI BAJAJ 9721171100. Authorised Service Centres: KAIMGANJ 8795500180 • BELATAL9450172215 • PANWARI 9198924900 • HAMIRPUR 9918809283• JHINJHAK 8545863023 • MAUDAHA 9415432629 • MOOSANAGAR 9621826090 • RANIYA 9956758681 • RATH 7007485965• RURA 8933053333• SANDALPUR 9838130364 • SIKANDRA 9919251970• SUMERPUR 9473672487 • KHINJHRI 9648644446 • TISTI 9984707311 • MUGISHAPUR 8574788918 • SHAHJAHANPUR 9795199594 • ATARRA 9450226082 • BABERU 7398520035 • KARWI 9415172542 • AJEETMAL 8057410114• AURAIYA 9412155900 • BAKEWAR 9761152549 • BHARTHANA 9720385999 • BIDHUNA 9457677666 • CHAKARNAGAR 8475047881 • DIBIYAPUR 9319043212 • MURADGANJ 7895361130 • PHAPHOOND 9759868345 • SAHAR 9044442208 • CHIBRAMAU 9415472982 • GURSAHAYGANJ 9838150165 • INDARGARH 9450693182 • MOHAMMDABAD 9935060633 • NAWABGANJ 9935882426 • THATHIYA 9616408452 • TIRWA 9415512029 • BINDKI 9473550135 • JAHANABAD 9839167092 • KHAGA 9838211500 • GOUSGANJ 7379474242 • HARPALPUR 7398170999 • MADHOGANJ 9415777695• MALLAWAN 9415779026 • PALI 9450417789 • PIHANI 9236520000 • SAHABAD 8299191260• SANDI 6392223529• SANDILA 8787242754 • SAWAIJPUR 9452416888 • SADH 7054119816• ARAUL 9839847314 • BITHOOR 7786068767 • BILHAUR 9935175232 • MANDHANA 9792433404 • SHIVRAJPUR 9839847314 • UTTRIPURA 9335685182• MAHARAJPUR 9695288381 • JALAUN 9044980643 • KONCH 9415923823 • KUTHOND 9450290205 • ACHALGANJ 9838002060 • AURAAS 9450768360 • BANGARMAU 9458582582 • BANGARMAU 9140191581 • BHAGWANTNAGAR 9450679194 • FATEHPUR CHAURASI 9956701139 • KALUKHERA 9415513394 • MAURAWAN 9415939206 • MIYAGANJ 7398976194 • NAWABGANJ 9935460690 • PURWA 7408803736 • SAFIPUR 8874139333 • SHUKLAGANJ 9838240839 • TAKIYA CHAURAHA 9956445355 • AJGAIN 7355169818 • PARIYAR 9696323654.